

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो०: 9891706853

दैनिक

# समाज जागरण

TITLE CODE :UPHIN49919

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 1 अंक: 065 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) रविवार 18 दिसम्बर 2022 http://samajjagran.in पेज:12 मूल्य 05 रुपया


## काकोरी के शहीदों की याद में जंगे आजादी की गाथा, गोरखपुर में होगा देश का सबसे बड़ा ड्रोन शो

गोरखपुर. इतिहास के पन्नों पर स्वर्णाक्षरों में दर्ज काकोरी ट्रेन एक्शन के बलिदानियों की याद में देश का सबसे बड़ा ड्रोन शो गोरखपुर में होने जा रहा है. 750 ड्रोन की रंग-बिरंगी आभा में जंगे आजादी की गाथा जीवंत होगी. आजादी के अमृत वर्ष के कार्यक्रमों की कड़ी में यह आयोजन 19 दिसंबर की शाम पांच बजे रामगढ़ताल के सामने स्थित महंत दिग्विजयनाथ स्मृति पार्क में होगा. इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ केंद्रीय संस्कृति एवं विदेश राज्यमंत्री मीनाक्षी लेखी और प्रदेश सरकार के पर्यटन व संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह भी मौजूद रहेंगे.

काकोरी ट्रेन एक्शन के नायकों की याद में प्रदेश सरकार 15 से 19 दिसंबर तक काकोरी बलिदान दिवस समारोह मना रही है. 19 दिसंबर को ही अमर सेनानी पंडित राम प्रसाद बिस्मिल का बलिदान दिवस है. 1927 में इसी तिथि को उन्होंने गोरखपुर जेल में हंसते-हंसते फांसी के फंदे को चूमा था. 750 ड्रोन से होने वाले शो में उनकी शौर्य गाथा स्मरित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी जाएगी. ड्रोन शो में गुरु गोरक्षनाथ की तपोभूमि पर प्रथम स्वातंत्र्य समर 1857 से लेकर आजादी की तारीख 15 अगस्त 1947 तक के विभिन्न घटनाक्रमों तथा इससे जुड़े क्रांतिवीरों का चित्रमय वर्णन किया जाएगा.



इसमें आकाश में एक साथ 750 ड्रोन के माध्यम से संगीत, लेजर लाइट तथा रंग बिरंगी कलाबाजियों को प्रस्तुत किया जाएगा. अमर शहीद बंधू सिंह, पंडित राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्लाह खान, ठाकुर रोशन सिंह, चौरीचौरा प्रतिशोध के शताब्दी वर्ष समेत देश को स्वतंत्र कराने में बलिदान देने वाले भारत मां के सपूतों की गाथा से पूरा आसमान रोशन हो उठेगा. गोरखपुर में होने वाला ड्रोन शो देश का अब तक का सबसे बड़ा शो होगा. इसके पहले 20 दिसंबर 2021 को लखनऊ के रेजीडेंसी में 500 ड्रोन के शो से अमर बलिदानियों की शौर्य गाथा का प्रदर्शन किया गया था. आजादी के अमृत वर्ष के आयोजनों की श्रृंखला में गोरखपुर में नया इतिहास रचने की तैयारी है.

-अध्यक्ष रहे हर्ष श्रीवास्तव ने अध्यक्ष बने मो. ताहिर के गले में पहनाया बेल्ट

## भव्यता से संपन्न हुआ रोटरी क्लब बलिया का 57वां शपथ ग्रहण समारोह

**-क्लब के सभी सदस्यों और मीडियाकर्मियों को को भी किया गया सम्मानित**

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ**

समाज जागरण, बलिया : भारत ही नहीं पूरी दुनिया में सेवा के क्षेत्र प्रसिद्ध रोटरी क्लब बलिया का 57वां शपथ ग्रहण समारोह शुक्रवार की रात नगर के एक प्रसिद्ध होटल में पूरी भव्यता के साथ आयोजित हुआ। मो. ताहिर ने अध्यक्ष और डा. मुकेश वर्मा ने सचिव पद का ताज ग्रहण किया। आयोजन में रोटरी क्लब के सभी सदस्यों और मीडियाकर्मियों को भी सम्मानित किया गया।

57वें शपथ ग्रहण समारोह होटल आमुख्य अतिथि रोटरी क्लब 31-20 के मंडलाअध्यक्ष चुने गए लखनऊ से रोटेरियन सुनील बंसल रहे। शपथ ग्रहण समारोह में सत्र 2021-22 में संस्था द्वारा किए गए कार्य को विस्तार से रखा गया। अध्यक्ष रहे हर्ष श्रीवास्तव ने अपने गले से अध्यक्ष का बेल्ट उतारकर मो. ताहिर के गले में डाला। अध्यक्ष मोहम्मद ताहिर अपनी टीम और भविष्य में समाज सेवा के कार्यों को करने के लिए अपने संकल्प को बताया। कार्यक्रम का संचालन रोटी ने डा. जी प्रसाद ने किया। कार्यक्रम का संचालन



डॉक्टर जी प्रसाद ने किया रोटरी क्लब लिया और रोटरी के बारे बारे में वरिष्ठ रोटेरियन शैलेंद्र स्वरूप श्रीवास्तव ने विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में लखनऊ से पधारे मंडल अध्यक्ष सुनील बंसल ने बलिया के द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की एवं निकट भविष्य में रोटरी मंडल द्वारा रोटी क्लब बलिया को सहयोग करने की सहमति प्रदान की। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से सचिव डॉ मुकेश वर्मा, इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष भाजपा नेता सरिता देवी, अजीत सिंह गोलू, अमिताभ शंकर श्रीवास्तव, विनोद सिंह, सुनील सिंह, अजीत कुमार, रोहित पांडेय, राजेश जायसवाल आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन राजीव कुमार पप्पू ने किया।




## माय बर्थ माय अर्थ के तहत शुभम नें किया 15 पौधारोपण

### *ई होम्स पनोरमा में खुशी का माहौल,लोगों नें कहा आयुष्मान व यशस्वी भव:शुभम*

पूर्णियां । पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिये पूर्णियां के हस्ती व रियल एस्टेट के क्षेत्र में बिहार के टॉपर पनोरमा ग्रुप के एमडी संजीव मिश्रा के सुपुत्र चिरंजीवी शुभम का बर्थडे धूम धाम से से मनाया गया ।इस मौके पर पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिये माय "बर्थ माय अर्थ" श्लोगन को ध्यान में रख शुभम नें अपने हाथों ई होम्स पनोरमा ग्राउंड में 15 पौधारोपण किया बाद में समारोह स्थल पर केक काटा ।बड़े उम्र के लोगों नें पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक बड़े भैया संजीव मिश्रा जी के पुत्र हम सबों के लाडले शुभम को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए ईश्वर आपको स्वस्थ, प्रसन्न एवं सुदीर्घ जीवन प्रदान करें की कामना किया ।शुभम कीमाता कविता मिश्रा व डैडी संजीव मिश्रा नें कहा कि आज मेरा पुत्र शुभम का जन्मदिन है 15 साल पूर्व आज के ही दिन ईश्वर ने पिता बनने का सौभाग्य दिया था उन्हौनें शुभम को आशीष देते हुए कहा कि तुम हमेशा खुश रहो, तुम्हारी कामनाएं हमेशा पूर्ण हो आयुष्मान भवः ।



## छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कार्यकाल के 4 साल पूरा होने पर ग्राम पंचायत टिकारी सेवा सहकारी समिति प्रांगण में गौरव दिवस मनाया गया....

**समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख**

मस्तुरी। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य स-रकार के 4 साल का कार्यकाल पूरा होने पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मस्तुरी के तत्वावधान में ग्राम पंचायत टिकारी के सेवा सहकारी समिति के प्रांगण में क्षेत्रीय किसानों मजदूर भाईयों के सम्मान करते हुए स्थानीय निवासियों को राज्य सरकार द्वारा विगत चार साल में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत हासिल की गई उपलबिधयों की जानकारी दिया गया।

### इसी तरह मस्तुरी ब्लॉक में अनेक गांव पर गौरव दिवस मनाया गया।

कार्यक्रम का संचालन व आभारब्लॉक उपाध्यक्ष उदय भार्गव द्वारा व कार्यक्रम में सहयोग ब्लॉक मीडिया प्रभारी गणेशदत्त राजू तिवारी ने किया।

इस गौरव दिवस कार्यक्रम में मस्तुरी विधानसभा के पूर्व विधायक दिलीप लहरिया, प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष डाक्टर प्रेमचंद जायसी, अ.ज.प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार अंचल,जिला पंचायत सभापति कृषि उपज मंडी अध्यक्ष राजमहंत राजेश्वर भार्गव, जिला कांग्रेस युवा नेता अशोक राजवाल,जिला कांग्रेस कमेटी महिला उपाध्यक्ष सुकृता खुटे, जिला किसान उपाध्यक्ष परसराम चंद्राकर,ब्लॉक उपाध्यक्ष उदय भार्गव, जोन अध्यक्ष अमृत राठौर,शाखा प्रबंधक जनराम भार्गव, पूर्व समिति अध्यक्ष कुशवाराम जांगड़े,अन्नू करियारे,विशंभर बादल खुटे,परमेश्वर कुर्रे, राजू सोनी,सुभाष टंडन, विक्रम तिवारी, शोभा राम साहू,मोतीलाल टंडन, बरातू यादव,कृष्ण लाल साहू, सहित स्थानीय कांग्रेसी कार्यकर्ता,पदाधिकारी, व किसान भाई उपस्थित रहे।



## प्रधानमंत्री मोदी पर अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में भाजपा कार्यकताओं ने किया प्रदर्शन

**कृष्ण कुमार पांडेय, समाज जागरण**

बांसडीह (बलिया) : पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो द्वारा भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर व्यक्तिगत और अमर्यादित टिप्पणी करने से आक्रोशित भाजपा कार्यकताओं ने शनिवार को प्रदर्शन किया।

बांसडीह में भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रतुल कुमार ओझा के नेतृत्व में गदहा पर बिलावल भुट्टो के नाम का पोस्टर लगाकर उसे घुमाया गया। भाजपा जनों ने पाकिस्तान के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। भाजपा कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अमर्यादित टिप्पणी पर बेहद आक्रोशित थे और गदहा को पकड़कर उस पर पाकिस्तान के विदेश मंत्री के नाम का पोस्टर लगाया और उसको घुमाकर अपना विरोध जताया। भाजपा मण्डल के अध्यक्ष प्रतुल कुमार ओझा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विश्व मे बढ़ते लोकप्रियता से पाकिस्तान बौखलाया हुआ है और वह अब सीधे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर व्यक्तिगत टिप्पणी करने पर उतर आया है। कई बार भारत के द्वारा पराजित होने के बाद भी वह अपनी हरकत को नही छोड़ रहा है। कहा कि जिस दिन भारत ने मन से निर्णय ले लिया उस दिन पाकिस्तान के नाम का वजूद मिट जायेगा। आयोजित प्रदर्शन में भाजपा एसटी मोर्चा जिलाध्यक्ष मुनजी गोड़, राजेश प्रजापति, अमित यादव, सुंदर गुप्ता, आकाश कुमार, अखिलेश तिवारी, राज शर्मा, विकास प्रसाद, राज शर्मा सहित आदि कार्यकर्ता शामिल रहे।



## दुर्गा मंदिर बरवाला में पांच दिवसीय संगीतमय आध्यात्मिक सत्संग का समापन

### *गुरु जी तेरा पल्ला रूप तेरा रंग वरगा पर झूम उठे श्रद्धालुगण*

हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा) : अखिल भारतीय सेवा संघ बरवाला और दुर्गा सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में दुर्गा मंदिर बरवाला में आयोजित पांच दिवसीय संगीतमय आध्यात्मिक सत्संग का समापन हुओ इस पांच दिवसीय सत्संग में मुख्य अतिथि के रुप में पूर्व विधायक वेद नारंग, पूर्व चेयरमैन रणधीर सिंह धीरू, चेयरमैन रमेश बैटरीवाला, वाइस चेयरमैन ताराचंद नलवा, प्रधान मदन गिरधर, युवा प्रदेश अध्यक्ष मुनीश गोयल, पवन शर्मा व भाजपा नेता रणधीर पनिहार ने शिरकत की मंच संचालन पूर्व पार्षद प्रतिनिधि विक्की रहेजा ने कियो इस सत्संग में श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर संत शिरोमणि बाल योगिनी साध्वी करुणागिरी महाराज ने उपस्थित श्रद्धालुओं के समक्ष प्रवचन करते हुए कहा कि जिंदगी में कुछ बनना होता है तो बाल्यकाल में ही उसका रंग ढंग अलग होता है सुलझा हुआ व्यक्ति ही बता देता है कि वो जीवन में आगे कुछ बनेगो साध्वी करुणागिरी महाराज द्वारा गाए गए भजन गुरु जी तेरा पल्ला रूप तेरा रंग वरगा पर उपस्थित श्रद्धालुगण झूम उठे इन मुख्य अतिथियों ने साध्वी करुणा गिरी महाराज से आशीर्वाद ग्रहण किया और इन मुख्य अतिथियों को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गयो इस दौरान भंडारा चलाया गयो भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कियो इस अवसर पर प्रधान विक्की रहेजा, पूर्व पार्षद कविता रहेजा, प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेंद्र सेतिया, संरक्षक केवल कृष्ण आर्य, प्रधान ओमप्रकाश रहेजा, ओ.पी. वधवा, डॉक्टर सुंदर चावला, ओमप्रकाश सेतिया, मास्टर मनोहर लाल रहेजा, धर्मबीर बजाज, दीवान सरदाना, प्रेम प्रकाश, हरीश कथूरिया, महेश, प्रधान गोबिंद नारंग व सौरभ चुघ समेत सैकड़ों की तादाद में श्रद्धालुगण मौजूद रहे



## "इंद्रधनुष" अंतरविद्यालय कला प्रतियोगिता का सफल आयोजन

**दैनिक समाज जागरण**

नोएडा लोकमंच सांस्कृतिक प्रकल्प और नोएडा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वधान में "इंद्रधनुष" अंतर-विद्यालय कला प्रतियोगिता का आयोजन चिल्ड्रन पार्क सेक्टर-33 में सुबह 10 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक किया गया है। इस प्रतियोगिता जिले के 80 स्कूलो के 1500 बच्चों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा को कैनवास पर उतारा और उनकी कला को सिद्धहस्त कलाकारों ने परखने के बाद तीन श्रेणियों आयोजित प्रतियोगिता के विजेताओ के नामों की घोषणा की. हर श्रेणी में 17 बच्चों संत्वाना पुरस्कार और भाग लेने वाले सभी बच्चो को सर्टिफिकेट दिया गया.

गुलाबी ठंड और मखमली धूप के बीच नोएडा के सेक्टर 33 स्थित चिल्ड्रन पार्क में बच्चों का जमावड़ा सुबह से ही लगना शुरू हो गया था. अवसर था इंद्रधनुष अंतर विद्यालय कला प्रतियोगिता का आयोजन. तीन विभिन्न श्रेणियों में आयोजित इस प्रतियोगिता में बच्चों को अलग-अलग विषय दिए गए थे, जिन पर उन्हें चित्र बनाना था. प्रतियोगिता का उद्घाटन पूर्व सेक्रेट्री जनरल राज्य सभा योगेंद्रनारायण सिंह ने किया. इस अवसर पर पूर्व आईएएस और नोएडा अथॉरिटी की पूर्व सीईओ देवदत्त, नोएडा अथॉरिटी के एसीईओ मानवेंद्र सिंह और नोएडा अथॉरिटी के उप निदेशक उद्यान आनंद मोहन भी उपस्थित थे.

इस अवसर पर अपने सम्बोधन में नोएडा लोक मंच के महासचिव महेश सक्सेना ने कहा कि जो बच्चे प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे वे हमारे देश की आर्थिक रूप से कमजोर पारिवारिक पृष्ठभूमि से संबंधित हैं लेकिन निश्चित रूप से प्रतिभा के मामले में वे किसी से पीछे नहीं हैं. इस अवसर पर एसीईओ मानवेंद्र सिंह ने कहा कि यह भी देखा गया है कि आजकल बच्चे घर से बाहर निकलते नहीं है. आज के इस खुशनुमा माहौल में इतने सारे बच्चों को देखकर कहा जा सकता है कि यह अच्छी पहल है. पूर्व आईएएस और नोएडा अथॉरिटी की पूर्व सीईओ देवदत्त ने कहा कि कोविड-19 मुझे यह पहला आयोजन देखने को मिल रहा है, बच्चे जिसमें बच्चे इतने हंसी खुशी से ऐसी ऐसे सुंदर पार्क में प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं, जिसको देखकर मन प्रफुल्लित हो रहा है. राज्यसभा के पूर्व महासचिव योगेंद्र नारायण ने कहा बच्चों में जो निकल कर आए हैं उनकी प्रतिभा आगे लाने का अवसर इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में मिलता है.



बच्चों प्रतिभा को सिद्धहस्त कलाकारों आसिफ, लाल बहादुर रत्नाकर, हर्ष लुंबा, लाल बहादुर सिंह, लेफ्टिनेंट कर्नल करणजीत सिंह, प्रतिभा अग्रवाल, प्रीति बजाज, रूप बाथम, कर्नल हजारिका ने परखने के बाद विजेताओ के नामों की घोषणा की. प्रथम ग्रुप में दूसरी कक्षा के छात्र रौनक सिंह को प्रथम, फैजान को द्वितीय और रूप कुमारी को तीसरा स्थान मिला. दूसरे ग्रुप में शगुन गुप्ता को प्रथम, प्रतीक प्रसाद को द्वितीय और अंशिका शुक्ला को तीसरा स्थान मिला. तीसरे ग्रुप में वसुंधरा भारद्वाज प्रथम, वैष्णवी द्वितीय और शिवम तीसरे स्थान पर रहे. इस-के अलावा 17 बच्चों को संत्वाना पुरस्कार दिया गया और प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रत्येक बच्चे को सर्टिफिकेट प्रदान किया गया.

इंद्रधनुष अंतर विद्यालय कला प्रतियोगिता के समापन के अवसर पर विजेता बच्चों को आईएएस और गौतम बुध नगर के पूर्व डीएम एमपी सिंह, आईएएस मेंबर डॉ प्रभात कुमार और नोएडा अथॉरिटी के ओएसडी इंदु प्रकाश ने विजेता बच्चों को पुरस्कार बांटे. इंद्रधनुष अंतर विद्यालय कला प्रतियोगिता के सफल बनाने में महेश सक्सेना, राजेश्वरी नटराजन, इंदिरा चौधरी, आर एन श्रीवास्तव और मुकुल वाजपेयी, विभा बंसल,मनीषा, गौरव,आदि अनेक अध्यापकों ने सहयोग किया.

## सिविल बार एसोसिएशन के सुधाकर राय अध्यक्ष, रतन जी महासचिव

**बिकास राय ब्यूरो चीफ**
**दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर। सिविल बार एसोसिएशन के प्रतिष्ठा परक चुनाव में अध्यक्ष सुधाकर राय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बृजकिशोर यादव, महासचिव रतन जी श्रीवास्तव,कनिष्ठ उपाध्यक्ष चंद्र मोहन सिंह, कनिष्ठ उपाध्यक्ष द्वितीय दीपक कुमार पांडेय चुने गए। शनिवार को हुए मतदान और मतगणना के बाद चुनाव अधिकारी सत्येंद्र श्रीवास्तव ने परिणामों की घोषणा की।

लगभग एक माह से चल रहे गहमागहमी और चुनावी अभियान के बाद जनपद के सबसे बड़े ,प्रतिष्ठित और नेतृत्वकर्ता बार एसोसिएशन के चुनाव परिणाम आए ।काफी सख्ती के साथ कराए गए चुनाव में 885 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।अध्यक्ष पद पर सुधाकर राय ने 331 मत प्राप्त कर अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी बार के पूर्व अध्यक्ष रहे विरेन्द्र कुमार पांडेय को 82 मतों के अंतर से पराजित कर दिया।इस पद के उम्मीदवार गोपाल जी श्रीवास्तव 224 मत प्राप्त कर तीसरे तथा राजकुमार जायसवाल 79 मत प्राप्त कर अंतिम स्थान पर रहे।

वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर एकतरफा मुकाबले में बृजकिशोर यादव ने अपने प्रतिद्वंद्वी विनोद कुमार गुप्ता को 396मतों से पराजित कर दिया।महासचिव पद पर विजेता रतन जी श्रीवास्तव ने 382 मत प्राप्त किए,जबकि उनके निकटतम रहे रामयश सिंह यादव को 323मत प्राप्त हुए।मुन्ना लाल को 180 मतों से संतोष करना पड़ा।



कनिष्ठ उपाध्यक्ष प्रथम चुने गए चंद्र मोहन सिंह ने सुभाष चन्द्र जोशी को89 तथा कनिष्ठ उपाध्यक्ष द्वितीय चुने गए दीपक कुमार पांडेय ने अपने प्रतिद्वंद्वी अजय सिन्हा को153मतों के अंतर से हराया।

अध्यक्ष पद पर सुधाकर राय की जीत में उनकी अपनी छवि के साथ बार के पूर्व अध्यक्ष बाबू गंगा सिंह, सीबी राय,राजेंद्र नाथ,विजय शंकर पांडेय, पूर्व महासचिव सत्य प्रकाश यादव, अजयवीर यादव,आनंद शंकर कुशवाहा और नवीन कुमार राय की महत्वपूर्ण भूमिका और रणनीति रही।जबकि वरिष्ठ अधिवक्ता स्वयं प्रकाश राय के चुनावी अभियान ने विजय श्री का वरण कराया। इन रणनीतिकारों के आगे विपक्षी खेमों के चुनावी चक्रव्यूह ध्वस्त हो गए।महासचिव पद पर रतन जी श्रीवास्तव की सक्रियता, विनम्रता तथा मुन्ना लाल के मत विभाजन ने रामयश सिंह यादव को हार की तरफ धकेल दिया।

## तानसेन समारोह 2022

# संगीत का नशा और तानसेन समारोह

बात 1972 की है।मै बामुश्किल किशोर वय में प्रवेश कर रहा था। पहला मौका था जब पिता की निगेहबानी से दूर किसी शहर में मुझे रहने का मौका मिला था। गांव से पहली बार किसी शहर में मां और भाई -बहन के साथ शहर में रहना था।शहर भी ऐसा जिसका अपना मिजाज था,शोहरत थी, पहचान थी।शहर का नाम था ग्वालियर।

मै ग्वालियर जून में पहुंचा था,शहर को जानने का नशा ऐसा कि पैदल और साइकिल से तमाम गली -कूचे नाप लिए। ग्वालियर का किला देख लिया, तानसेन का मकबरा और रानी लक्ष्मीबाई की समाधि देख ली थी। ग्वालियर की नुमाइश बचपन मे देखने का मौका पहले ही मिल गया था।रह गया था सिर्फ तानसेन समारोह। दिसंबर में पता चला कि उपनगर हजीरा में ये समारोह होता है।

उन दिनों न अखबार बहुत थे और न टीवी,न होर्डिंग।न सिटी बसें।ले देकर तांगे और टेंपो थे। मां समारोह में जाने की इजाजत किसी कीमत पर न देती।सो पड़ोसी समोखन लाल शर्मा का हाथ पकड़ लिया।वे संगीत और सुरा दोनों के प्रेमी थे। मीलों पैदल चल सकते थे।जेसी मिल के लेखा विभाग में थे शायद। शर्मा जी के साथ तानसेन समारोह में पहुंचा तो देखा तानसेन की समाधि के चबूतरे पर फर्श बिछा था, सामने एक छोटे से तंबू में श्रोताओं के बैठने की व्यवस्था थी।हल्की -फुल्की प्रकाश व्यवस्था थी।

समारोह शुरू हुआ। किसने, क्या गाया, बजाया याद नहीं।याद सिर्फ इतना है कि समोखन लाल जी मुझे छोड़कर कलारी (मयखाना) गए तो वापस ही नहीं लौटे।मै सर्दी में ठिठुरता हुआ उनका इंतजार करता रहा।रात के आखरी पहर में समारोह की सभा भी समाप्त हो गई।रात को अकेले घर आ नहीं सकता था सो वहीं बिछात ओढ़कर सो गया। सुबह हुई तो पैदल घर लौटा, मां ने जमकर पीटा,तब समोखन लाल शर्मा ने ही बचाया।

तब से अब तक पचास साल हो गए।एक साल भी ऐसा नहीं गया कि समारोह में न गया होऊं।बाद में शहर में सिटी बसें चलने लगी। समारोह की आखरी सभा के लिए वापसी हेतु बस निशुल्क मिलती थी।चिल्ला जाड़े में श्रोताओं के लिए फर्श के नीचे धान की घास बिछाई जाती थी।बाहर अलाव भी जलता था।समारोह स्थल के बाहर चाट -पकौड़ी के ठेले खड़े मिल जाते थे।बाद में पडौस में रहने वाले पद्मविभूषण पंडित कृष्ण राव पंडित जी से मुलाकात हो गई।सो कभी उनके तांगे पर लटककर तानसेन समारोह में पहुंच ही जाता था।

बाद के वर्षों में समारोह स्थल के पास रहने वाले अपने रिश्तेदारों के यहां रात का डेरा होने लगा क्योंकि तब सभाएं रात के तीन -चार बजे तक चलती थीं।1879 में पत्रकारिता में प्रवेश किया तो समारोह में शामिल होना आसान हो गया।अब आयोजन मप्र के जनसंपर्क विभाग के अधीन था। संगीत प्रेमी भाऊ साहब खिड़वड़कर सर्वे सर्वा थे। बड़े से बड़े संगीतज्ञ से उनका सीधा रिश्ता था उनका। संगीतकार होटल के बजाय किसी स्थानीय संगीतकार या किसी संगीत प्रेमी के घर ठहराए जाते थे।1983 मे जनसत्ता से जुड़ा तो समारोह से रिश्ता और गहरा हो गया क्योंकि जनसत्ता तानसेन समारोह को आधा पृष्ठ तक छापता था।मै अक्सर जनसंपर्क विभाग के उप संचालक श्री भरत चंद नायक को मनाकर समारोह के उद्घाटन सत्र की व्हीसीआर कैसेट रात एक बजे जीटी एक्सप्रेस से जाकर टेलीविजन के दफ्तर पहुंचाता और जनसत्ता में फोटो तथा खबर देता। रविवार, दिनमान जैसी पत्रिकाओं में भी समारोह की मेरी रपटें खूब छपीं।

यही वो दौर था जब सरकार ने समारोह पर ज्यादा ध्यान देना शुरू कर दिया। इससे पहले सरकार पांच हजार रुपए का तानसेन सम्मान देना शुरू कर दिया। तत्कालीन रेल मंत्री माधवराव सिंधिया से अनुरोध कर मप्र सरकार से सम्मान की राशि 50हजार रूपए कराने में सफलता पाई। कालांतर में समारोह जनसंपर्क के बाद संस्कृति विभाग को चला गया। लेकिन मेरा समारोह से एक श्रोता का रिश्ता बना रहा। तानसेन समारोह में ही मुझे पंडित रविशंकर, पंडित भीमसेन जोशी, उस्ताद बिस्मिल्लाह खान, गंगू बाई हंगल,ध्रुपद के सभी शीर्ष गायक, पंडित जसराज, कुमार गंधर्व और न जाने कितने महान कलाकार यहां मिले।

तानसेन समारोह की एक सभा बाद में तानसेन के गांव बेहट में होने लगी। यहां का भी मै नियमित श्रोता,और कयी बार अतिथि भी रहा। मैंने अपने मिलने वालों और परिजनों को भी इस समारोह से जोड़ा। तानसेन की समाधि पर हरिकथा,मीलाद शरीफ में मै न जाऊं ऐसा कभी भी नहीं हुआ।

भाजपा शासन में एक बार तानसेन समारोह का स्थान बदलने की कोशिश की गई,मै अपने मित्रों के साथ धरने पर बैठ गया,तब जाकर सरकार को फैसला बदलना पड़ा। बीते पचास साल में तानसेन समारोह में चार नहीं चालीस चांद लगाए गए हैं।बजट कुछ हजार से अब पचास लाख रुपए तक बढ़ा दिया गया है, लेकिन समारोह की गरिमा पहले जैसी नहीं रही।अब समारोह राजनीति का शिकार है। बावजूद इसके मुझे इस समारोह पर नाज है और मैं मरते दम तक इसका चश्मदीद रहना चाहता हूं।

**@राकेश अचल**

## बैठकी

# " हाय रे! बिहार की शराबबंदी!"

कॉलबेल की आवाज पर दरवाजा खोला तो मेरे बैठकी के सहभागी खड़े थे! मैं एक ओर हट गया और बारी, बारी हम बैठकखाने में....!

सोफे पर बैठते हीं कुवरजी बोल पड़े ---
"ए सरजी, आज भरे बाजार में अजीब बखेड़ा दिखा! "
वो क्या! --- मास्टर साहब
जानते हैं! लगन का समय है नाच पार्टियों में रोजीरोटी के लिए हर साल,लगभग 50 नर्तकियां, मध्यप्रदेश से इधर आतीं हैं! इनमें से कुछ यहीं स्थानीय नौजवानों से विवाह कर लेतीं हैं! ऐसे हीं एक नाच पार्टी का मालिक रमेश यादव है जो एक साल पहले एक नर्तकी से विवाह किया था! दोनों बीच बजार में फैटा, फाइटी करने लगे! युवती अपने गोद में, दो महिने का एक बच्चा ली थी !लोगों ने छुड़ाया तो पता चला कि दोनों शराब पीये है! नशे में युवती कह रही थी कि अभी तक 1 लाख पन्द्रह हजार, कमा के इस भेड़ुवे को दे चूकी हूँ! आज 1400 रुपये का शराब मैं हीं खरीदी थी! आज एक साल से इसके साथ हूँ और ये कहता है कि ये बच्चा इसका नहीं है!!
खैर, मामला शांत हुआ!

मैं सोंचने लगा कि शराबबंदी को लेकर बर्षों से बिहार सरकार अपनी पीठ थपथपा रही थी लेकिन स्थिति बड़ी नाजुक है!
--- -कुंवरजी चुप हुए!

लिजिये, आज चार दिनों से टीवी पर ब्रेकिंग न्यूज चल रहा है कि अपने राज्य- बिहार में छपरा, सिवान, और बेगुसराय में 80 आदमी जहरीली शराब पीने से मर गये! अभी और कितनी जान जायेगी इसका कोई ठिकाना नहीं!
--- सुरेन्द्र भाई अफसोस जाहिर करते हुए!

बिहार में शराबबंदी जबसे हुआ है तब से गाँव, शहर में रोजगार का नया धंधा खुल गया है! एक दिन सुरेशवा कह रहा था जो डबलुआ के साथ रहता है कि "ए मास्टर साहब, जानते हैं पुलिस, थाना, नेता सबका चांदी है!"
तो हम पुछे कि कैसे!! तो बताया कि डबलुआ अपना बलेरो में, दारू का पेटी भरके उत्तर प्रदेश के बलिया से पुल से इस पार लेके चला आता है और सप्लाई करता है! पहले नांव से गंगा नदी पार करके पेटी लाता था! तो एक बार पकड़ा गया! लेकिन पुलिस से समझौता हो गया! एक पेटी, पुलिस वाला सब अपने पीने के लिए रख लिया और ले देके छोड़ दिया फिर तो उ बलेरो से दारू का तस्करी करने लगा है! ---मास्टर साहब राज की बात बोले!

इस बीच भतिजा, चाय का ट्रे रख गया और हमलोग एक एक कप उठा लिये!

लिजिये, ये कौन सी बड़ी बात हुई! यहाँ बिहार में आये दिन दस, दस, बीस, बीस लाख की ट्रकों तस्करी के शराब पकड़े जाते रहे हैं! जो भरपूर माल दिया तो पार हो गया नहीं तो खानापूर्ति करने के लिए गाहे बेगाहे पकड़ लिये!2016 से शराबबंदी लागू हुई है और तब से सैकड़ों लोगों की जहरीली शराब पीने से मौतें हो चूकीं हैं लेकिन नितीश सरकार का रवैया बड़ा हीं संवेदनहीन दिख रहा है! --- कुंवरजी नाखुश दिखे!

सुना नहीं आपने, विधानसभा में जब विपक्षी इस पर सवाल उठाये तो नितीश कुमार कितना,आपे से बाहर दिखे! विपक्षी मुआवजा देने की बात किये तो नितीश ने स्पष्ट इंकार कर दिया है! --- सुरेन्द्र भाई भी बोल गये!

ए भाई, जतना शराब पीके मरल हवन अधिकांश गरीब लोग हउअन! बेचारा सब मजदूरी कईके अपना परिवार के पोषे वाला हवन! अब त ओकर बाल बच्चन के का होई! एकरा प नितीशवा नईखे सोचत! -- मुखियाजी दुखी लगे!

मुखियाजी, ये हरामखोर नेता सब गरीब जनता की लाश पर भी राजनीति करने से नहीं चूकते हैं! नितीश और उसका मंत्री सब पड़ोसी भाजपा शासित राज्यों पर इसका दोष मढ़ रहे हैं! अरे जब तुम शराबबंदी लागू किया तब तुम्हारी जिम्मेवारी है न कि बिहार में शराब की आपूर्ति न हो!
सच पुछिये तो बिहार में शराबबंदी एक नौटंकी से अधिक कुछ नहीं! हाँ शराब तस्करी का नया रोजगार जरूर शुरू हो गया! छोड़िये न यहाँ तो गाँव या शहर हर जगह फ्लिपकार्ट और एमाजॉन की तरह शराब की होम डिलीवरी होती है! तो क्या नितीश को या जो सत्ता में बैठे हैं उन्हें पता नहीं है!! वो लोग खुद पीते हैं और पब्लिक में शराबबंदी का गाना गाते हैं! --- मास्टर साहब बल देकर बोले!

देखिये, गरीबों की लाशों और उनके बिलखते बीबी, बच्चों को टीवी पर देखकर तो मन रो देता है! आज दोपहर को मेरा पड़ोसी मुनवा, दारू पीके टंन था पुछने पर की - अरे दारू कहा मिला तो बोला -- मास्टर साहब, आप क्या करेंगे जानकर, वैसे जब चाहें, जितना चाहें दारू मिल जायेगा! अब आपलोग हीं कहिये- कहाँ है बिहार में शराबबंदी!!! हाँ, बेचारा गरीब नशे का आदी, 5 लाख से उपर जरूर जेल की हवा खा लिये हैं! --- मास्टर साहब सुनाये!

अब मेरी सुनिये, शराबबंदी लागू करना कोई बुरी बात नहीं थी लेकिन जिस स्तर पर उसकी सफलता के लिए राज्य सरकार को कदम उठाने की जरूरत थी वैसा नहीं किया गया! सबसे पहले तो ये समझिये कि शराब पीना एक नशे की लत होती है! सरकार को पुरे राज्य में शराब की उपलब्धता न हो इसके लिए समुचित कदम उठाने की आवश्यकता थी जो किया नहीं गया! इसके साथ साथ हर गांव और शहर की डिस्पेंसरी में नशे की लत छूड़ाने संबंधित उपचार की भी व्यवस्था करनी चाहिए थी जो नहीं किया गया! इसकी जगह शराबबंदी को, उपर से लेकर नीचे तक , पुलिस, प्रशासन,राजनीतिज्ञों एवं तस्करों को पैसा कमाने का एक अवसर के रूप में लिया गया! जहाँ शराबबंदी के लिए सरकार को शराब की उपलब्धता न हो इसके प्रति सारे सरकारी अमले को जिम्मेवार बनाने पर जोर देने के बजाय 5 लाख से अधिक पिअक्कड़ों को जेल की हवा खिलाये! ठीक उसी तरह जिस तरह सरकार,सिंगल युज प्लास्टिक को लेकर आम आदमी को जुमार्ना और जेल का प्रवधान कर रही है!
अजी सिंगल यूज प्लास्टिक बनाने वाली कंपनी या फैक्ट्री को बंद करो! आम आदमी को सजा देकर, डराने की क्या जरूरत है!!! --- मैं भी बहस में शामिल होते हुए!

अच्छा सरजी, मान लिया कि जहरीली शराब पीने वाले, कानून का उल्लंघन किये लेकिन यहाँ सरकार के इकोसिस्टम का फेलियोर होना भी तो साबित होता है तो ऐसी स्थिति में कल्याणकारी सरकार के मुखिया की जगह पर रहते हुए नितीश कुमार का ये कहना कि- शराब तो मरने के लिए हीं पीया जाता है! कितना खेदजनक है! गरीब के मौत के बाद उसकी बीबी और अनाथ बच्चों का क्या दोष है!!! ये चूंकि सरकारी सिस्टम का फेल होना साबित करता है अतः मरने वालों के परिवार को क्षतिपूर्ति तो सरकार को देनी हीं चाहिए! -- सुरेन्द्र भाई ने जायज तर्क रखा!

बिहार में शराबबंदी लागू होने से पहले तो हजारों करोड़ के राजस्व को चूना लगा दुसरे दो नंबर का धंधा शुरू हुआ, तीसरे- सैकड़ों लोगों की जहरीली शराब से मौतें हुई! हजारों बच्चे यतीम हो गये! जबकि कल हीं उत्तर प्रदेश के अबकारी मंत्री पत्रकार से वार्ता में कह रहे थे कि हमारे राज्य को शराब पर टैक्स से हजारों करोड़ की वसुली के साथ साथ , 2022 में अब तक शराब पीने से कोई मौत नहीं हुई है! --- पारस नेता बहुत देर बाद मुंह खोले!

ए सरजी, शराबबंदी कोई बुरी बात नहीं लेकिन लागू करने के साथ साथ उससे जुड़े हर पहलूओं का पहले अध्ययन आवश्यक होता है! जो बिहार सरकार ने नहीं किया जिसका दुष्परिणाम बिहारवासी भोग रहे हैं! लेकिन ऐसे दारुण घटनाओं पर सियासी ड्रामेबाजी भी लोकतंत्र के लिए बहुत हीं दुखद स्थिति है! अच्छा, अब चला जाय! --- कहकर कुंवरजी उठ गये और इसके साथ हीं बैठकी भी...!



**प्रोफेसर राजेन्द्र पाठक (समाजशास्त्री), डी एस एस वी, कॉलेज सिमरी, बक्सर, बिहार**

# अन्तरराष्ट्रीय प्रवासी दिवस

अन्तरराष्ट्रीय प्रवासी दिवस प्रत्येक साल 18 दिसंबर को मनाया जाता है। इस दिन का मुख्य उद्देश्य लोगों को इस बात के लिए शिक्षित करना है कि हर प्रवासी का सम्मान के साथ व्यवहार करना मूलभूत आवश्यकताओं में से एक है। यह दिन अन्तरराष्ट्रीय प्रवासियों के सामने आने वाली चुनौतियों और कठिनाइयों के बारे में जागरूकता बढ़ाने का लक्ष्य रखता है। संयुक्त राष्ट्र हर साल सरकारों, संगठनों और इस क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने वाले लोगों को इस मौके पर आमंत्रित करती है।

**प्रवासी कौन हैं?**

किसी भी देश का नागरिक जब काम की तलाश में अपने देश को छोड़कर दूसरे देश में जाकर बस जाता है तो उसे प्रवासी कहा जाता है, जैसे- यदि कोई भारतीय नागरिक अमेरिका, सऊदी या किसी और देश में जाकर वहां बस जाता है तो प्रवासी भारतीय कहा जाता है। अमेरिका, चीन, रूस, जापान समेत कुछ ऐसे देश हैं, जहां बड़ी संख्या में दुनिया भर से आए प्रवासी बसते हैं।

**इतिहास**

18 दिसंबर 1990 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने सभी प्रवासी कामगारों के अधिकारों और उनके परिवारों के सदस्यों के संरक्षण पर अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलन को अपनाया। 4 दिसंबर 2000 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने दुनिया में प्रवासियों की बढ़ती संख्या को मान्यता दी और 18 दिसंबर को अन्तरराष्ट्रीय प्रवासी दिवस के रूप में नामित किया। सितंबर 2016 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने शरणार्थियों और प्रवासियों के बड़े आंदोलनों को संबोधित करने के लिए एक उच्च-स्तरीय शिखर सम्मेलन की मेजबानी की। शिखर सम्मेलन में अधिक मानवीय और समन्वित दृष्टिकोण के साथ देशों को एक साथ लाने का लक्ष्य था।

**महत्वपूर्ण तथ्य**

अन्तरराष्ट्रीय प्रवासियों या उनके जन्म के देश के अलावा किसी अन्य देश में रहने वाले लोगों की संख्या साल 2019 में 272 मिलियन तक पहुंच गई थी।
विश्वभर में लगभग 31 प्रतिशत अन्तरराष्ट्रीय प्रवासी एशिया में, यूरोप में 30 प्रतिशत, अमेरिका में 26 प्रतिशत, अफ्रीका में 10 प्रतिशत और ओशिनिया में 3 प्रतिशत हैं।




संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट ने दावा किया है कि विश्व में सबसे ज्यादा प्रवासी भारतीय हैं। रिपोर्ट के अनुसार 15.6 मिलियन से अधिक भारतीय विदेश में रहते हैं। वर्ष 2014 से अब तक 5000 से ज्यादा लोग बेहतर जीवन और संरक्षण के लिए जीवन क्षति का सामना कर चुके हैं।
संयुक्त राष्ट्र संघ ने हाल ही में अन्तर्राष्ट्रीय प्रवास की चुनौतियों का सामना करने, प्रवासियों के अधिकारों को मजबूत करने और धारित विकास में योगदान हेतु वैश्विक समझौते का अंतिम प्रारूप तैयार किया है।
संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 18 दिसंबर 1990 को सभी प्रवासी श्रमिकों के अधिकारों और उनके परिवार के सदस्यों के संरक्षण पर अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन अपनाया गया।
महासभा ने 4 दिसम्बर 2000 को सम्पूर्ण विश्व में बढ़ते प्रवासियों की संख्या को देखते हुए को 18 दिसंबर को अन्तरराष्ट्रीय प्रवासी दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की।
साल 2013 के अक्टूबर माह में संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों ने सर्वसम्मति से अन्तर्राष्ट्रीय प्रवासन और विकास पर उच्च स्तरीय वार्ता के दौरान विकास हेतु प्रवास के योगदान को पहचानने पर एक घोषणा को अपनाया।

# ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के सामने नई चुनौती' जनवरी 25 में होंगे आम चुनाव'

ब्रिटेन की समाचार न्यूज एजेंसी के अनुसार ब्रिटिश इतिहास के 127 साल में 42 वर्षीय ऋषि सुनक सबसे युवा प्रधानमंत्री बने हैं और उन्हें बोरिस जॉनसन तथा लीज ट्रस के इस्तीफे के बाद विरासत में प्रधानमंत्री का पद प्राप्त हुआ है। कोविड-19 के समय ऋषि सुनक ने वित्त मंत्री रहते हुए ब्रिटेन की आर्थिक स्थिति को वहां के उद्योगपतियों तथा पर्यटन, होटल एजेंसी के साथ मिलकर काफी हद तक संभाल कर रखा था। अब ब्रिटेन की खराब अर्थव्यवस्था का भारी-भरकम बोझ ऋषि सुनक के कंधे पर आ गया है। खराब अर्थव्यवस्था ऋषि सुनक के लिए आगामी आने वाले जनवरी 2025 को आम चुनाव में बड़ी परेशानी का सबब बन सकता है। ऋषि सुनक को आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए ट्रबल शूटर की हैसियत से प्रधानमंत्री बनाया गया था। ब्रिटेन की एक सर्वे न्यूज एजेंसी सावंता द्वारा किए गए सर्वे के अनुसार अपनी कंजरवेटिव पार्टी को वर्तमान में मजबूत बनाने के लिए काफी कवायद करनी पड़ सकती है क्योंकि सर्वे ने बताया है कि सुनक अपनी ब्रिटेन की संसदीय सीट को आम चुनाव में गंवा सकते हैं क्योंकि कुछ महीने पहले की घटनाक्रम में पहले लिस ट्रस से पिछड़ने और फिर ब्रिटेन के प्रधानमंत्री पद संभालने के बाद ऋषि सुनक के सामने नई नई मुसीबतें सामने आई है। ब्रिटेन में आम चुनाव 2025 में आयोजित हैं और कंजरवेटिव पार्टी की छवि खराब नजर आ रही है। सर्वे एजेंसी सावंता के अनुसार यह सर्वे में ऋषि सुनक अपनी ब्रिटेन की संसदीय सीट को आम चुनाव में खो सकते हैं क्योंकि विपक्ष की लेबर पार्टी को प्रधानमंत्री के सत्तारूढ़ कंजरवेटरी से बहुत ज्यादा अंक प्राप्त हुए हैं। सावंत के प्रवक्ता के अनुसार लेबर पार्टी 314 सीटों के बहुमत के साथ सत्ता पर काबिज हो सकती है। यार्क शायर ऋषि सुनक का निर्वाचन क्षेत्र है अपनी निर्वाचन सीट तथा लिंकनशायर के उत्तर में अन्य सभी सीटों सहित रूढ़िवादी लगभग 300 सीटें गंवा सकते हैं। ब्रिटेन की न्यूज एजेंसी सावंता के 3 दिसंबर से 5 दिसंबर तक किए गए सर्वे के अनुसार 6300 नागरिकों बातचीत के आधार पर एक विस्तृत डाटा तैयार किया गया है। सर्वे में लेबर पार्टी कंजरवेटिव पार्टी पर बढ़त दिखाई गई है जिसके परिणाम स्वरूप ऋषि सुनक को आने वाले समय में सत्ताधारी दल की बढ़त को बढ़ाएं रखने में और कंजरवेटिव पार्टी की किस्मत को बनाने में काफी मेहनत करनी पड़ सकती है। उल्लेखनीय है कि सत्तारूढ़ कंजरवेटिव यानी टोरी पार्टी की लोकप्रियता धीरे धीरे कम होते जा रही है। ऋषि सुनक को खराब अर्थव्यवस्था विरासत में मिलना भी एक बड़ा कारण हो सकता है। हालांकि ब्रिटेन में कंजरवेटिव पार्टी यानी टोरी पार्टी वर्ष 2010 ब्रिटेन की सत्ता में काबिज है और 4 बार आम चुनाव में जीत हासिल कर चुकी है। 4 बार जीतने के बाद भी अब कंजरवेटिव पार्टी की पकड़ ब्रिटिश नागरिकों पर कमजोर पड़ती दिखाई दे रही है। ऋषि सुनक युवा है और अच्छे अर्थशास्त्री भी, अब देखना यह है कि ऋषि सुनक चुनाव की चुनौती को किस तरह अपनी पार्टी के हक में दिशा दे पाते हैं कि ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था बहुत निचले स्तर पर पहुंच गई है बेरोजगारी तथा महंगाई तथा पेट्रोल, डीजल, बिजली के दाम तब तक की चरम सीमा पर पहुंच चुके हैं। ब्रिटिश गवर्नमेंट की अर्थव्यवस्था को सुधारने के लिए बैलेंस आफ ट्रेड और उत्पादन को 2 साल में तेजी से विकसित करना होगा। कोविड-19 के काल में ब्रिटेन को भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा था पर अर्थव्यवस्था को चलाने के लिए तत्कालीन वित्त मंत्री ऋषि सुनक ने वहां के उद्योगपतियों, पर्यटन तथा होटल उद्योग को विकसित कर कोविड-19 काल में वित्तीय स्थिति को काफी सहारा दिया था। अब ऋषि सुनक के सामने अनेक चुनौतियां आ गई है ऋषि सुनक को न सिर्फ लेबर पार्टी से चुनौती मिल रही है बल्कि उन्हें अपनी पार्टी के सांसदों का 100% समर्थन भी प्राप्त नहीं हो रहा है। ऋषि सुनक के प्रधानमंत्री बने रहने के साथ-साथ उन्हें अपनी पार्टी की लोकप्रियता को बढ़ाने में अपनी पार्टी के सांसदों का विश्वास मत भी हासिल करना होगा तब जाकर आगामी 2025 जनवरी को सत्तारूढ़ पार्टी यानी कंजरवेटिव पार्टी चुनाव में जीत हासिल कर सकेगी। ब्रिटिश न्यूज एजेंसी और सर्वे एजेंसी सावंत के अनुसार कंजरवेटिव पार्टी धीरे-धीरे लोकप्रियता में कमजोर होती जा रही है और लेबर पार्टी ने अभी से चुनाव अभियान का आगाज कर दिया है, फल स्वरूप ऋषि सुनक के सामने आर्थिक व्यवस्था बेरोजगारी महंगाई और चुनाव की बड़ी चुनौती सामने आ गई है ऐसे में ऋषि सुनक ब्रिटेन के शक्तिशाली जुझारू और संघर्षशील प्रधानमंत्री रहकर अपनी पार्टी का सही नेतृत्व कर जीत दिला पाते हैं या नहीं यह भविष्य तय करेगा। इसके अलावा रूस यूक्रेन युद्ध मैं यूक्रेन का साथ देना भी एक बड़ी चुनौती बनकर सामने आया है। इसमें ब्रिटेन को यूक्रेन को आर्थिक मदद के साथ सामरिक मदद भी करनी होगी। क्योंकि ब्रिटिश जनता यूक्रेन के साथ हमदर्दी अब तक रखते आई है।



**संजीव ठाकुर, चिंतक, लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़**

# जयशंकर प्रसाद

**जयशंकर प्रसाद** (जन्मः 30 जनवरी, 1889, वाराणसी, उत्तर प्रदेश - मृत्युः 15 नवम्बर, 1937) हिन्दी नाट्य जगत और कथा साहित्य में एक विशिष्ट स्थान रखते हैं।[1] कथा साहित्य के क्षेत्र में भी उनकी देन महत्त्वपूर्ण है। भावना-प्रधान कहानी लिखने वालों में जयशंकर प्रसाद अनुपम थे।

**जन्म**

जिस समय खड़ी बोली और आधुनिक हिन्दी साहित्य किशोरावस्था में पदार्पण कर रहे थे उस समय जयशंकर प्रसाद का जन्म सन् 1889 ई. (माघ शुक्ल दशमी, संवत 1946 वि.) वाराणसी, उत्तर प्रदेश में हुआ था।[2] कवि के पितामह शिव रत्न साहु वाराणसी के अत्यन्त प्रतिष्ठित नागरिक थे और एक विशेष प्रकार की सुरती (तम्बाकू) बनाने के कारण 'सुँघनी साहु' के नाम से विख्यात थे। उनकी दानशीलता सर्वविदित थी और उनके यहाँ विद्वानों कलाकारों का समादर होता था। जयशंकर प्रसाद के पिता देवीप्रसाद साहु ने भी अपने पूर्वजों की परम्परा का पालन किया। इस परिवार की गणना वाराणसी के अतिशय समृद्ध घरानों में थी और धन-वैभव का कोई अभाव न था। प्रसाद का कुटुम्ब शिव का उपासक था। माता-पिता ने उनके जन्म के लिए अपने इष्टदेव से बड़ी प्रार्थना की थी। वैद्यनाथ धाम के झारखण्ड से लेकर उज्जयिनी के महाकाल की आराधना के फलस्वरूप पुत्र जन्म स्वीकार कर लेने के कारण शैशव में जयशंकर प्रसाद को 'झारखण्डी' कहकर पुकारा जाता था। वैद्यनाथधाम में ही जयशंकर प्रसाद का नामकरण संस्कार हुआ।

**शिक्षा**

जयशंकर प्रसाद की शिक्षा घर पर ही आरम्भ हुई। संस्कृत, हिन्दी, फारसी, उर्दू के लिए शिक्षक नियुक्त थे। इनमें रसमय सिद्ध प्रमुख थे। प्राचीन संस्कृत ग्रन्थों के लिए दीनबन्धु ब्रह्मचारी शिक्षक थे। कुछ समय के बाद स्थानीय क्वीन्स कॉलेज में प्रसाद का नाम लिख दिया गया, पर यहाँ पर वे आठवीं कक्षा तक ही पढ़ सके। प्रसाद एक अध्यवसायी व्यक्ति थे और नियमित रूप से अध्ययन करते थे।

**पारिवारिक विपत्तियाँ**

प्रसाद की बारह वर्ष की अवस्था थी, तभी उनके पिता का देहान्त हो गया। इसी के बाद परिवार में गृहक्लेश आरम्भ हुआ और पैतृक व्यवसाय को इतनी क्षति पहुँची कि वही 'सुँघनीसाहु का परिवार, जो वैभव में लोटता था, ऋण के भार से दब गया। पिता की मृत्यु के दो-तीन वर्षों के भीतर ही प्रसाद की माता का भी देहान्त हो गया और सबसे दुर्भाग्य का दिन वह आया, जब उनके ज्येष्ठ भ्राता शम्भूरतन चल बसे तथा सत्रह वर्ष की अवस्था में ही प्रसाद को एक भारी उत्तरदायित्व सम्भालना पड़ा। प्रसाद का अधिकांश जीवन वाराणसी में ही बीता था। उन्होंने अपने जीवन में केवल तीन-चार बार यात्राएँ की थी, जिनकी छाया उनकी कतिपय रचनाओं में प्राप्त हो जाती हैं। प्रसाद को काव्यसृष्टि की आरम्भिक प्रेरणा घर पर होने वाली समस्या पूर्तियों से प्राप्त हुईं, जो विद्वानों की मण्डली में उस समय प्रचलित थी।

**बहुमुखी प्रतिभा**

प्रसाद जी का जीवन कुल 48 वर्ष का रहा है। इसी में उनकी रचना प्रक्रिया इसी विभिन्न साहित्यिक विधाओं में प्रतिफलित हुई कि कभी-कभी आश्चर्य होता है। कविता, उपन्यास, नाटक और निबन्ध सभी में उनकी गति समान है। किन्तु अपनी हर विद्या में उनका कवि सर्वत्र मुखरित है। वस्तुतः एक कवि की गहरी कल्पनाशीलता ने ही साहित्य को अन्य विधाओं में उन्हें विशिष्ट और व्यक्तिगत प्रयोग करने के लिये अनुप्रेरित किया। उनकी कहानियों का अपना पृथक और सर्वथा मौलिक शिल्प है, उनके चरित्र-चित्रण का, भाषा-सौष्ठव का, वाक्यगठन का एक सर्वथा निजी प्रतिष्ठान है। उनके नाटकों में भी इसी प्रकार के अभिनव और श्लाघ्य प्रयोग मिलते हैं। अभिनेयता को दृष्टि में रखकर उनकी बहुत आलोचना की गई तो उन्होंने एक बार कहा भी था कि रंगमंच नाटक के अनुकूल होना चाहिये न कि नाटक रंगमंच के अनुकूल। उनका यह कथन ही नाटक रचना के आन्तरिक विधान को अधिक महत्त्वपूर्ण सिद्ध कर देता है।

कविता, नाटक, कहानी, उपन्यास-सभी क्षेत्रों में प्रसाद जी एक नवीन 'स्कूल' और नवीन जीवन-दर्शन की स्थापना करने में सफल हुये हैं। वे 'छायावाद' के संस्थापकों और उन्नायकों में से एक हैं। वैसे सर्वप्रथम कविता के क्षेत्र में इस नव-अनुभूति के वाहक वही रहे हैं और प्रथम विरोध भी उन्हीं को सहना पड़ा है। भाषा शैली और शब्द-विन्यास के निर्माण के लिये जितना संघर्ष प्रसाद जी को करना पडा है, उतना दूसरों को नही।

**आरम्भिक रचनाएँ**

कहा जाता है कि नौ वर्ष की अवस्था में ही



जयशंकर प्रसाद ने 'कलाधर' उपनाम से ब्रजभाषा में एक सवैया लिखकर अपने गुरु रसमयसिद्ध को दिखाया था। उनकी आरम्भिक रचनाएँ यद्यपि ब्रजभाषा में मिलती हैं। पर क्रमशः वे खड़ी बोली को अपनाते गये और इस समय उनकी ब्रजभाषा की जो रचनाएँ उपलब्ध हैं, उनका महत्त्व केवल ऐतिहासिक ही है। प्रसाद की ही प्रेरणा से 1909 ई. में उनके भांजे अम्बिका प्रसाद गुप्त के सम्पादकत्व में "इन्दु" नामक मासिक पत्र का प्रकाशन आरम्भ हुआ। प्रसाद इसमें नियमित रूप से लिखते रहे और उनकी आरम्भिक रचनाएँ इसी के अंकों में देखी जा सकती हैं।

**संस्करण**

शुद्ध भारती स्वयं प्रभो समुज्वला, स्वतंत्रता पुकारती

अमर्त्य वीर पुत्र हो, दृढ प्रतिज्ञा सोच लो
प्रशस्त पुण्य पंथ है, बढे चलो बढे चलो

असंख्य कीर्ति रश्मियाँ, विकीर्ण दिव्य दाह
सी सपूत मात्रभूमि के, रुको न शूर साहसी

अराती सैन्य सिन्धु में, सुवाढ़ वाग्नी से
जलो प्रवीर हो जयी बनो, बढे चलो बढे
चलोकालक्रम के अनुसार 'चित्राधार' प्रसाद का प्रथम संग्रह है। इसका प्रथम संस्करण 1918 ई. में हुआ। इसमें कविता, कहानी, नाटक, निबन्ध सभी का संकलन था और भाषा ब्रज तथा खड़ी बोली दोनों थी। लगभग दस वर्ष के बाद 1928 में जब इसका दूसरा संस्करण आया, तब इसमें ब्रजभाषा की रचनाएँ ही रखी गयीं। साथ ही इसमें प्रसाद की आरम्भिक कथाएँ भी संकलित हैं। 'चित्राधार' की कविताओं को दो प्रमुख भागों में विभक्त किया जा सकता है। एक खण्ड उन आख्यानक कविताओं अथवा कथा काव्यों का है, जिनमें प्रबन्धात्मकता है। अयोध्या का उद्धार, वनमिलन, और प्रेमराज्य तीन कथाकाव्य इसमें संग्रहीत हैं। 'अयोध्या का उद्धार' में लव द्वारा अयोध्या को पुनः बसाने की कथा है। इसकी प्रेरणा कालिदास का 'रघुवंश' है। 'वनमिलन' में 'अभिज्ञानशाकुन्तलम' की प्रेरणा है। 'प्रेमराज्य' की कथा ऐतिहासिक है। 'चित्रधार' की स्फुट रचनाएँ प्रकृतिविषयक तथा भक्ति और प्रेमसम्बन्धिनी है। 'कानन कुसुम' प्रसाद की खड़ीबोली की कविताओं का प्रथम संग्रह है। यद्यपि इसके प्रथम संस्करण में ब्रज और खड़ी बोली दोनों की कविताएँ हैं, पर दूसरे संस्करण (1918 ई.) तथा तीसरे संस्करण (1929 ई.) में अनेक परिवर्तन दिखायी देते हैं और अब उसमें केवल खड़ीबोली की कविताएँ हैं। कवि के अनुसार यह 1966 वि. (सन् 1909 ईसवी) से 1974 वि. (सन् 1917 ईसवी) तक की कविताओं का संग्रह है। इसमें भी ऐतिहासिक तथा पौराणिक कथाओं के आधार पर लिखी गयी कुछ कविताएँ हैं।

रचनाएँ

प्रसाद जी की रचनाओं का संक्षिप्त परिचय निम्न प्रकार है-

**कामायनी**

कामायनी महाकाव्य कवि प्रसाद की अक्षय कीर्ति का स्तम्भ है। भाषा, शैली और विषय-तीनों ही की दृष्टि से यह विश्व-साहित्य का अद्वितीय ग्रन्थ है। 'कामायनी' में प्रसादजी ने प्रतीकात्मक पात्रों के द्वारा मानव के मनोवैज्ञानिक विकास को प्रस्तुत किया है तथा मानव जीवन में श्रद्धा और बुद्धि के समन्वित जीवन-दर्शन को प्रतिष्ठा प्रदान की है।

स्वामी मुद्रक एंव प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी, 42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कुल श्याम लाल कालोनी बरोला सेक्टर 49 नोएडा 201301 गौतमबुध्द नगर ,उ.प्र. से प्रकाशित, फोन 9891706853
संपादक– रमन कुमार झा , समस्त विवाद का निपटारा गौतमबुध्द नगर न्यायालय में होगा, वेबसाइट: www-vatankiawaz-com , Email: vatankiawaz@gmail-com TITLE CODE UPHIN49919\2021

## असम करीमगंज जिले के दुल्लभछड़ा सीवीपी एचएस स्कूल में प्लेटिनम जुबली सेलिब्रेशन कमेटी की सेंट्रल एसोसिएशन की पहली बैठक आयोजित हुई।

असम करीमगंज संवाददाता सचिंद्र शर्मा दैनिक सामाज जागरण : करीमगंज जिले के दुल्लभछड़ा चरगोला वैली पब्लिक हाईयार सेकेंडारी स्कूल के प्लौटिनाम जुबाली सेलिब्रेशन कमेटी के केंद्रीय संघ की पहली बैठक आज 17 दिसंबार (शनिवार) दोपहर एक बजे स्कूल प्रांगण में हुई. अन्य सेक्टरों को मिलाकर कुल बजट 30 (तीस) लाख रुपये निर्धारित है. बैठक में निर्णय लिया गया कि विद्यालय के पूर्व छात्र-छात्राएं जो वर्तमान में समाज में विभिन्न उच्च पदों पर आसीन हैं, उनका पूरा सहयोग लिया जाए। 'प्लेटिनम जयंती समारोह समिति' के मुख्य संयोजक देवाशीष सिन्हा, 'प्रेस एवं प्रचार उप-समिति' समिति अध्यक्ष अंशुमान पाल, शुभेंदु दास, चंदन पाल, चंद्रकांत सिन्हा, श्यामकुमार सिन्हा, दीपन सिन्हा, कमलकांत यादव, विश्वजीत कैरी, अरुण सिन्हा, बिकी सिन्हा, विकास रंजन कालोयार, अजय सिंह, मनोज कैरी, रंजीत सिन्हा व मनोरंजन सिन्हा आदि शामिल हैं. एक प्रेस विज्ञप्ति 'प्र.एस एंड पब्लिसिटी सब-कमेटी के अध्यक्ष अंशुमन पाल ने इस खबर की जानकारी दी।



## असम करीमगंज जिले के लालछड़ा ग्राम पंचायत में गाव सभा में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा।

**असम करीमगंज संवाददाता सचिंद्र शर्मा दैनिक समाज जागरण :** 17 दिसंबर (शनिवार) को दुल्लभछड़ा प्रखंड के विकास के तहत निर्देश के अनुसार लालछड़ा ग्राम पंचायत में आम सभा का आयोजन किया गया. उक्त बैठक में गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया गया। तृतीय गाव सभा में तीन सौ से अधिक ग्रामीणों की उपस्थिति में पंचायत विकास योजना वर्ष 23-24, टॠठ फ्न्ॠअ तैयारी स्वीकृति, विभागीय परियोजनाओं एवं प्रधानमंत्री आवास योजना पर चर्चा की गयी तथा निर्णय लिये गये. चर्चा में ग्राम पंचायत अध्यक्ष संजय गोस्वामी, सचिव साधन दे , जीआरएस देव प्रसाद सिन्हा, समाजसेवी उमाशंकर बानिया, सजल दास, बंशी गुप्ता, समनारायण यादव, विकास कैरी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे.



## असम के करीमगंज जिले के निभीया बाजार निवासी समाजसेवी सत्य रंजन नाथ की बेटी सुष्मिता नाथ संस्कृत में पारंगत हैं.

असम करीमगंज संवाददाता सचिंद्र शर्मा दैनिक समाज जागरण : करीमगंज जिले के निबिया बाजार स्थित ओलिवियाछड़ा के रहने वाली सुष्मिता एक साल से दीक्षागुरु सुदीप नाथजी से ऑनलाइन संस्कृत सीख रही हैं। संस्कृत व्याकरण का खूब अध्ययन किया। उनका मानना है कि गुरुजी की कृपा होने पर वे और अधिक सीख सकते हैं। पढ़ाई के साथ-साथ सुष्मिता संस्कृत सीख रही हैं और शैव धर्म के बारे में भी अच्छी तरह से बात करती हैं। हाल ही में सुष्मिता ने सेंट्रल संस्कृत यूनिवर्सिटी सर्टिफिकेट कोर्स में एडमिशन लिया है। सुष्मिता वर्तमान में बुधन हाईयार सेकेंडारी स्कूल में एचएस द्वितीय वर्ष की छात्रा हैं। सुष्मिता के संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार को देख करीमगंज जिला रुद्रराज ब्राह्मण एसोसिएशन के अध्यक्ष बाबलू नाथ, संपादक संतोष नाथ, सह-संपादक मुन्ना देब नाथ, सामाजिक कार्यकर्ता विवास रंजन नाथ, पुजारी लिटन नाथ, पुजारी अलक नाथ, दीपज्योति नाथ सहित कई अन्य लोगों ने उनकी प्रशंसा की.



## जीविका दीदी के ग्राहक सेवा केन्द्र से ग्रामीणों को मिलेगी मदद

अररिया । शनिवार को जीविका जिला परियोजना इकाई, अररिया की ओर से ग्राहक सेवा केन्द्र संचालन के लिए 11 बैंक सखी दीदियों को पॉस डिवाइस दिया गया। इसकी सहायता से अब ग्रामीण इलाकों में भी डिजिटल लेन-देन में मदद मिलेगी। यह डिवाइस आ-ईसीआईसीआई बैंक की ओर से वितरित किया गया। आईसीआ-ईसीआई बैंक के सीबीसी मिथिलेश कुमार झा ने जी-विका दीदियों को इस डिवाइस के संचालन से संबंधित पूरी जानकारी दी। ताकि इन्हें ग्राहक सेवा केन्द्र में डिजिटल देन-देन के दौरान किसी तरह की दिक्कत नहीं आए। इसके बारे में बताते हुए डीएफएस एक्सपर्ट विमल कुमार ने बताया कि यह दूर-दराज के इलाके में पैसों के लेने-देन में काफी मददगार साबित होगा। साथ ही, अब ग्राहक सेवा केन्द्र की शुरूआत हो जाने से दीदियों को सुदूर इलाके से चलकर शहरों या बाजारों में नहीं आना होगा। दीदियो को यह सुविधा आसानी से उनके घर के आस-पास ही उपलब्ध हो पाएगी। इससे दीदियों के समय और पैसे दोनों की बचत होगी। इसके अलावा समूह की दीदियों का पैसा भी आसानी से जमा हो पाएगा। यह उनके लिए बड़ी सुविधा है। शहर आने-जाने के क्रम में पैसे चोरी होने और गुम होने का खतरा भी नहीं रहेगा। वहीं, कम समय में ही पैसा जमा-निकासी का काम कर पाएंगी।



ज्ञात हो कि बैंक सखियों का चयन एक ग्राम पंचायत पर एक बैंक सखी के मॉडल पर किया जाता है। ताकि इलाके के लोगों को परेशानी ना हो। इसके चयन की प्रक्रिया ग्राम संगठन और समूह में चर्चा के बाद किया जाता है। इसके लिए जरूरी है कि वह समूह की दीदी हो, उम्र 18-40 साल के बीच हो, शैक्षणिक योग्यता कम से कम मैट्रिक हो। इन अहताओं को पूरा करने वाली दीदी ही बैंक सखी के रूप में चुनी जाती हैं। यह जीविका दीदियों के अलावा आस-पास गांव के दूसरे लोगों के लिए भी काफी मददगार होता है। इस मौके पर जीविका जिला कार्यालय के प्रबंधक रोजगार अमित सागर, ट्रेनिंग ऑफिसर प्रमोद दत्ता, ट्रेनिंग ऑफिसर नीर नीरज भी मौजूद रहे।

## जेवर कोतवाल के बिगड़े बोल!

ग्रेटर नोएडा :गायब लड़की को बरामद करने के बजाए पीड़ित से कहा 'जेब में थोड़ी लड़की रखी है जो लाकर दे दूं 'लड़की को बरामद करने की मांग को लेकर कोतवाली पहुंचे ग्रामीणों को बताया समाज का ठेकेदार। कोतवाली परिसर से फरियादी को भगाया गया

## प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित पलडहर ग्राम पंचायत के वार्ड नंबर 1 में कुल 352 परिवारों में से लगभग 150 मिट्टी के घर।

### वंचित लोगों ने सरकार से गुहार प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए। 1 नं वार्ड सदस्य ने प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर पैसे मांगने का आरोप का खंडन किया।

असम करीमगंज संवाददाता सचिंद्र शर्मा दैनिक समाज जागरण: असम करीमगंज जिले के पलडहर ग्राम पंचायत के वार्ड नंबर 1 में कुल 352 परिवारों में से लगभग 150 मिट्टी के घर हैं। 2011 की जनगणना के अनुसार, इस वार्ड में कुल चार ढटअ हैं जिसे देखते हुए वार्ड सदस्य शंपू नाथ ने आरडी सचिव व कमिश्नर को आवेदन पत्र भेजा. जिसके चलते आयुक्त की ओर से विकास सचिव आरडी सचिव को वहां से जिला परिषद सीईओ दुल्लभछड़ा प्रखंड विकास पदाधिकारी को लिखित निर्देश आया. उसके बाद दुल्लभछड़ा का वीडियो तैयार कर इस वार्ड के 352 परिवारों को भेजा गया उसके बाद केवल 44 और पीएमएवाई आए वर्तमान में निमार्णाधीन है प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अन्य मलिन बस्तियों को भी शामिल करने का प्रयास किया जा रहा है इस संबंध में सात अगस्त



को पलडहर ग्राम पंचायत के वार्ड एक में बैठक भी हुई थी। 150 ढटअ और आवास प्लस के दावे के बावजूद 40 ही घर क्यों मिल पाए हैं. काफी तलाश करने पर भी ग्राम पंचायत अध्यक्ष व प्रतिनिधि का कुछ पता नहीं चल सका

उक्त बातें पलडहर ग्राम पंचायत के वार्ड नंबर 1 के सदस्य सम्पू नाथ ने शनिवार को मीडिया के इस प्रतिनिधि से कही. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर कभी भी लाभार्थियों से कोई पैसा नहीं मांगा है उन पर ये झूठे आरोप लगाया गया हैं, उन्होंने यह भी कहा कि जिन्हें घर नहीं मिला है, उन्हें घर दिलाने के लिए वे अथक प्रयास कर रहे हैं हालांकि शुक्रवार को मृणालकांति नाथ, कौशिक राय, रंजीत नामशुद्र, रंजीत नाथ, अमल नाथ, कोकिला नाथ और कुसुम नाथ समेत 19 लोगों ने मुझ पर झूठे आरोप लगाया गई. उन्हें इस बात का बेहद दुख है कि पैसे मांगने का झूठा आरोप लगाकर उन्हें बदनाम किया गया है, मोहनलाल नामशुद्र ने कहा, उनके पास भी कच्चा मकान है लेकिन उन्हें अभी तक प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास नहीं मिला है क्योंकि उन्हें पता है कि वार्ड सदस्य के पास लाभुकों की सूची काटने का अधिकार राज्य आयुक्त से लेकर किसी जनप्रतिनिधि के पास नहीं है. आप केवल दावा कर सकते हैं उक्त 19 लोग बिना जानकारी के झूठे आरोप लगा रहे हैं

इस दिन लाभार्थियों में केतकी नाथ, प्रतिमा नाथ, उपानंद नाथ, अजय नामशूद्र, तरिंद्र नामशूद्र, अपु नामशूद्र तीतों नामशूद्र संध्या नामशूद्र, असरानी दास, नांटू नामशूद्र, शिल्पाना नामशूद्र और विद्युत नाथ ने वार्ड सदस्यों की प्रशंसा की। साथ ही उन्होंने मांग की कि वंचितों को जल्द से जल्द सरकारी आवास मुहैया कराया जाए इस बीच, शिकायतकताओं में वरिष्ठ महिला कोकिला नाथ और कुसुम नाथ ने अन्य लोगों से संपर्क किया

उन्होंने वार्ड सदस्य के खिलाफ पैसे मांगने से भी इनकार किया।

## पेंसनर दिवस पर 80 वर्ष से उपर के सदस्यों को किया गया सम्मानित

**फारबिसगंज ।** बिहार राज्य पेंसनर समाज अनुमंडल शाखा फारबिसगंज ने 17 दिसंबर को स्थानीय पेंसनर भवन में पेंसनर दिवस मनाया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता सभापति उमेश प्रसाद वर्मा ने जबकि मंच संचालन उप सभापति शिवनारायण दास उर्फ भानू जी तथा मिडिया प्रभारी बिद्यानंद पासवान ने संयुक्त रूप से किया ।मुख्य अतिथि पूर्व सांसद शुकदेव पासवान एवं बिसिष्ट अतिथि पूर्व विधायक लक्ष्मी नारायण मेहता थे ।कार्यक्रम की शुरूवात अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया ।सभापति उमेश प्रसाद वर्मा ने मुख्य अतिथि को बैच लगाकर फूल माला तथा शाल से सम्मलित किया,जबकि बिशिषट अतिथि का स्वागत मिडिया प्रभारी बिद्यानंद पास-।वान ने किया । मदन लाल मेहता के द्वारा लाई गई बच्चियों ने स्वागत गान गा कर सवों को



भावबिभोर कर दिया ।इस अवसर पर 80 बर्ष से उपर के सदस्यों को बैच लगाकर फूल माला तथा अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया ।सम्मानित होने वालों में रामकुमारी देवी,देवनारायाण चौधरी,अब्दुल गफ्फार,जिवछलाल यादव, देवनन्दन पासवान,विभूति झा,सूर्यकांत झा,शुकदेव बैठा थे। मुख्य अतिथि श्री पासवान ने पेंसनरो के प्रति सहानभूति जताई जबकि बिशिषट अतिथि श्री मेहता ने पेंसनरों को अविभावक मानते हुए अपना विचार रखे। मौके पर उपसभापति सच्चिदानन्द मेहता,सचिव मधुसूदन मंडल, संगठन सचिव मोहन मिश्र,मनोरंजन प्रसाद,हरिनारायण रजक,मदन मोहन मेहता,दिलीप अग्रवाल, खड़ानन्द साह, बिश्वनाथ पासवान,मांगन मिश्र,लाला कला नन्द प्रसाद,शान्ति कुमारी सहित सेकड़ों लोग मौजूद थे ।

## बड़े ही धूम धाम से युवा साथियों के साथ मनाया उपसरपंच राहुल, यशवंत, मनीष ने अपना जन्म दिवस,,,युवाओं मे दिखा उत्साह

**समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख**

बिलासपुर । मस्तुरी विधानसभा क्षेत्र के युवा ह्रदय सम्राट राहुल सिंह ठाकुर ( किरारी उपसरपंच ) , यशवंत सिंह ठाकुर,मनीष सिंह, का बड़े हर्षोउलास के साथ युवा मित्रों ने उनका जन्म दिवस मस्तुरी (किरारी) के डांक बंगला स्थित रेस्ट हाउस मे केक काटकर मनाया गया सभी युवा मित्रों ने शुभकामनाऐ एवं बधाई प्रेषित की साथ ही उज्वल भविष्य एवं दीघार्यु की कामना करते हुए सभी ने बड़े ही धूम धाम से फटको की गड़गड़ाहट फूल मालाओ, बुके देकर जन्म दिन मनाया । इस अवसर मे जनपद उपाध्यक्ष नितेश सिंह ठाकुर, अमित तिवारी, उमेश सिंह ठाकुर,योगेंद्र सिंह ठाकुर,अशीष सिंह ठाकुर,सौमित्र शुक्ला,रिंकू श्रीवास अंकित मिश्रा,बिट्टू सिंह,अवधेश सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



## बछर कैलेंडर का किया गया विमोचन छत्तीसगढ़ का पहली छत्तीसगढ़ी कलेंडर :- ठा. शैलु छत्तीसगढ़िया

**समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख**

बिलासपुर ।ग्राम पौड़ी में बचत कैलेंडर का किया गया विमोचन साथ ही साथ ग्राम पंचायत पौड़ी के सोसाइटी का किया गया जायजा बछर कैलेंडर



का बहुत ही ज्यादा प्रशंसा हुआ क्योंकि यह कैलेंडर पूरी तरह से छत्तीसगढ़ी में बना हुआ है और छत्तीसगढ़ का एकमात्र ऐसा कैलेंडर है जो छत्तीसगढ़ी तिज तिहार पुरखा की जयंती और पुन्यतिथि को दशार्ता है साथ ही साथ में को ग्रामीणों में उनका साराहना किया और सभी को वितरण किया किसानों से इनकी जानकारी भी लिया गया गांव वालों ने हर कलेंडर को बांटने को कहा, हर जगह बहोत तारिफ भी किया, किसानों ने कहा हर साल की तरह इस साल भी अधिक फसल हुआ है और किसानों में खुशी की लहर है इस अवसर पर शाखा प्रबंधक संतोष यादव डाटा एंट्री ऑपरेटर शरद, शिव शंकर श्रीवास , दुर्गेश, सुभाष ,ओमकार दास, बृजेंद्र श्रीवास रामकुमार यादव मन्नू यादव , बिरेन्द्र,सत्येंद्र गांव के वरिष्ठ नागरिक रामचरण यादव मौजूद थे

## युथ प्रोग्रासिव सर्किल के द्वारा अब कंबल वितरण 31 दिसंबर को -मुजफ्फर हाशमी

### नगर परिषद चुनाव को लेकर बढ़ाई गई है तिथि- मो०जाकिर हुसैन

अररिया । युथ प्रोग्रासिव सर्किल के जिला प्रधान कार्यालय आजाद नगर में एक आपात बैठक आयोजित कर प्रेस बयान जारी कर के कहा है कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी हमारी संस्था द्वारा गरीब, निर्धन, दिव्यांको के बीच पिछले 21वर्षों से मुफ्त कंबल वितरित करते आ रही है और आगे भी करते रहेगी क्यों की हमारे संस्था का पहला उद्देश्य ही समाजसेवा है इस से बड़ा कोई पुन्य का कार्य नही है उक्त बातें संस्था के जिला अध्यक्ष मुजफ्फर हाशमी ने कहा और बताया के पूर्व से निर्धारित कंबल वितरण समारोह जो दिनांक- 17.12.2022 को स्थानीय टाउन हॉल के प्रांगण में आयोजित होनी थी लेकिन नगर पालिका चुनाव के कारण अब कंबल वितरण समारोह उसी स्थान पर दिनांक-31.12.2022 को आयोजित किया जाएगा आज के इस आपात बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित संस्था के जिला अध्यक्ष मुजफ्फर हाशमी, सचिव मो०जाकिर हुसैन,महासचिव महमूद अंसारी,साहिल रहमानी फैजानअहमद,मो०आसिफ मुस्ताक, मंजर आलम,गंगा प्रसाद राय, किरण झा,नसीमा खातून, शमीम आलम,पिंटू यादव एव इश्तियाक आलम,नौशाद आलम के अलावा दर्जनों सदस्य उपस्थित थे।



## सामाजिक संस्था ने पुन: चलाई एक कपड़ा मुहिम, हेल्पलाइन नंबर किया जारी

कड़कती ठंड को देखते को देखते हुए जीवन अर्पण सामाजिक सेवा संस्था द्वारा चलाया गया एक कपड़ा अभियान झ अभियान के दौरान संस्था के सदस्यों ने देर रात कडकी ठंड में सर्द हवाओं के बीच सड़क किनारे अपना जीवन पालन कर रहे बेसहारा लोगो को कंबल वितरण कर राहत पहुंचाने का कार्य किया! इस दौरान दीपान्शु शर्मा (संस्थापक) ने बताया कि हमारी संस्था पिछले 3वर्षों से यह अभियान चला रही है जिसमे एक कपड़ा मुहिम के अंतर्गत संस्था के सदस्य सड़क किनारे,मालिन बस्ती आदि में रह रहे जरूरतमंद लोगो को गर्म वस्त्र शोल,मोजे, स्वेटर,कंबल आदि पहुंचाकर कड़कती ठंडो के बीच राहत पहुंचाने का कार्य करते हैं!

इस दौरान संस्था प्रत्येग वर्ष अपने हेल्पलाइन नंबर(9311224040,9999258529)भी जारी जरती है जिससे कड़कती ठंडो के बीच कोई अपना जीवन न गवा दे!

इस मौके पर-: दीपांशु शर्मा(संस्थापक),अनमोल सहगल,निशु उपाध्याय,आर्यन शुक्ला,हैप्पी पंडित,लोकेश सिंह,नरेंश शर्मा,तुषार गुप्ता,मनीष राणा,मोहित कुमार,अंकित कुमार आदि उपस्थित रहे!

## द्वितीय स्पॉट नामांकन 'पहले आओ पहले पाओ' के आधार पर शनिवार तक हुआ पार्ट वन में नामांकन - डॉ. नवीन

**मधेपुरा । भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय**

लालूनगर, मधेपुरा

पत्रांक - एन ओ डी-177/22)-23/22

दिनांक - 10/12/22 अधिसूचना के आलोक में बी एन एम वी कॉलेज साहुगढ़ मधेपुरा में स्नातक प्रथम खण्ड सत्र 2022-23 में चल रहे नामांकन के क्रम में अद्यतन निदेर्शानुसार नामांकन 'पहले आओ पहले पाओ के आधार पर दिनांक 12-12-2022 से 17-12-2022 तक लिया गया ।कॉमर्स कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रो.(डॉ.) नवीन कुमार सिंह नें बताया कि जो छात्र / छात्राएं पूर्व में नामांकन किसी भी महा-विद्यालय में ले चूका था वैसे छात्र/छात्राएं का द्वितीय स्पॉट नामांकन नहीं लिया गया है विश्वविद्यालय द्वारा जारी अधिसूचना के तहत ऑनलाइन से बंचित छात्र/छात्राओं को इन विषयों यथा भूगोल, हिन्दी, इतिहास, गृहविज्ञान, संगीत, मनोविज्ञान, बनस्पतिशास्त्र, रसायनशास्त्र तथा जन्तुविज्ञान को छोड़कर अन्य सभी विषयों में ऑनलाइन करने की स्वीकृति दिनांक 12-12-2022 से 17-12-2022 तक दी गई थी । इसी अवधि में आवेदक के विषय परिवर्तन का भी कार्य संपन्न हुआ ।

नामांकन 'पहले आओ पहले पाओ के आधार पर दिनांक 12-12-2022 से 17-12-2022 तक लिया गया ।अंतिम रूप से नामांकन की विधिवत सूचना के साथ दिनांक 19-12-2022 तक निश्चित रूप से अपडेट कर लिया जाएगा ।इस मौके पर डॉ के के गुप्ता,डॉ ब्रह्मानंद गोइत,डॉ शेफालिका शेखर ,कॉलेज के प्राध्यापक सहित अतिथि प्राध्यापक आदि उपस्थित थे ।

धरना का छठा दिन

## विकास और नौकरी का वादा करने वाली सरकार अतिथि प्राध्यापकों की सेवा का नियमितीकरण जल्द से जल्द करें

### 19 तारीख को सदन में इनकी आवाज को बुलंद किया जाएगा- विधायक

पटना । बिहार राज्य विश्वविद्यालय अतिथि सहायक प्राध्यापक संघ के आह्वान पर पटना के गर्दनीबाग में 6 दिवसीय धरना के छठे दिन विधायक सह पूर्व मंत्री अमरेंद्र प्रताप सिंह, दरभंगा क्षेत्र से विधायक संजय सरावगी एवं मुंगेर के विधायक श्री प्रणव कुमार ने धरना स्थल पर पहुंचकर अतिथि प्राध्यापकों के मांगों का समर्थन किया और कहा कि अतिथि प्राध्यापकों के मांगों के लिए सड़क से सदन तक लड़ेंगे। सभी विश्वविद्यालय में अतिथि प्राध्यापकों के आने से गुणवत्तापूर्ण शैक्षिक माहौल बना है और इनकी नियुक्ति यूजीसी के मापदंडों पर हुई है तो फिर इनकी सेवा नियमितीकरण क्यों नहीं? 19 तारीख को सदन में इनकी आवाज को बुलंद किया जाएगा। बिहार राज्य विश्वविद्यालय अतिथि सहायक प्राध्यापक संघ के आह्वान पर पटना के गर्दनीबाग में 6 दिवसीय धरना में जेपी विश्वविद्यालय छपरा, वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय आरा एवं पटना विश्वविद्यालय के अतिथि प्राध्यापक सैकड़ों की संख्या में जुटकर धरना को सफल बनाया।

अतिथि प्राध्यापकों ने लिया संकल्प

इस धरना में उपस्थित अतिथि प्राध्यापकों ने संकल्प लिया कि

जब तक मांगे पूरी नहीं होगी तब तक इसी तरह के धरने का कार्यक्रम पटना में आयोजित किए जाएंगे। आगे के कार्यक्रम में संघ ने तय किया है कि सरकार यदि मांगों को नहीं मानती है तो वैसी स्थिति में पटना की सड़कों पर भिक्षाटन, बूट पॉलिश कार्यक्रम, एवं सामूहिक उपवास रखा जाएगा। विधान पार्षद एवं विधायकों ने संयुक्त रूप से कहा कि अतिथि प्राध्यापकों की जायज मांगों का हम सभी समर्थन करते हैं। सरकार जल्द से जल्द इनकी मांगों को मान कर सेवा का नियमितीकरण करें। इनके समर्थन में विधायक एवं सांसद भी सड़क पर उतर कर प्रदर्शन करेंगे।

विधायक एवं पूर्व मंत्री अमरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि विकास और नौकरी का वादा करने वाली सरकार अतिथि प्राध्यापकों की सेवा का नियमितीकरण जल्द से जल्द करें। सरकार की संवेदना खत्म हो चुकी है। गुणवत्तापूर्ण शैक्षिक माहौल बनाने वाले अतिथि प्राध्यापकों से भेदभाव क्यों? यदि उनकी मांगे पूरी नहीं हुई तो सड़क से सदन तक लड़ाई लड़ी जाएगी।



मुंगेर के विधायक प्रणव कुमार ने कहा कि जब शिक्षक ही भूखा रहेगा तो ज्ञान का गंगा सुखा रहेगा। इन्हें जल्द से जल्द बकाए वेतन का भुगतान होना चाहिए एवं इनकी सेवा का नियमितीकरण होना चाहिए।

मौके पर संघ के संयोजक डॉ सतीश कुमार दास, संस्कृत विश्वविद्यालय दरभंगा के अध्यक्ष डॉ मुकेश प्रसाद निराला, भागलपुर विश्वविद्यालय के अध्यक्ष डॉ आनंद आजाद, बिहार विश्वविद्यालय मुजफ्फरपुर के अध्यक्ष डॉ ललित किशोर, मिथिला विश्वविद्यालय के अध्यक्ष डॉ बच्चा कुमार रजक, पटना विश्वविद्यालय पटना के अध्यक्ष डॉ विद्यानंद विधाता, जेपी विश्वविद्यालय के अध्यक्ष डॉ धर्मेंद्र कुमार सिंह, वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय आरा के अध्यक्ष डॉ आदित्य आनंद, एवं सैकड़ों की संख्या में अतिथि प्राध्यापकों ने सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संयोजक डॉ सतीश तथा संचालन संयुक्त रूप से जेपी विश्वविद्यालय के अध्यक्ष डॉ धर्मेंद्र सिंह एवं वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय आरा के अध्यक्ष डॉ आदित्य आनंद ने किया। धन्यवाद ज्ञापन पटना विश्वविद्यालय के अध्यक्ष डॉ विद्यानंद विधाता ने किया।

## एक नजर में : नोएडा सेक्टर 110 मार्केट फिर से अतिक्रमणाकारियों के गिरफ्त में

**नोएडा समाज जागरण**

नोएडा सेक्टर 110 मार्केट एक बार फिर से अतिक्रमणकारियों के गिरफ्त में है और प्राधिकरण और पुलिस नींद से सो रही है। कुछ दिन पहले ही इस मार्केट को खाली कराया गया था और नयी जगह पर शिफ्ट किया गया था। लेकिन अब हालात यह है कि नयी जगह पर भी दुकाने लग रही है और पूराने जगह पर भी। कई लोग तो यह भी बताते है कि दुकानदार ही इन अतिक्रमण की असली वजह है। क्योंकि यह लोग इन ठेली पटरी वालों से पैसे वसूलते है। संभवतः यह बात भी हो क्योकि कभी भी दुकानदारों के द्वारा इन अतिक्रमणकारियों का विरोध नही किया गया है आज तक।



बताते चले कि नोएडा एक तरफ जहाँ स्मार्ट सिटी में बेशुमार है वही दूसरी तरफ नोएडा प्राधिकरण के ढुलमूल रवैया के कारण अतिक्रमणकारियों का शहर भी कहा जाने लगा है। जहाँ मार्केट तो छोड़िये जनाब फुट-पाथ भी अतिक्रमण का शिकार है। कही फुट-पाथ पर आपको दुकान लगे मिलते है तो कही गाड़ियों के पार्किंग। कुछ नही न मिले तो यहाँ दुकान वालों का होर्डिंग बैनर लगे आपको मिल जाते है.

नोएडा सेक्टर 110 हालांकि एक सुन्दर और स्वच्छ मार्केट के तरफ विकसित किया जा सकता था लेकिन प्राधिकट्टण के सर्किल आफिसर और सुपरवाइजर के कर्मठता ने इसे काफी पीछे ढकेल दिया है। अब हालात यह है कि मार्किट में जमे अतिक्रमण के कारण लोग दुकान में जाने से भी कतराने लगे है।

बताते चले कि यहाँ कई बैंक के शाखा भी है साथ में कान्हाँभोग मिष्ठान भंडार भी है। इसके साथ ही बाहर फैला पूरा अतिक्रमण है जहाँ पर आपको खाने पीने के सामन से लेकर पहने ओढ़ने के सामान तक आपको मिल जाते है।

# पोस्टमास्टर जनरल ने किया बलिया में शुभारंभ, खुले 10 हजार खाते



-वित्तीय सशक्तिकरण महोत्सव
-कहा डाकिया के माध्यम से घर बैठे बैंकिंग सहित तमाम सुविधाएं
-जन सरोकारों से डाक विभाग का है पुराना नाता, डाकघर कर रहे जनोन्मुखी कार्य
-सुकन्या समृद्धि योजना से बेटियां करेंगी आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना पूरी

शशिकांत ओझा ब्यूरो चीफ/संतोष सिंह

समाज जागरण, बलिया : डाक विभाग अब पत्र व पार्सलों के साथ-साथ सरकार की तमाम जन कल्याणकारी योजनाओं और इनके लाभों को भी लोगों तक पहुँचा रहा है। वित्तीय सशक्तिकरण और अंत्योदय में डाक विभाग की अहम भूमिका है। एक ही छत के नीचे तमाम सेवाएं उपलब्ध कराकर डाकघरों को बहुद्देशीय बनाया गया है। बचत, बीमा, आधार, पासपोर्ट, कॉमन सर्विस सेंटर, इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक, गंगाजल बिक्री, क्यूआर कोड आधारित डिजिटल भुगतान जैसी तमाम जनोन्मुखी सुविधाएं डाकघरों में उपलब्ध हैं। इण्डिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के माध्यम से लोगों को घर बैठे बैंकिंग सहित तमाम सुविधाएँ प्राप्त हो रही हैं।

उक्त उद्गार वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने बलिया में आयोजित 'वित्तीय सशक्तिकरण महोत्सव' का शुभारम्भ करते हुए बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किये। इस दौरान 10 हजार से अधिक खाते खोले गए। बेटियों को 'सुकन्या समृद्धि योजना' के पासबुक का वितरण भी हुआ। बेटियों के बाबत पोस्टमास्टर जनरल ने कहा कि जहाँ इसके माध्यम से बेटियाँ आत्मनिर्भर बनेंगी वहीं 'आत्मनिर्भर भारत' की संकल्पना भी साकार होगी। पोस्टमास्टर जनरल ने सीईएलसी प्रतियोगिता के विजेता शिवजी यादव, शाखा डाकपाल खरहाटार, गडवार को स्कूटी पुरस्कार



स्वरूप दिया। इसके अतिरिक्त उत्कृष्ट कार्य करने वाले अन्य कर्मचारियों को भी सम्मानित किया। बच्चियों को सुकन्या समृद्धि योजना की पासबुक सौंपकर उनके सुखद भविष्य की कामना की और समृद्ध सुकन्या समृद्ध समाज का संदेश भी दिया।

बलिया मंडल के डाक अधीक्षक श्री संजय त्रिपाठी ने कहा कि बलिया डाक सेवाओं से जनमानस को जोड़ने में सदैव अग्रणी रहा है। विभिन्न डाक योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक करने हेतु जनसम्पर्क किया जा रहा है तथा अभियान भी चलाए जा रहे हैं। इस कार्यक्रम में डाक अधीक्षक संजय त्रिपाठी, ग्राम प्रधान जीराबस्ती गुड़िया तिवारी, सहायक डाक अधीक्षक मारुतनंदन, पीके पाठक, अजय कुमार, उपमंडलीय निरीक्षक अंगद कुमार यादव, रविन्द्र कुमार साह, श्रीकान्त पाल, पोस्टमास्टर बलिया प्रधान डाकघर अब्दुल कलाम, इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक सीनियर मैनेजर राजेश कुमार यादव, मैनेजर आलोक कुमार सिंह सहित तमाम अधिकारियों-कर्मचारियों एवं जनमानस ने भागीदारी की।

### गिनाया डाकघर से जुड़ने के लाभ और फायदे

पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव डखक विभाग की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। कहा कि आकर्षक ब्याज दरों के कारण डाकघर की बचत योजनाएं बेहद लोकप्रिय हैं और इनमें लोग पीढ़ी दर पीढ़ी सुरक्षित निवेश करते आ रहे हैं। इण्डिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के माध्यम से डाकिया और ग्रामीण डाक सेवक आज एक चलते फिरते बैंक के रूप में कार्य कर रहे हैं। किसानों सहित अन्य तमाम लाभार्थियों के बैंक खातों में आने वाली डीबीटी राशि की निकासी के लिए अब किसी को भी बैंक या एटीएम जाने की जरूरत नहीं, बल्कि घर बैठे ही अपने आधार लिंक्ड बैंक खाते से डाकिया के माध्यम से निकासी कर सकते हैं। आईपीपीबी में खाता होने पर डाकघर की सुकन्या, आरडी, पीपीएफ, डाक जीवन बीमा में भी ऑनलाइन जमा किया जा सकता है। ई-श्रम, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, वाहनों का बीमा, स्वास्थ्य बीमा, दुर्घटना बीमा, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना जैसी तमाम सेवाओं का लाभ भी डाकिया के माध्यम से लिया जा सकता है। सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने हेतु आधार जरूरी है, ऐसे में अब घर बैठे डाकिया के माध्यम से ही आधार से लिंक मोबाइल नम्बर भी अपडेट किया जा सकता है। डाकिया अब घर बैठे पेंशनर्स का जीवित प्रमाण पत्र भी बना रहे हैं, जिसका शुल्क मात्र 70 रुपये निर्धारित है। इससे पेंशनरों को जीवित प्रमाण पत्र कोषागार या सम्बंधित विभाग में जमा करने के लिए कोषागार/सम्बंधित बैंकों या जनसेवा केन्द्रों के चक्कर लगाने से निजात मिलेगी। पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को 'डाक जीवन बीमा' का लाभ प्राप्त हो सके, इसके लिए डाक जीवन बीमा के दायरे में विस्तार किया गया है। अब केंद्र सरकार व राज्य सरकारों से मान्यता प्राप्त किसी भी विश्वविद्यालय/संस्था के सभी स्नातक/डिप्लोमा धारक भी डाक जीवन बीमा का लाभ उठा सकेंगे। ग्राहक केंद्रित सेवाओं के विस्तार के क्रम में डाकघरों में कॉमन सर्विस सेंटर की स्थापना से अब एक साथ केंद्र व विभिन्न राज्य सरकारों की 73 सेवाएँ आसानी से मिल रही हैं। डाकघर में एक ही छत के नीचे बचत, बीमा और डिजिटल बैंकिंग उपलब्ध होने से लोगों के पास सुरक्षित निवेश के ढेरों विकल्प मौजूद हैं। डाक विभाग ने अपने खाताधारकों के लिए ई-पासबुक सेवा की शुरूआत की है। ई-पासबुक सेवा का उपयोग कर जहाँ डाकघर की विभिन्न लघु बचत योजनाओं के खाताधारक अपने खातों के बैलेंस जान सकेंगे वही एसबी, सुकन्या व पीपीएफ खातों के मिनी स्टेटमेंट भी ऑनलाइन निःशुल्क प्राप्त कर सकेंगे ।

# जन्मजात कटे फटे होठ के निशुल्क आपरेशन के लिए हुआ पंजीयन

कृष्ण कुमार पांडेय, समाज जागरण

बांसडीह (बलिया) : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बांसडीह में शनिवार को जन्मजात कटे होंठ व तालू से संबंधित बच्चों को निशुल्क आपरेशन व उपचार हेतु स्माइल ट्रेन



प्रोजेक्ट व आर बी एस के संयुक्त तत्वाधान में ब्लाक बांसडीह, बेरूआरबारी एव रेवती के पीड़ित बच्चों हेतु शिविर लगाकर पंजीकरण किया गया।

शिविर का उद्घाटन करते हुए चिकित्सा अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बांसडीह डॉ वैंकटेश ने उत्तर प्रदेश सरकार की नीति के अनुसार स्वस्थ बच्चे-स्वस्थ मातृत्व के तहत जन्मजात कटे होंठ एवं तालु के बच्चों का समय से उपचार कर उन्हें स्वस्थ जीवन जीने की दिशा में इसे एक जिम्मेदारी भरा कदम बताते हुए लाभार्थियों से अपने बच्चों का उपचार कराने और अपने क्षेत्र में ऐसे पीड़ित बच्चे दिखाई देने पर आरबीएस के टीम से संपर्क करने का आवाहन किया। स्माइल ट्रेन प्रोजेक्ट के प्रोजेक्ट असिस्टेंट नीरज कुमार शर्मा ने इस निशुल्क ऑपरेशन एवं उपचार में अधिक से अधिक भागीदारी कर क्षेत्र के प्रत्येक कटे होंठ व तालू के मरीजों का उपचार कराने हेतु इसे जन आंदोलन बनाने का आग्रह किया है।

शिविर में बांसडीह से दो, रेवती से पांच एवं बेरूआरबारी ब्लॉक से एक बच्चा फटे होंठ एवं तालु से पीड़ित चिन्हित



किए गए। इन्हें उपचार हेतु तिथि निश्चित कर ऑपरेशन स्थल पर लाने हेतु इनके परिवार को निर्देशित किया गया। इस शिविर में बेरूआरबारी ब्लाक से डॉक्टर शैलेंद्र सिंह, डॉ प्रशांत, रेवती से डॉक्टर बद्री राज यादव, बांसडीह से डॉ विनोद सिंह, आनंद सिंह, सगीर हसन, डॉ विश्वनाथ सिंह, फार्मासिस्ट अंजनी कुमार एवं मृत्युंजय सिंह उपस्थित रहे।

## चंद्रशेखर बाबा केशव महाविद्यालय के छात्रों को मिला स्मार्टफोन

श्रीश कुमार पाण्डेय 'सन्तोष', समाज जागरण

चिलकहर (बलिया) : जननायक चन्दशेखर विश्वविद्यालय बलिया से संबद्ध चंद्रशेखर बाबा केशव महाविद्यालय संवरा के छात्र छात्राओं को स्मार्ट फोन वितरण शनिवार को डिग्री कालेज के परिसर में किया गया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुरजीत सिंह चौकी इंचार्ज पुलिस चौकी संवरा और विनोद कुमार यादव ग्राम प्रधान संवरा, सुधीर कुमार पाण्डेय प्रबंधक चन्द्रशेखर बाबा केशव महाविद्यालय संवरा एवं प्राचार्य डां. एके श्रीवास्तव के हाथों स्मार्ट फोन पाकर छात्र छात्राओं के चेहरे खिल उठे। इस वितरण कार्यक्रम में विशेष रूप से संजीव कुमार पाण्डेय, रत्नेश श्रीवास्तव, सूर्य प्रताप सिंह, अरविंद गिरि, सुरेश जी , विजय कुमार महि विद्यालय के अध्यापक अध्यापिकाऐं एवं छात्र छात्राऐं उपस्थित रहे।

## जन विश्वास रैली निकाल भाजपा नेता ने किया नगर का भ्रमण

शशिकांत ओझा ब्यूरो चीफ

समाज जागरण, बलिया : नगर पंचायत चितबड़ागांव में भाजपा नेता अमरजीत सिंह ने शनिवार को जन विश्वास रैली निकाल पूरे नगर का भ्रमण किया। श्री सिंह ने चुनाव में अधिक से अधिक मतदान करने और चेयरमैन पद के लिए वोट देने को भी कहा।



नगर के भाजपा नेता ने आरक्षण की स्थिति स्पष्ट होने और महिला आरक्षण के बाद अपनी पत्नी को मैदान में उतारा है। भाजपा नेता अमरजीत सिंह ने जन विश्वास रैली के माध्यम से नगर के पटेल नगर, चित्रेश्वर नगर, शास्त्री नगर, इंदिरा नगर, अंबेडकर नगर मुख्य बाजार होते हुए पीसीओ तिराहा पहुंचे। वहां से लौटते हुए पुरुषोत्तम गेट पर जन विश्वास रैली को संपन्न किया। जन विश्वास रैली में अमरजीत सिंह एवं उनके समर्थकों में भाजपा पक्ष में वोट देने की अपील की।

## गड़वार के वृद्धाश्रम में आयोजित हुआ विधिक साक्षरता शिविर

### -अपर जनपद न्यायाधीश ने किया वृद्धाश्रम का औचक निरीक्षण भी

ब्रजेश कुमार दुबे, समाज जागरण

गड़वार (बलिया) : उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेर्शानुसार एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलिया जितेन्द्र कुमार पाण्डेय के कुशल मार्गदर्शन में शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव, नरेन्द्र पाल राणा द्वारा वृद्धाश्रम गड़वार का औचक निरीक्षण किया गया और वहीं विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया।

निरीक्षण के दौरान नरेन्द्र पाल राणा द्वारा आवासीत वृद्धजनों से उनके रहन-सहन व खान-पान के बारे में जानकारी ली गयी। निरीक्षण के दौरान अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव द्वारा वृद्धाश्रम में निवासित सभी वृद्धजनों से बातचीत कर उनकी छोटी-छोटी समस्याओं पर ध्यान देते हुए, उन्हें सुना तथा समस्याओं का तुरन्त निराकरण करने हेतु अधीक्षक को निर्देशित किया गया। इसके साथ-ही वृद्धाश्रम गड़वार में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव नरेन्द्र पाल राणा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जिसमें वृद्धजनों को विधिक रूप से जागरूक किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण



बलिया के अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव, द्वारा वृद्धाश्रम में वृद्धजनो के अधिकारो, वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित पेंशन (विधवा पेंशन) के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि सरकार ने वरिष्ठ नागरिकों को यात्रा से लेकर स्वास्थ्य सेवाओं और आयकर तक में छूट दी जा रही है। सरकार की तरफ से देश के वरिष्ठ नागरिकों के जीवन को कम तनावपूर्ण बनाने और उन्हें सशक्त करने के लिये कई अन्य योजनायें संचालित की जा रहीं हैं। और इन योजनाओं का मुख्य उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को अधिक से अधिक सुविधा प्रदान किया जाना है। इस दौरान विनोद सिंह समाज कल्याण अधिकारी, घनश्याम सिंह अधीक्षक, कर्मचारीगण एवं वृद्धजन उपस्थित रहे।

## ट्रैक्टर के धक्के से बाइक सवार चाचा और भतीजा हुए घायल

संतोष कुमार द्विवेदी, समाज जागरण

नगरा (बलिया) : भीमपुरा-नगरा मार्ग पर चचयां गांव के समीप ट्रैक्टर के धक्के से बाइक सवार चाचा भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीण घायलों को उपचार हेतु बाजार के एक निजी चिकित्सक के यहां पहुंचाया।



चितबड़ागांव थाना क्षेत्र के कारो निवासी 45 वर्षीय मनोज व 38 वर्षीय हरिशंकर रिस्ते में चाचा-भतीजा बाइक से भीमपुरा क्षेत्र एक विद्यालय पर स्मार्टफोन लेने गये थे और वहां से घर के लिये वापस लौट रहे थे। दोनों अभी नगरा थाना क्षेत्र के चचयां गांव के समीप पहुंचे थे कि नगरा की तरफ से जा रहा तेज रफ्तार ट्रैक्टर बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे दोनों बाइक सवार गड्ढे में गिरकर छटपटाने लगे। ग्रामीण तुरन्त एंबुलेंस को फोन किए लेकिन एंबुलेंस आने में देर होने पर ग्रामीण दोनो को निजी अस्पताल पहुंचाए, जहां दोनो घायलों का उपचार जारी है। इस घटना में बाइक का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की सूचना पर घायलों के परिजन नगरा पहुंच गये।

## पं .दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेले में हुआ पशुओं का इलाज

सत्यप्रकाश सिंह, समाज जागरण

रानीगंज (बलिया) : विकास खंड बैरिया क्षेत्र के गांव सुरेमनपुर में पं . दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेले का आयोजन कराया गया। जिसमें गांव के दर्जनों लोगों ने अपने पशुओं को मौके पर ले जाकर डाक्टरों ने उनका निशुल्क चेकअप किया। निशुल्क दवाइयां भी प्राप्त की है।

आरोग्य मेले का शुभारंभ डॉ महेंद्र प्रताप सिंह उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी बैरिया, डॉ लालजी यादव पशु चिकित्सा अधिकारी मुरली छपरा, डॉक्टर ओम प्रकाश प्रजापति पशु चिकित्सा अधिकारी रेवती ने फीता काटकर किया।



इस दौरान चिकित्सकों की टीम ने मेले में आए दर्जनों पशुओं के चेकअप किए हैं। मेले में पहुंचे पशुपालन निश्शुल्क कुल पशुओं का इलाज 1538 किया गया। उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी ने मुख्य रूप से पशुपालकों को विस्तृत रूप से पशुओं के संक्रमण रोगों से बचाव हेतु टीका लगवाने विभागीय योजनाओं जैसे गोकुल मिशन पशुधन विभाग कृत्रिम गर्भधान,पशुधन बीमा योजना, के सी सी पशुपालक घटक किसान क्रेडिट कार्ड, टीकाकरण, मिनरल मिक्सर ,पेट में कीड़े जैसे दवाओं के लिए पशुपाल को विषश में विशेष रूप से बताएं।

इस मौका को अधिकार सेना के बैरिया विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे काम बहुत लाभकारी है मेले में पशुपालकों को पशुपालन के विभिन्न आयामों से संबंधित जानकारी दिया गया साथ ही क्षेत्र में सेवा कर रहे डॉक्टरों को धन्यवाद दिया ।

## सड़क दुर्घटना में घायल एक व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत

**अनूप राय, समाज जागरण खेजूरी (बलिया)** : स्थानीय थाना क्षेत्र के खड़सरा गांव के पास गुरुवार की देर रात हुई दुर्घटना में घायल चार लोगों में एक व्यक्ति की वाराणसी में इलाज के दौरान शनिवार की सुबह मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। जबकि तीन अन्य घायलों में से दो व्यक्तियों की हालत नाजुक बताई जा रही है। बता दें कि गुरुवार की देर रात को हुए सड़क हादसे में सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के चकखान निवासी अजय खरवार (45 वर्ष) पुत्र स्वर्गीय उदय भान खरवार, शिवजी राजभर (48 वर्ष) पुत्र पारस राजभर, वीरन राजभर (38 वर्ष) पुत्र स्वर्गीय राम जन्म , मनोज साहू (42 वर्ष) पुत्र स्वर्गीय मदन साहू गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जिन्हे चिकित्सकों ने वाराणसी रेफर कर दिया था। हालांकि परिजन मनोज गुप्ता और अजय खरवार को देवरिया एक निजी हॉस्पिटल लेकर चले गए । जबकि शिवजी राजभर तथा वीरन राजभर का इलाज वाराणसी में चल रहा था। जहां इलाज के दौरान शनिवार की भोर में शिवजी राजभर का निधन हो गया। जबकि वीरन और मनोज की स्थिति अभी भी गंभीर बनी हुई है।

## अर्थ, धर्म, काम और मोक्ष हैं सद्गुरु सिंहासन के चारों पैर

**रजनीश श्रीवास्तव, समाज जागरण सिकंदरपुर (बलिया) :** सिंहासन के चारों पैर अर्थ, धर्म, काम और मोक्ष से सुशोभित रहते हैं और उसकी महिमा अपरंपार है। उसके सान्निध्य से अलौकिक सुख की अनुभूति होती है। यह कहना है परिव्राजकाचार्य स्वामी श्री ईश्वर दास ब्रह्मचारी उर्फ मौनी बाबा का। वे अद्वैत शिवशक्ति महायज्ञ और गीता-प्रवचन में व्यासपीठ से श्रद्धालुओं को संबोधित करते रहते हैं ' अद्वैत शिवशक्ति परमधाम जनपद बलिया का एक मुख्य धाम है साथ में गुरु कृपारूपी साधना कवच में सदैव ही प्रतिष्ठित रहते हैं। आपको बताते चलें कि नेशनल एंटी करप्शन ऑपरेशन कमेटी ऑफ इंडिया के जिलाध्यक्ष के संदीप कुमार श्रीवास्तव, ने पहुंचकर पूज्य महाराज



स्वामी जी का आशीर्वाद लिया जहाँ पूज्य महाराज जी का प्रस्तुत ग्रंथ प्रणेता व रचयिता 'अमर कथा' नामक पुस्तक जो पुस्तक महामहिम राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल द्वारा विमोचन की गई है पुस्तक पूज्य महाराज ने संदीप श्रीवास्तव को आशीर्वाद स्वरुप दिया ', जहां नवतेश ब्रह्मचारी , हरि ब्रह्मचारी व प्रशासन के लोग मौजूद रहे।

# 128वीं जयंती पर याद किए गए बलिया के मालवीय मुरली बाबू

## परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने जयंती पर नमन कर दी बड़ी खुशखबरी

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ

समाज जागरण, बलिया.: जनपद के मालवीय मुरली बाबू को उनकी 128वीं जयंती पर याद किया गया। टाउन एजूकेशनल सोसायटी द्वारा शनिवार को श्री मुरली मनोहर टाउन इण्टर कालेज में स्थापित उनकी प्रतिमा स्थल पर आयोजित समारोह में मुरली बाबू द्वारा स्थापित पांचों शिक्षण संस्थानों ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। जयंती समारोह के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह थे। संरक्षक के रूप में जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर कल्पलता पाण्डेय भी उपस्थित रहीं।

मुख्य अतिथि दयाशंकर सिंह ने कहा



कि मुरली बाबू ने जनपद में शिक्षा की अलख जगाई थी। पांच शिक्षण संस्थानों की स्थापना उन्होंने उस समय की थी, जब समाज में इतनी आर्थिक सम्पन्नता नहीं थी। मुरली बाबू का व्यक्तित्व कितना विराट था, यह इसका प्रतीक है। उन्होंने कहा कि मुरली बाबू द्वारा स्थापित शिक्षण संस्थानों की परम्परा को आगे बढ़ाया जाएगा और जनपद में शीघ्र ही मेडिकल कॉलेज की स्थापना की जाएगी। उन्होंने बताया कि मेडिकल कॉलेज के लिए जमीन की व्यवस्था कर ली गई है।

कहा जिला कारागार को स्थानांतरित किया जाएगा और उस स्थान पर मेडिकल कॉलेज की स्थापना की




जाएगी। टाउन एजूकेशनल सोसायटी के सचिव राकेश कुमार की पहल पर परिवहन राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह ने जिले में राष्ट्रीय स्तर के खेल महोत्सव आयोजित करने की घोषणा की। उन्होंने विकास की रुपरेखा का खाका खिचते हुए सभा को शहर को जाम से मुक्त करने की योजना से अवगत कराया। जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय की कुलपति ने कहा कि मुरली बाबू की कृतियां अमर हैं। उनके द्वारा स्थापित शिक्षण संस्थान बेहतर समाज के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। उन्हें विश्वास है कि यह परम्परा आगे और समृद्ध होगी। समारोह में टाउन एजूकेशनल सोसायटी द्वारा पांचों शिक्षण संस्थाओं के मेधावी छात्र छात्राओं को मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। छात्र छात्राओं को यह सम्मान मुख्य अतिथि व कुलपति द्वारा दिया गया। जयंती समारोह का आरंभ सरस्वती वंदना से हुआ। श्री मुरली मनोहर टाउन स्नातकोत्तर महाविद्यालय के संगीत विभाग के छात्रों ने इसे प्रस्तुत किया। अतिथियों का स्वागत गुलाब देवी बालिका इण्टर कालेज की छात्राओं ने गीत व नृत्य से किया। स्वागत भाषण टाउन एजूकेशनल सोसाइटी के सचिव राकेश कुमार व धन्यवाद ज्ञापन सोसाइटी के अध्यक्ष दीपक वर्मा ने किया। आभार गुलाब देवी बालिका इण्टर कालेज के प्रबंधक नलीनेश कुमार ने किया। मंच पर बालकृष्ण अग्रवाल, गुलाब देवी डिग्री कालेज प्रबंध समिति के सचिव कमलेश श्रीवास्तव, श्री मुरली मनोहर टाउन इण्टर कालेज प्रबंध समिति के प्रबंधक अमर कुमार आदि की उपस्थिति प्रमुख रही। समारोह का संचालन डॉक्टर दयालानंद व डॉक्टर अशोक सिंह ने संयुक्त रूप से किया।

## इंटरलॉकिंग सड़क और पोखरा सीढ़ी का लोकार्पण

ब्रजेश कुमार दुबे, समाज जागरण

गड़वार (बलिया) :क्षेत्र के नारायनपाली गांव में मनरेगा योजनांतर्गत शिवसागर पोखरे से पश्चिम पुलिया तक इंटरलॉकिंग व पोखरे में सीढ़ी निर्माण तथा प्राचीन कुंए के जीर्णोद्धार के कार्य का उद्घाटन किया गया।

खण्ड विकास अधिकारी रमेश कुमार यादव ने शिलापट्ट का अनावरण व फीता काटकर किया। इन तीनों कार्यों के होने से ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अनिल यादव, पप्पू पांडेय, सतेंद्र, राजू दुबे, मिथिलेश पांडेय आदि उपस्थित रहे।

## रोजगार मेला का आयोजन 19 दिसंबर को

समाज जागरण बलिया : जिला सेवायोजन अधिकारी आशुतोष प्रसाद ने बताया है कि शासन के निदेर्शानुसार जिला सेवायोजन कार्यालय बलिया द्वारा दिनांक 19 दिसंबर को आयोजित है। सतनी सराय भृगु आश्रम स्थित सेवायोजन कार्यालय बलिया पर रोजगार मेला का आयोजन किया गया है। टेक्निकल क्षेत्र की कम्पनी सुब्रोस इण्डिया लिमिटेड नोएडा प्रतिभाग कर रही है। साक्षात्कार के माध्यम से सौ अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा । रोजगार मेले में 18 वर्ष से 30 वर्ष के 10वी, 12वी. स्नातक, आईटीआई में प्रशिक्षित युवा समस्त प्रमाण पत्रों के साथ प्रतिभाग कर सकते है

# जिले की सहकारी समितियां फिर से शुरू करेंगी ऋण वितरण

**समाज जागरण बलिया** : सहायक आयुक्त और सहायक निबंधक सहकारिता नीरज कुमार ने बताया है कि जिला सहकारी बैंक लि. बलिया की आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण सहकारी समितियों के माध्यम से कृषकों को ऋण वितरण का कार्य लगभग विगत 16 वर्षों से बन्द था।
सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता बलिया एवं अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक लि. बलिया तथा सचिव / मुख्य कार्यपालक अधिकारी जिला सहकारी बैंक लि. बलिया के प्रयास से जिला सहकारी बैंक लिए बलिया द्वारा विगत लगभग 16 वर्षों के बाद सहकारी समितियों के माध्यम से ऋण वितरण का कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। शुरूआत में जिला सहकारी बैंक लि. बलिया से सम्बन्धित बेबाक लगभग 16 सहकारी समितियों से ऋण वितरण कराये जाने की योजना है, जिसके अन्तर्गत साधन सहकारी समिति लि. मिश्रौली वि० ख० पन्दह द्वारा दिनांक 16 दिसंबर को एक कृषक सदस्य को मु० 25 हजार रु० का फसली ऋण वितरण का शुभारम्भ कर दिया गया है। शेष चयनित सहकारी समितियों द्वारा शीघ्र ही ऋण वितरण का कार्य प्रारम्भ किया जायेगा। जिससे जनपद के कृषकों द्वारा सहकारी समितियों से कृषि ऋण सरलता पूर्वक प्राप्त कर अपनी आय बढ़ाने में सहयोग मिलेगा।

# ग्रापए के प्रदेश अध्यक्ष और जिलाध्यक्ष हुए सम्मानित

**नित्यानंद सिंह, समाज जागरण**

बैरिया (बलिया) : प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विष्व विद्यालय शाखा बैरिया की प्रमुख संचालिका राजयोगिनी पुष्पा दीदी व समता दीदी ने प्रभु दर्शन भवन में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष सौरभ




कुमार व जिलाध्यक्ष शशिकांत मिश्रा के साथ दर्जनों पत्रकारों को राजयोग मेडिटेशन की अनुभूति कराते हुए सभी पत्रकारों को अंगवस्त्रम व ईश्वरीय स्वगात देकर सम्मानित किया।
पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए अपने सम्बोधन में पुष्पा दीदी ने कहा की पत्रकारिता की सेवा के साथ साथ जीवन मे अध्यात्म का होना अति जरुरी हैं ।भाग दौड़ की जिंदगी में राजयोग के माध्यम से ही आत्मा रुपी बैट्री को चार्ज करके मन के अंदर बैठे काम, क्रोध, लोभ , मोह , अंहकार जैसे विकारों को नष्ट कर जीवन को सफल बनाया जा सकता हैं। राजयोगिनी समता दीदी ने पत्रकारों से अपने संबोधन में कहा कि आप सभी भाई बहन अपने स्वास्थ्य व खुशहाल जीवन के लिए रोज के दिनचर्या में राजयोग मेडिटेशन जरुर सामिल करें । और हप्ते में अपने ब्यस्त समय मे से कम से कम एक दिन अपने नजदीकी ब्रह्माकुमारी आश्रम में पहुचकर 1 घण्टे राजयोग करने की विधि को सीखकर अपने आनंदमय जीवन व परिवार के साथ घर को स्वर्ग बनाए ।इसके बाद समता दीदी ने सभी पत्रकार भाईयो को ब्रह्माकुमारी के अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू के शांति वन में राष्ट्रीय मीडिया के प्रोग्राम में शामिल होने का आग्रह भी किया।

# तेजी से बढ़ते ठण्ड को देखकर पालिका ने पूरी कर ली तैयारी : राजेन्द्र प्रसाद

**ऋचा वर्मा, दैनिक समाज जागरण**

रसड़ा (बलिया) : बढ़ते ठंडक को देखते हुए नगर पालिका परिषद रसड़ा ने हालात से निपटने की तैयारी शुरू कर दी है। जहां निराश्रितों एवं राहगीरों के लिए रैन बसेरा खोल दिए गए हैं। वहीं, नगर के एक दर्जन चिह्नित स्थलों पर अलाव लगाने की सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं।
बदलते मौसम के कारण अचानक सर्दी बढ़ने लगी है। नागरिकों ने ठंड से बचाव के लिए स्वेटर एवं गर्म कपड़ों को पहनाना प्रारंभ कर दिया है। लेकिन, बेघर व असहायों को इंतजाम के अभाव में ठंड से बचाव करना मुश्किल हो रहा है। नगर पालिका परिषद रसड़ा अधिशासी अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद ने इस स्थिति से निपटने हेतु पालिका कर्मियों को निर्देश जारी कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि पिछले सालों की भांति इस साल भी सर्दी से बचाव के लिए रसड़ा में सार्वजनिक स्थलों पर अलाव लगाए जायेंगे। जिन स्थलों पर अलाव लगाए जाने हैं, उनमें प्यारे लाल चौराहा, भगत सिंह चौराहा, आजाद चौराहा व मुन्सिफ तिराहा के साथ साथ अन्य स्थल भी हैं। वहीं रसड़ा पानी टंकी परिसर में निराश्रित, बेघर, असहायों को ठहरने के लिए व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए हैं।
बसेरा में रजाई, गद्दा, कंबल एवं स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था कर दी गई है।

## गायत्री परिवार जनपदीय कार्यकर्ता बैठक आज

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ**

समाज जागरण, बलिया : गायत्री माता प्राण प्रतिष्ठा वार्षिकोत्सव एक जनवरी से चार जनवरी तक होगा। इसीक्रम में108 कुंडीय जन जागरण महायज्ञ और विराट संस्कार महोत्सव होना है। इसी के निमित्त गायत्री परिवार के सदस्यों की बैठक रविवार 18 सितंबर को होना है।



उक्त आशय की जानकारी देते हुए गायत्री परिवार बलिया के प्रभारी विजेंद्र नाथ चौबे ने बताया है कि जनपदीय कार्यकर्ता गोष्ठी रविवार को दिन में 11 बजे से गायत्री शक्तिपीठ महावीर घाट बलिया में आयोजित है। आह्वान किया कि गायत्री माता प्राण प्रतिष्ठा वार्षिकोत्सव के दौरान 108 कुंडीय जन जागरण गायत्री महायज्ञ व विराट् संस्कार महोत्सव को सफल बनाने के लिए बैठक में सहभागिता करें। कहा शांतिकुंज हरिद्वार के विद्वान आचार्य टोली द्वारा आयोजन सुनिश्चित है। उक्त कार्यक्रम को सुव्यवस्थित दिव्य व भव्य बनाने के साथ जनपद के प्रत्येक ग्राम सभा तक गायत्री माता के दिव्य प्रवाह को ले जाने हेतु सहभागिता करें।

## हृदय गति रुकने से अध्यक्ष प्रबंध समिति का निधन

**ब्रजेश दुबे, समाज जागरण**

गड़वार (बलिया) : श्री जंगली बाबा इंटरमीडिएट कॉलेज, गड़वार के प्रबंध समिति के अध्यक्ष क्षेत्र के दामोदरपुर निवासी कमलदेव पांडेय(75)वर्ष का उनके गोरखपुर स्थित आवास पर गुरुवार की देर रात हृदय गति रुकने से निधन हो गया।
शुक्रवार को विद्यालय परिसर में एक शोक सभा का आयोजन कर गतात्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई व श्रद्धांजलि अर्पित की गई।वहीं दो दिनों के लिए विद्यालय में अवकाश घोषित कर दिया गया।इस मौके पर प्रबंधक ध्रुव सिंह, प्राचार्य रमेश कुमार,दिनेश उपाध्याय,अरविंद सिंह,अजमल सहित समस्त अध्यापक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# परिवहन मंत्री ने छात्र-छात्राओं को वितरित किए स्मार्टफोन एवं टेबलेट

**शशिकांत ओझा,ब्यूरो चीफ**

समाज जागरण, बलिया : उत्तर प्रदेश सरकार के परिवहन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने शनिवार को श्रीनाथ बाबा महाविद्यालय इसारी



सलेमपुर, बलिया में प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किया।
परिवहन मंत्री ने स्मार्टफोन की उपयोगिता बताते हुए छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि छात्रों को तकनीक से जोड़ने की प्रदेश सरकार ही मंशा है,जिससे कि छात्र ऑनलाइन तैयारी फार्म सबमिशन और देश विदेश के जानकारी प्राप्त कर सकें। प्रदेश सरकार द्वारा इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्रों को स्मार्टफोन प्रदान किया जा है। एक अन्य कार्यक्रम में बलिया जनपद के नगवां स्थित शहीद मंगल पाण्डेय राजकीय महिला महाविद्यालय में छात्राओं को टैबलेट व स्मार्टफोन वितरित किया।

## भारतीय जीवन बीमा के द्वारा धनुष यज्ञ मेला में अभिकर्ता भर्ती स्टॉल का उदघाटन

सत्यप्रकाश सिंह, समाज जागरण

रानीगंज (बलिया) : भारतीय जीवन बीमा के द्वारा धनुष यज्ञ मेला में अभिकर्ता भर्ती स्टॉल का उदघाटन ब्रांच मैनेजर रानीगंज टीबी नारायण एवं अधिकार सेना के बैरिया विधानसभा अध्यक्ष नित्यानन्द सिंह ने फीता कटकर किया। जिसका नेतृत्व एलआईसी के मुख्य सलाहकार संजय सिंह ने किया।
ब्रांच मैनेजर ने लोगों से एलआईसी के माध्यम से रोजगार प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि एलआईसी एजेंसी आपका अपना व्यवसाय है जिसमे किसी पूंजी निवेश की आवश्कता नहीं है। आप सभी फूल टाइम अथवा पार्ट



टाइम कार्य कर लाखों रुपए प्रत्येक माह कमा सकते है। इसे समाज सेवा के रूप में भी किया जा सकता है। ब्रांच मैनेजर का स्वागत मेला/प्रभारी प्रधान प्रतिनिधि रोशन गुप्ता, नित्यानंद सिंह ने एलआईसी के मुख्य सलाहकार संजय सिंह को धन्यवाद देते हुए बताया कि लोगों का इतना ख्याल रखते हुए बीमा करवा रहे हैं एवं उनको लाभ दिला रहे हैं। वाईटीपी नारायण जी ने बताया कि एलआईसी का मुख्य सलाहकार संजय सिंह से जुड़कर एजेंट बने इसमें काम करके आप लोग भी कमाए और जिनका बीमा हो रहा है उनका भी लाभ दिलाने का प्रयास करें। इस अवसर पर शिवनारायण भारती, गौतम भारती,.ब्रजेश सिंह,.मिथिलेश चौबे, यशपाल सिंह, दयाराम यादव, बिनोद शर्मा, संजय तिवारी, विमलेश यादव, अंकित तिवारी , राहुल वर्मा इत्यादि शामिल रहे।

## बाइक साइकिल की भिड़ंत, बाइक सवार गंभीर रुप घायल

रजनीश श्रीवास्तव, समाज जागरण

सिकंदरपुर (बलिया) : तहसील क्षेत्र के खरीद गांव के समीप बाइक व साइकल की टक्कर में बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसका इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है।
प्राप्त जानकारी के अनुसार काजीपुर गांव निवासी राजेश चौरसिया (40) पुत्र स्वर्गीय रामबचन चौरसिया बाइक द्वारा सिकंदरपुर से अपने गांव आ रहे थे। अभी वह खरीद गांव के समीप पहुंचे ही थे कि साईकिल से टकरा जाने से सड़क पर गिरकर वह गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर इकट्ठा स्थानीय लोगों ने उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य सिकंदरपुर पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर अवस्था को देखते हुए सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

## जिले में शराब की जांच को लेकर विभागीय जांच अभी भी जारी

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ**

समाज जागरण, बलिया : सारण( बिहार ) में हुई जहरीली शराब दुर्घटना के दृष्टिगत जनपद में अवैध मादक पदार्थ/शराब के निर्माण /बिक्री के विरुद्ध चलाये जा रहा प्रवर्तन अभियान अनवरत जारी है। सरकारी दुकान और शराब की जांच ज्यादा है। देशी नकली और जहरीली पर कम।
आबकारी आयुक्त प्रयागराज के आदेश और जिला आबकारी अधिकारी एवं सहायक आबकारी आयुक्त (ईआईबी) प्रयागराज के निर्देशन में आबकारी निरीक्षक निरंकार नाथ पाण्डेय (ईआईबी) प्रयागराज के साथ जनपद बलिया के( आ. नि.)विनोद कुमार , (आ नि ) दिनेश पास्वान, (आ. नि.) प्रतीक्षा मौर्या, (आ. नि.) संदीप यादव, एवं ( आ. नि) विनय राय तथा स्टाफ की संयुक्त टीम द्वारा बिहार प्रान्त के सीमावर्ती शिवाल, मून छपरा, उपाध्यायपुर, माझी घाट एवं



लालगंज गावों में अवैध /जहरीली शराब के बिरुद्ध विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया. इस दौरान बैरिया थाना क्षेत्र के सीमावर्ती गावों के संदिग्ध स्थानों पर औचक दबिस दी गयी। दबिस के दौरान कुल 60 लीटर कच्ची शराब बरामद कर 1 अभियोग आबकारी अधिनियम की सुसंगत धारा में पंजीकृत किया गया। मौके पर लगभग 500 किलोग्राम लहन को नष्ट किया गया। साथ ही क्षेत्र में स्थित देशी शराब, विदेशी मदिरा एवं बीयर दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। दुकानों में उपस्थित स्टॉक का स्टॉक रजिस्टर से मिलान किया गया। बोतलो में लगे क्यू आर कोड एवं पेटीयो के बार कोड से मिलान किया गया। कहीं पर भी किसी प्रकार की अनियमितता नहीं पायी गयी।

# पांच दिवसीय हॉकी प्रतियोगिता का पुलिस अधीक्षक ने किया शुभारम्भ

**बिकास राय ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर-गाजीपुर गोल्ड कप मण्डल स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता का भव्य शुभारम्भ शनिवार को मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने नेहरू स्टेडियम गोराबाजार मे मेजर ध्यान चन्द्र के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। यह प्रतियागिता 17 दिसम्बर 2022 से 21 दिसम्बर 2022 तक संचालित रहेगी। सर्वप्रथम अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी अम्बुज श्रीवास्तव ने उपस्थित मुख्य अतिथि को अंगवत्रम एवं स्मृति चिन्ह के रूप (हॉकी) देकर सम्मानित किया तथा हॉकी खिलाड़ी राजेन्द्र यादव (रेलवे) ने मुख्य अतिथि का बैज लगाकरे स्वागत किया। प्रतियोगिता प्रारम्भ होने से पूर्व मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियो से परिचय प्राप्त किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच डी0 एच0 ए0 गाजीपुर एवं डी0 एच0 ए0 मऊ के मध्य खेला गया। मैच के दौरान निर्धारित समय में दोनो टीमो मे काटें की टक्कर रही, जिसमे मुकाबला 01-01 पर बराबरी पर छूटा। जिसमें मऊ की तरफ से 12 वे मिनट पर उमाशंकर यादव ने गोल दागा। इसके तुरन्त बाद ही जनपद गाजीपुर की तरफ से 15 वें मिनट पर राहुल यादव ने गोल करके दोनो टीमो को बराबरी पर ला दिया। मैच के समाप्ति तक दोनो टीमे 01-01 पर` ड्रा रही। दोनो टीमो के बीच ट्राईवेकर में जनपद गाजीपुर` 05-04 से विजयी रही। प्लेयर ऑफ द टूनार्मेन्ट गाजीपुर के गोलकीपर वीरू को दिया गया। प्रतियोगिता का दूसरा मैच` शिवकाल भैरव एकेडमी अठगावां सैदपुर एवं विवेक हॉकी



एकेडमी वाराणसी के मध्य खेला गया जिसमें शिवकाल भैरव एकेडमी अठगावा` 02-शून्य से विजयी रही।
अठगावा की तरफ से जय हिन्द यादव ने दूसरे एंव नीरज यादव ने 30वे मिनट में गोल दाग कर बढत बनायी। प्रतियोगिता मे निर्णायक की भूमिका अजय गुप्ता एवं बृजेश यादव ने निभाई तथा टेक्निकल टेलब परे भारतीय वायु सेना (सेवा0निवृ0) योगेश सिंह एवं नीरज साहू एंव जावेद अहमद (यू0पी0पी0) उपस्थित थे। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने खिलाड़ियो का उत्साहवर्घन किया तथा अपने सम्बोध मे खिलाड़ियो को` कड़ी मेहनत कर राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर जनपद का नाम रोशन करने को कहा। अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी अम्बुज श्रीवास्तव ने कहा कि जनपद में कई वर्षो से हॉकी की प्रतियोगिता न होने से हमारा जनपद पीछे हो गया था। इस प्रतियोगिता से खिलाड़ियो मे उत्साह बढेगा, खिलाड़ी अधिक से अधिक मेहनत कर राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर जनपद का नाम रोशन करेगे, इसी उद्देश्य से यह प्रतियोगिता करायी गयी है और आगे भी इसी तरह हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा।
उन्होने बताया` इस 05 दिवसीय प्रतियोगिता में कुल 12 टीमे प्रतिभाग करेगी जिसमें मुख्यतः विवेक सिंह हॉकी एकेडमी वाराणसी, डी एच ए मऊ, कमरपुर हॉकी एकेडमी, शिवकाल भैरव स्पोर्टस एकेडमी अठगांवा सैदपुर, डी एच ए गाजीपुर सम्मिलित है। इस अवसर पर अरविन्द यादव जिला क्रीडा अधिकारी, ग्यासुद्दीन आजाद, नीरज श्रीवास्तव एडवोकट, नफीस अहमद हाकी कोच, अब्दुल मजीद, राजेन्द्र यादव, संतोष कुशवाहा, सुरजीत सिंह यादव, आमिर अंसारी, देश दीपक श्रीवास्तव, अंसार अहमद, मो शाहिद, सदेश साहू, सर्वदेव यादव कुश्ती कोच, मो0 कोनैन, मो0 इलियास, संजीव एवं अन्य खिलाड़ी एवं खेल प्रेमी तथा भारी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी के आदेश पर होटल और ढाबा मालिक पर मुकदमा दर्ज

**बिकास राय ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर। जिला पूर्ति अधिकारी कुमार निर्मलेन्दु ने बताया कि एलपीजी के अनाधिकृत भण्डारण एवं घरेलू गैस के दुरूपयोग की रोक-थाम करने के लिये शुक्रवार को जिले में सघन चेकिंग अभियान चलाकर होटलों, रेस्टोरेण्टों, मिठाई की दुकानों एवं ढाबों की जॉच की गयी। चेकिंग में नन्द रेजीडेन्सी की जॉच में इनके रसोईघर में एक ही स्थान पर 12 भरे व्यवसायिक गैस सिलेण्डर व 4 खाली व्यवसायिक गैस सिलेण्डर मौजूद पाये गये। विस्फोटक अधिनियम 1884 भारत सरकार के राजपत्र संख्या 804 भाग-2 खण्ड-3-उपखण्ड (प्रथम) अध्याय-6 के बिन्दु संख्या-44 के प्रस्तर-ग एवं शासनादेश संख्या 416 द्वारा किसी भी स्थान पर 100 किग्रा से अधिक एलपीजी का भण्डारण करना प्रतिबन्धित है। चूँकि एल0पी0जी सिलेण्डर अत्यधिक ज्वलनशील पदार्थ है और बिना विस्फोटक लाईसेन्स आदि के 100 किग्रा से अधिक एलपीजी के भण्डारण की अनुमति नहीं है। चेकिंग के दौरान मौके पर 12 भरे व्यवसायिक सिलेण्डरों में भरे एलपीजी का वजन लगभग 228 किग्रा है। उक्त होटल गाजीपुर शहर में गाजीपुर वाराणसी मुख्य मार्ग पर स्थित है। होटल में काफी मात्रा में एलपीजी सिलेण्डर भण्डारण से कभी-भी कोई अप्रिय घटना घटने की आशंका है। इनका उक्त कृत्य विस्फोटक अधिनियम 1884 एवं लिक्विफाईड पेट्रोलियम



गैस (रेगुलेशन ऑफ सप्लाई एवं डिस्ट्रिव्यूशन) आर्डर 2000 के विभिन्न प्राविधानों के प्रतिकूल है, जो आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध की श्रेणी में आता है। इसके बाद न्यू सम्राट ढाबा एवं फैमिली रेस्टोरेन्ट खुशहाली (गाजीपुर-वाराणसी हाईवे) की जॉच में पाया गया कि इनके द्वारा 4 घरेलू गैस सिलेण्डरों का प्रयोग व्यवसायिक रूप से किया जा रहा था। इनका उक्त कृत्य लिक्विफाईड पेट्रोलियम गैस (रेगुलेशन ऑफ सप्लाई एवं डिस्ट्रिव्यूशन) आर्डर 2000 के विभिन्न प्राविधानों के प्रतिकूल है, जो आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध है। जिलाधिकारी के अनुमोदन आदेष शुक्रवार के क्रम में नन्द रेजीडेन्सी, बंषी बाजार के अशोक कुमार दूबे, जनरल मैनेजर, नन्द रेजीडेन्सी एवं विवेकानन्द पाण्डेय पुत्र सच्चिदानन्द पाण्डेय, मार्केटिंग मैनेजर नन्द रेजीडेन्सी के विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अन्तर्गत थाना-कोतवाली में मुकदमा अपराध संख्या 0597 /2022 दर्ज कराया गया। न्यू सम्राट ढाबा एवं फैमिली रेस्टोरेन्ट खुशहाली (गाजीपुर-वाराणसी हाईवे) के नागेन्द्र कुमार पुत्र स्व0 रामाधार कुशवाहा, रामाश्रय सिंह कुशवाहा पुत्र रामाधार सिंह कुशवाहा एवं अभिषेक कुशवाहा पुत्र नागेन्द्र कुशवाहा निवासी ग्राम- गिरधारीपुर (छावनी लाईन) थाना-कोतवाली के विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम-1955 की धारा 3/7 के अन्तर्गत थाना-कोतवाली में मुकदमा अपराध संख्या 0598/2022 शुक्रवार की रात्रि को दर्ज कराया गया है। जनपद के समस्त होटल संचालकों, ढाबा संचालकों, रेस्टोरेन्ट संचालकों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के मालिकों को कड़ी हिदायत दी जाती है कि किसी भी दषा में घरेलू गैस सिलेण्डर का प्रयोग व्यवसायिक रूप से न करें और किसी भी स्थान पर विस्फोटक अधिनियम 1884 द्वारा निर्धारित मात्रा से अधिक मात्रा में एलपीजी सिलेण्डर का भण्डारण भी न करें और न ही कोई व्यक्ति गैस सिलेण्डरों की रीफिलिंग करे। समस्त सरकारी/गैर सरकारी गैस एजेन्सी संचालको को निर्देषित किया जाता है कि समस्त व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को नियमानुसार ही व्यवसायिक गैस कनेक्शन निर्गत करें/गैस सिलण्डरों की आपूर्ति करें। यदि किसी भी व्यक्ति/ प्रतिष्ठान/ गैस एजेन्सी संचालक द्वारा उपर्युक्त निर्देषों का अनुपालन नहीं किया जाता है तो उनके विरूद्ध कडी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# कश्यप गोत्रिय किनवार समाज के पचासों गांव के लोगों की हुई बैठक

**बिकास राय ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

## शारदा देवी को सभी ने दी श्रद्धांजलि

गाजीपुर के प्रमुख समाजसेवी अरविन्द राय अभियंता की मां स्व0 शारदा देवी का त्रयोदशाह गुरुवार को सम्पन्न किया गया। शुक्रवार को अरविन्द राय के दरवाजे पर किनवार वंश की एक बैठक आयोजित की गयी।बैठक की अध्यक्षता सन्तोष राय गुड्डू के द्वारा की गयी।संचालन का कुशल दायित्व ब्यास मुनी राय के द्वारा निभाया गया। अवधेश राय के द्वारा उपस्थित लोगों से

**मां तो मां होती है,मां के बिना किसी का कोई अस्तीत्व नहीं है-अरविन्द राय**
**जो कौम अपने इतिहास को भुला देती है उसका भूगोल भी बिगड़ते देर नहीं लगता है-के एन राय**

अरविन्द राय एवं उनके परिवार का परिचय दिया गया। कार्यक्रम में मदन



गोपाल राय, राजेन्द्र राय,बेनी माधव राय,के एन राय संपादक आजाद पत्र, मुक्ति नाथ राय,विनोद राय, दुर्गा प्रसाद राय, माधवेन्द्र राय, देवेन्द्र राय, विजेन्द्र राय,शिवनाथ राय, जनार्दन राय समेत अन्य वक्ताओं ने अपने समाज के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए आपसी संबंधों की प्रगाढ़ता एवम एक जुटता पर बल दिया। सहरमाडीह किनवार किर्ति स्तंभ स्थल पर एक पुस्तकालय की योजना पर सभी लोगों ने सहर्ष ताली बजा कर स्वीकृति दी।

**अपने संबोधन में के एन राय ने विस्तार से किनवार वंश पर चर्चा की। उन्होंने कहा की जो कौम अपने इतिहास को भुला देती है उसका भूगोल भी बिगड़ते देर नहीं लगता है।**

कार्यक्रम में उपस्थित सभी के प्रति आभार अरविन्द राय अभियंता के द्वारा ब्यक्त किया गया।इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने स्व शारदा देवी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित किया।सभी लोग स्व शारदा देवी के आत्मा की शान्ति के लिए दो मिनट का मौन रक्खा गया।सभी आगन्तुको का अरविन्द राय अभियंता, नरेन्द्र नाथ राय, राजेश राय पप्पू,के द्वारा अंगवस्त्रम भेंट कर सम्मान किया गया।
इस कार्यक्रम में बिनय राय,हिमांशु राय प्रबन्धक जय बजरंग आई टी आई लट्ठूडीह, आलोक राय प्रधान,जेपी राय,श्री प्रकाश राय, झिंगुरी राय,राजेश राय,बुल्लू राय, ब्रजभूषण राय चुन्ना, राजेश्वर राय,अमित राय, श्याम बहादुर राय, सत्यनारायण राय,बिजेंद्र राय, कमलेश राय शर्मा,दुर्गा प्रसाद राय प्रतिनिधि जिला पंचायत सदस्य,मनोज राय, अशोक राय, गुड्डू राय, टुनटुन राय, डाक्टर ओंकार राय, रविन्द्र राय, अवधेश नारायण राय, कार्यक्रम का समापन भोज से किया गया।

# पातालगंगा मंडी के लिए होगी जमीन की तलाश

**बिकास राय ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर । जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में पातालगंगा मंडी में किसानों के साथ बैठक कर किसानों की समस्याओं के बारे में चर्चा की गयी। पातालगंगा मंडी सड़क (फुटपाथ)पर लगती है ।इसके लिए मौके पर



तहसीलदार को जमीन तलाशने का निर्देश दिया गया ।जिलाधिकारी ने कहा कि जमीन की उपलब्धता होने पर मंडी का निर्माण किया जाएगा । जिलाधिकारी ने सब्जियों, फलों की पैकिंग के लिए पैक हाउस निर्माण के लिए जमीन तलाशने के लिए भी निर्देश दिए। ताकि किसानों के कृषि उत्पाद को देश में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी भेजा जा सके।
पातालगंगा से सब्जियां पश्चिम बंगाल, बांग्लादेश तथा दूसरे देशों को जाती हैं जिसमें किसानों को बहुत ही असुविधा का सामना करना पड़ता है । जिलाधिकारी ने कहा किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य देने के लिए सरकार कृत संकल्प है। बैठक में उपस्थित किसानों एवं व्यवसायियों ने बिजली, पानी, लाइट ,बैंक, एटीएम अलाव सड़क के चौड़ीकरण आदि सुविधाओं की मांग जिलाधिकारी से की। जिस पर जिलाधिकारी ने हर संभव सुविधा उपलब्ध कराने का आश्वासन देते हुए उपस्थित अधिकारियों को कार्यवाही हेतु निर्देश दिये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्री प्रकाश गुप्ता, खंड विकास अधिकारी भांवरकोल, तहसीलदार, सचिव मंडी मुहम्मदाबाद, जिला कृषि अधिकारी, उप कृषि निदेशक, उद्यान अधिकारी तथा बड़ी संख्या में किसान और व्यवसायी उपस्थित थे।

## 'गलतफहमी में हो कि भारत 1962 की तरह कमजोर है...' : तिब्बती नेता ने चीन को चेताया

जम्मू. तिब्बत की निर्वासित सरकार के राष्ट्रपति पेनपा सेरिंग ने शनिवार को कहा कि भारत के खिलाफ चीन का आक्रामक रुख उसकी ह्यअसुरक्षा की भावनाह्व का परिणाम है और इसका मकसद एशिया में अपना दबदबा कायम करना है.



तिब्बती नेता जम्मू विश्वविद्यालय में बौद्ध अध्ययन विभाग के सहयोग से आयोजित भारत तिब्बत संघ की दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्य समिति बैठक-सह-संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे. सेरिंग ने संगोष्ठी से इतर संवाददाताओं से कहा, ह्यभारत के खिलाफ चीन के आक्रामक रुख से उसकी असुरक्षा की भावना जाहिर होती है. चीन का उद्देश्य भारत को रोकना है ताकि एशियाई क्षेत्र में उसके प्रभुत्व को चुनौती देने वाला कोई न हो.

## FIFA 2022: क्रोएशिया ने मोरक्को पर दर्ज की 2-1 से जीत...तीसरे स्थान पर रहते हुए किया टूनामेंट का अंत

दोहाः कतर में खेले जा रहे फीफा वर्ल्ड कप 2023 के मुकाबले में शनिवार को क्रोएशिया की टीम ने मोरक्को पर 2-1 से बड़ी जीत



दर्ज की. इसके साथ ही पिछले विश्व कप की उप विजेता क्रोएशिया ने अपने अभियान का अंत तीसरे स्थान पर रहते हुए किया. क्रोएशिया की फुटबॉल टीम ने 1998 विश्व कप में भी तीसरे स्थान पर रहते हुए ही विश्व कप समाप्त किया था.

कतर के खलीफा अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में हुए इस मैच के तीनों गोल पहले ही हाफ में हुए. पहले दो गोल नौ मिनट के अंदर हो चुके थे. क्रोएशिया के लिये जोस्को ग्वारडियोल ने सातवें ही मिनट में खूबसूरत ह्यसेट पीसह्न से गोल किया.

## आशुतोष व रचित की अर्धशतकीय पारी से वीआइपी एकेडमी ने जीता मैच

**आशुतोष चतुर्वेदी, ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

मऊ : कल्पनाथ क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित विमला देवी क्रिकेट मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता के ग्रुप बी मैच में शनिवार को वीआइपी क्रिकेट एकेडमी ने जीत दर्ज की। डा. भीमराव आंबेडकर स्टेडियम में न्यू स्पोर्ट्स लाइव और वीआइपी क्रिकेट एकेडमी के बीच खेला गया। टास जीतकर वीआइपी क्रिकेट एकेडमी ने गेंदबाजी करने का फैसला लिया। न्यू स्पोर्टस लाइन पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 30 ओवरों 6 विकेट खोकर 240 रन का लक्ष्य प्रदान किया। इसमें आशुतोष सिसोदिया ने 70, रचित ने 55 तथा धनंजय यादव ने 40 रनों की पारी खेली। वीआइपी क्रिकेट एकेडमी की तरफ से राहुल यादव ने तीन विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी वीआइपी क्रिकेट एकेडमी की शुरूआत काफी खराब रही और और 30 ओवरों में 8 विकेट खोकर मात्र 104 रन ही बना सकी। इसमें राहुल यादव ने 25 रनों का योगदान दिया। न्यू स्पोर्ट लाइन की तरफ से धनंजय, राहुल, अभिनेश को एक-एक विकेट मिला। आशुतोष को शानदार बल्लेबाजी के लिए मैन आफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। निर्णायक भूमिका में पंकज मौर्य एवं अभिषेक रहे। इस मौके पर जिला क्रीड़ा अधिकारी मुकेश अग्रवाल एवं धर्मेंद्र सिंह क्रिकेट कोच मोहम्मद शाहिद, रीशु शर्मा, अखंड प्रताप सिंह, ज्ञान प्रकाश यादव, कमलेश यादव, सुरेंद्र मौर्य उपस्थित थे।

## आंगनबाड़ी केंद्रों पर फिर से होगी हाट कुक योजना की शुरूआत – सीडीओ

**– आंगनबाड़ी केंद्रों पर अब सभी बच्चों को अलग से मिलेगा पौष्टिक भोजन**

**– कनवर्जन कास्ट का पैसा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, प्रधान या सभासद से संयुक्त खाते में भेजा जाएगा**

**आशुतोष चतुर्वेदी, ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

मऊ : कोरोना संक्रमण के कारण लगे लाकडाउन से बंद चल रही हाट कुक योजना को अब नय तरीके से फिर से शुरू किया जाएगा। जिसे सरकारी स्कूलों में चल रहे एमडीएम की तर्ज पर चलाया जाएगा। इसमें स्कूल की रसोई और बर्तनों में खाना बनाने और स्कूलों में बच्चों के साथ ही



आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों को भी गरमा गरम खाना मिलेगा। कनवर्जन कास्ट का पैसा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और प्रधान या सभासद से संयुक्त खाते में भेजा जाएगा।

सीडीओ प्रशांत नागर ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर 3 से 6 वर्ष के बच्चों के लिए सरकार ने हाटकुक्ड को योजना चलाई थी। जो पिछले कोरोना काल के लाक डाउन से बंद चल रही थी। इस योजना को सरकार फिर से प्रारंभ करने जा रही है। इस बार इस योजना को एमडीएम की तर्ज पर चलाया जाएगा। कोटेदार के माध्यम से गेहूं व चावल की पूर्ति होगी। कनवर्जन कास्ट का पैसा आंगनबाड़ी सभासद के संयुक्त खाते में आएगा। विभाग ने इसकी तैयारी तेज कर दी है। स्कूलों की रसोई के बर्तन का ही प्रयोग होगा। परिषदीय स्कूलों की रसोई गैस और बर्तन का प्रयोग आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों का खाना बनाने के लिए किया जाएगा। एलडीएम को पत्र लिखकर सभी बैंकों में आईसीडीएस केंद्र हाटकुक फूड निधि के नाम से शून्य बैलेंस पर ग्राम प्रधान/सभासद/आंगनबाड़ी संयुक्त खाते खोलने का आदेश दिया गया है। अगर कोई बैंक में खाता खोलने में मनाही या लापरवाही करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## जिलाधिकारी ने एग लेयरिंग फार्म का किया निरीक्षण

**– अंडा उत्पादन एवं वितरण से जुड़ी जानकारियों को किया साझा**

**– पोल्ट्री विकास नीति के तहत हो रहा संचालन**

**आशुतोष चतुर्वेदी, ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

मऊ : जिलाधिकारी अरुण कुमार ने शनिवार को विकासखंड रानीपुर के ग्राम कोलौरा स्थित सुबोध पोल्ट्री फार्म का निरीक्षण किया। सभी पहलुओं की गहनता से जांच की और फर्म के मालिक से बात की। डीएम ने बताया कि यह एग लेयरिंग फार्म 30 हजार मुर्गियों की क्षमता वाला है। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि 30 हजार



मुर्गी क्षमता के इस कमर्शियल लेयर फार्म की कुल लागत पोल्ट्री विकास नीति 2013 के तहत 2 करोड 6 लाख रुपए हैं। जिसमें से 70 फीसद बैंक द्वारा लोन के रूप में लाभार्थी को प्राप्त होता है। इस नीति के तहत बैंक लोन पर अधिकतम 10 फीसद ब्याज सरकार द्वारा 5 वर्ष तक वहन किया जाएगा। नए पॉलिसी के तहत 30 हजार मुर्गियों की क्षमता वाले कमर्शियल लेयर फॉर्म की कुल लागत दो करोड़ 56 लाख है।अब सरकार 7 फीसद ब्याज प्रतिपूर्ति 5 वर्ष तक करेगी। इसके अलावा भूमि क्रय के मामले में स्टांप ड्यूटी में भी छूट प्रदान करेगी। बताया कि पूरी क्षमता से संचालन होने एवं मुर्गियों के ठीक ढंग से देखभाल होने पर अंडा उत्पादन में गुणात्मक रूप से वृद्धि होती है तथा बैंक द्वारा प्रदत लोन भी अधिकतम 5 वर्ष में वापस किया जा सकता है। लागत के सापेक्ष शुद्ध मुनाफे की जानकारी लेने के दौरान संबंधित फार्म के मालिक ने बताया कि वर्तमान में अंडे की दर ठीक होने के कारण प्रतिदिन 25 हजार की आमदनी हो रही है।अंडों की कीमतों का निर्धारण मांग और आपूर्ति के सापेक्ष बदलता रहता है। अतः प्रति माह एक निश्चित आमदनी का अंदाजा लगाना कठिन है। फिर भी फार्म के ठीक ढंग से संचालन होने पर बैंक लोन की किश्तें आसानी से चुकाने के अलावा प्रतिमाह एक निश्चित आमदनी भी होती है।इस पोल्ट्री फार्म के परिसर में ही मुर्गियों के चारे हेतु एक गोदाम एवं मशीन की भी व्यवस्था की गई है। इस दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित फार्म के मालिक से अंडा उत्पादन एवं वितरण व्यवस्था के संबंध में भी विस्तार से जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी एमएम प्रसाद एवं तहसीलदार मोहम्मदाबाद गोहना भी उपस्थित थे।

## बिजनौर पहुंच कर भाजपा कार्यकर्ता वसीम कुरैशी के साथ हजारों मुस्लिम समुदाय के लोगों ने लगाए पाकिस्तान मुदार्बाद के नारे

**शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण बिजनौर:** में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पाकिस्तानी विदेश मन्त्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने पीएम नरेंद्र मोदी के खिलाफ दिए विवादित बयान को लेकर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष सुभाष वाल्मीकि के नेतृत्व में जिले भर के भाजपा कार्यकताओं ने पाकिस्तान के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। वही नजीबाबाद से भाजपा कार्यकर्ता वसीम कुरैशी के साथ पहुँचे सैकड़ों के संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग



बिजनोर पहुँचे और पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपना विरोध करने के लिए सड़कों पर उतरे।

भाजपा कार्यकर्ता वसीम कुरैशी व मुस्लिम समाज के लोगो ने लगाए पाकिस्तान मुदार्बाद के नारे। भाजपा कार्यकताओं ने बिजनौर नुमाइश मैदान से कलक्ट्रेट तक निकाला पैदल मार्च।

### विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना में प्रशिक्षण के लिए प्राप्त आवेदन पत्रों के अभ्यार्थियों का दर्जी ट्रेड में चयन करने के लिये लिया जाएगा साक्षात्कार

उन्होंने बताया कि साक्षात्कार के समय उक्त योजना में प्रशिक्षण के लिए भरे गए ऑनलाइन फॉर्म की प्रति, एक पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड की फोटो कॉपी, बैंक पासबुक की एक फोटो कॉपी जिसमें खाता संख्या और आईएफएससी कोड सही लिखा हो, 10 रुपए के स्टांप पेपर पर शपथ पत्र नोटेरी सहित आदि दस्तावेज साथ लाना अनिवार्य है। उक्त योजना में पात्रता के लिए जाति एकमात्र आधार नहीं होगा। योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने के लिए ऐसे व्यक्ति भी पात्र होंगे जो परंपरागत कारीगरी जाति से भिन्न हो, ऐसे आवेदकों को परंपरागत कारीगरी से जुड़े होने के प्रमाण के रूप में ग्राम प्रधान, अध्यक्ष नगर पंचायत अथवा नगर पालिका/नगर निगम से संबंधित वार्ड के सदस्य द्वारा निर्गत किया गया प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। उक्त के संबंध में आवश्यक जानकारी के लिए शशि बिंदु के मोबाइल नंबर 9810745043 से संपर्क कर सकते हैं। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

### श्रीराम मॉडल इंटर कॉलेज, ग्राम थोरा, में आयोजित विधिक सेवा कार्यक्रम/शिविर का किया गया आयोजन।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण तथा तथा श्री राजीव कुमार वत्स, अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा-निर्देशन में तथा श्रीमती ज्योत्सना सिंह, नायब तहसीलदार जेवर की अध्यक्षता में आज दिनाँक 17.12.2022 को समय दोपहर 12:30 बजे से श्रीराम मॉडल इंटर कॉलेज, ग्राम थोरा, जेवर, गौतम बुद्व नगर के प्रांगण में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विद्याथियों को उनके मौलिक अधिकारों एवं कर्तव्यों, शिक्षा के अधिकार, आदि विषयों पर जानकारी उपलब्ध कराई गई। शिविर में विद्यार्थियों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गौतम बुद्व नगर द्वारा संचालित योजनाओं जैसे निःशुल्क कानूनी सहायता, लोक अदालत, पीडित क्षतिपूर्ति योजना आदि विषयों पर जानकारी उपलब्ध कराई गई। शिविर में श्रीमती ज्योत्सना सिंह, नायब तहसीलदार जेवर, विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री सतीश कुमार, अध्यापकगण श्री राजेन्द्र श्रीवास्तव, श्री राकेश कुमार मौर्य, श्री राकेश कुमार सिंह के साथ श्री हरेन्द्र कुमार, पराविधिक स्वंय सेवक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गौतम बुद्व नगर व अधिक संख्या में विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

## समाधान दिवस पर 121 शिकायतों में से 11 का तत्काल निस्तारण,

**– फरियादियों के सर्वाधिक 81 मामले राजस्व विभाग के रहे**

**– जिलाधिकारी के नेतृत्व में मोहम्मदाबाद गोहना में हुआ आयोजन**

**आशुतोष चतुर्वेदी, ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

मऊ : जनपद के सभी तहसीलों में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस/तहसील दिवस का आयोजन किया गया। इसमें कुल 121 शिकायते आई जिसमें 11 का तत्काल निस्तारण किया गया।



जिलाधिकारी अरुण कुमार के नेतृत्व में मोहम्मदाबाद गोहना तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। आज आए कुल 121 शिकायतों में से 11का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, साथ ही शिकायतों के तत्काल निस्तारण हेतु 06 टीमें गठित कर मौके पर भेजी गई। इस दौरान जिलाधिकारी अरुण कुमार ने सभी विभागाध्यक्षो को शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण ढंग से समय सीमा के अंदर निस्तारण के निर्देश दिए। कहा कि शिकायतों का निस्तारण करते समय इस बात का अवश्य ध्यान रखें कि उसका पूर्णतः निस्तारण हो जाए, जिससे शिकायतकर्ता को बार-बार भाग दौड़ ना करना पड़े। जिलाधिकारी ने वहां उपस्थित समस्त विभागाध्यक्षो को निर्देश दिए कि अपने विभागों से संबंधित सभी शिकायतों का शत-प्रतिशत निस्तारण सुनिश्चित करें।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडेय एवं डीएफओ सहित सभी जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## जिलाधिकारी के निदेशों के क्रम में वरिष्ठ कोषाधिकारी की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में पेंशनर दिवस का आयोजन सम्पन्न।

जनपद के पेंशनरों की समस्याओं का समयबद्धता के साथ निस्तारण कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी सुहास एल0वाई0 के निदेशों के क्रम में वरिष्ठ कोषाधिकारी अशोक कुमार की अध्यक्षता में आज कलैक्ट्रेट सभागार में पेंशनर दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ कोषाधिकारी के द्वारा पेंशनर दिवस में उपस्थित सभी पेंशनरों से उनका परिचय प्राप्त करते हुए उनकी सेवाओं के लिए बधाई देते हुए उनके अच्छे स्वास्थ्य एवं दीघायु की कामना की गई एवं उपस्थित सभी पेंशनर्स को पुष्प माला पहनाकर सम्मानित किया गया। उन्होंने पेंशनरों से उनकी समस्याओं के संबंध में जानकारी हासिल करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों का आह्वान किया कि पेंशनर्स की समस्याओं का समयबद्धता के आधार पर निस्तारण कराया जाए।

उन्होंने पेंशनर दिवस के अवसर पर समस्त विभागों के आहरण वितरण अधिकारियों का आह्वान किया कि सेवानिवृत्त के उपरान्त अधिकारियों/कर्मचारियों की पेंशन एवं लंबित भुगतान को प्राथमिकता पर निस्तारित किया जाये। इस अवसर पर वरिष्ठ कोषाधिकारी अशोक कुमार ने पेंशन आहरित करने वाले समस्त पेंशनरों/परिवारिक पेंशनरों का आह्वान करते हुये कहा कि जिनकी जीवित प्रमाण पत्र की अवधि समाप्त हो रही है, ऐसे समस्त पेंशनर अपने-अपने जीवित प्रमाण पत्रों को ऑनलाइन जीवन प्रमाण पत्र सुविधा का लाभ उठाते हुये ऑनलाइन आवेदन करके अपना अपना जीवन प्रमाण पत्र भेज सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि उक्त सुविधा का लाभ उठाने के लिए पेंशनर अपने घर के नजदीकी जन सुविधा केंद्र अथवा साइबर कैफे या स्वयं के डिवाइस स्केनर के माध्यम से अपना जीवित प्रमाण पत्र भेज सकते हैं, इसके लिए कोषागार कार्यालय में आने की आवश्यकता नहीं है। पेंशन दिवस के अवसर पर सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों एवं पेशनर्स के द्वारा प्रतिभाग किया गया। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतमबुद्धनगर/ प्रभारी निदेशक उत्तर प्रदेश राज्य सूचना केंद्र

## जनपद की तीनों तहसीलों में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन संपन्न।

**संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 101 शिकायतें हुई दर्ज, 09 शिकायतों का विभागीय अधिकारियों के माध्यम से मौके पर कराया गया निस्तारण।**

**दैनिक समाज जागरण**

गौतमबुद्धनगर 17 दिसम्बर, 2022 माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की मंशा के अनुरूप जन सामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं का त्वरित गति के साथ निस्तारण संभव कराने के उद्देश्य से आज जनपद की तीनों तहसीलों में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन संपन्न हुआ। जनपद की तीनों तहसीलों में कुल 101 शिकायतें दर्ज हुई, जिसके सापेक्ष 09 शिकायतों का निराकरण विभागीय अधिकारियों के द्वारा मौके पर ही सुनिश्चित किया गया। जिलाधिकारी सुहास एल0वाई0 के निदेशों के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी तेजप्रताप मिश्र के द्वारा तहसील सदर में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुये जनता की शिकायतों का अनुश्रवण किया गया। सदर तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में जन सामान्य के द्वारा कुल 08 शिकायतें विभिन्न विभागों से संबंधित दर्ज कराई गई। इसी प्रकार जेवर तहसील में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन संपन्न हुआ, जहां पर कुल 43 शिकायतें जनता के द्वारा दर्ज कराई गई, जिसके सापेक्ष विभागीय अधिकारियों के माध्यम से 03 शिकायत का निराकरण मौके पर ही सुनिश्चित किया गया तथा दादरी तहसील में जनता के द्वारा कुल 50 शिकायतें विभिन्न विभागों से संबंधित दर्ज कराई गई, जिसके सापेक्ष विभागीय अधिकारियों के माध्यम से 06 शिकायतों का निराकरण मौके पर ही सुनिश्चित किया गया। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

## टीबी उन्मूलन को लेकर हुई जिलास्तरीय मासिक समीक्षा बैठक

**विभाग द्वारा प्राइवेट एवं पब्लिक प्लेस से टीबी मरीजों का किया जा रहा है नोटिफिकेशन**

कटिहार । जिले को यक्ष्मा रोग (टीबी) मुक्त बनाने के लिए सदर अस्पताल के सभागार में नेशनल ट्यूबरक्यूलोसिस एलिमिनेशन कार्यक्रम (एनटीईपी) के अंतर्गत निक्षय पोषण राशि डीबीटी एवं टीबी नोटिफिकेशन के संबंध में जिला स्तरीय मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला संचारी रोग पदाधिकारी डॉ अशरफ रिजवी, जिला स्वास्थ्य समिति के डीपीएम डॉ किशलय कुमार, डीएमएंडई अखिलेश कुमार, यक्ष्मा केन्द्र के डीपीसी मजहर अमीर, परामर्शी खुशबू कुमारी, सहित जिले के सभी एसटीएस एवं एसटीएलएस के अलावा वर्ड हेल्थ पार्टनर्स के जिला प्रबंधक अर्जुन कुमार, डीपीसी कमलेश साहू, आईसीएमआर प्रोजेक्ट शोधार्थी सुष्मिता, योगेंद्र पाल, संजय कुमार सहित कई अन्य स्वास्थ्य विभाग के कर्मी उपस्थित थे।

समीक्षा बैठक के दौरान सीडीओ डॉ अशरफ रिजवी ने जिले के सभी एसटीएस एवं एसटीएलएस को आवश्यक दिशा- निर्देश देते हुए कहा कि टीबी मरीजों के संपर्क में आने वाले लोगों का गृहभ्रमण कर आईएनएच की गोली सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी बताया कि विभाग द्वारा प्राइवेट एवं पब्लिक प्लेस से टीबी मरीजों का नोटिफिकेशन किया जा रहा है। मरीज का नोटिफिकेशन करते हुए बैंक खाता विवरणी, चिकित्सक का प्रिस्क्रिप्शन और आधार कार्ड का पूरा ब्योरा स्वास्थ्य केंद्र को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करना है। जिले के सभी सरकारी अस्पतालों में टीबी संक्रमित मरीजों की जांच से लेकर उपचार तक की निःशुल्क व्यवस्था स्वास्थ्य विभाग द्वारा की गई है। किसी भी व्यक्ति को टीबी से संबंधित कोई लक्षण दिखाई पड़े तो तत्काल सरकारी अस्पताल भेज कर उसकी जांच एवं उपचार करने में हम सभी को जागरूक होने की आवश्यकता है।

जिला स्वास्थ्य समिति के डीपीएम डॉ किशलय कुमार ने बताया कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय, देश में सबसे गंभीर बीमारी समझी जाने वाली टीबी (क्षय रोग) के इलाज में अब मोबाइल फोन की सहायता ले रहा है। क्योंकि वर्तमान समय में अधिकांश लोगों के पास मोबाइल फोन की उपलब्धता हो गई है। यही कारण है कि विभागीय स्तर पर एक टॉल-फ्री नंबर 1800-116666 जारी किया गया है। प्रोग्रामेटिक मैनेजमेंट ऑफ टीबी प्रीवेंटिव ट्रीटमेंट (पीएमटीपीटी) के तहत लेटेंट टीबी इंफैक्शन वाले मरीज को चिह्नित कर उन्हें टीबी प्रीवेंटिव ट्रीटमेंट (टीपीटी) से जोड़ा जाएगा। ताकि उनके शरीर के अंदर पनप रहे टीबी के बैक्टीरिया को एक्टिव होने से पहले ही समाप्त कर दिया जाए। जिससे टीबी फैलाव के चेन को तोड़ने में मदद मिलेगी। जो टीबी उन्मूलन के क्षेत्र में काफी सहायक होगा।

**2213 टीबी मरीजों को नियमित रूप से खिलाई जा रही है निःशुल्क दवा**

जिला यक्ष्मा केंद्र के डीपीसी मजहर अमीर ने बताया कि जिले में सदर अस्पताल परिसर स्थित जिला टीबी सेंटर (डीटीसी) एवं अनुमंडलीय अस्पताल में सीवीनेट से टीबी से संक्रमित मरीजों की जांच उपलब्ध है। वहीं डीटीसी, अनुमंडलीय अस्पताल बारसोई एवं मनिहारी एवं सीएचसी कोढ़ा में ट्रूनेट से जांच के लिए सेवाएं दी जा रही हैं। जनवरी से लेकर नवंबर महीने तक जिले में टीबी मरीजों की संख्या 4939 है। जिसमें लगभग 2726 मरीज ठीक हो चुके हैं। फिलहाल 2213 संक्रमित मरीजों को निःशुल्क दवा खिलाई जा रही है। जिसमें जनवरी में 396, फरवरी में 426, मार्च में 471, अप्रैल में 500, मई में 469, जून में 464, जुलाई में 484, अगस्त में 473, सितंबर में 440, अक्टूबर में 386 जबकिं नवंबर महीनें में 430 टीबी मरीजों को उचित परामर्श के अलावा निःशुल्क दवा दी गई है।

टीबी विभाग की परामर्शी खुशबू कुमारी ने बताया कि निक्षय मित्र बनने के लिए सदर अस्पताल परिसर स्थित जिला यक्ष्मा केंद से संपर्क किया जा सकता है। हालांकि निक्षय मित्र बनने के लिए पर लॉगिन कर प्रधानमंत्री टीबी मुक्त अभियान पर क्लिक कर निक्षय मित्र का आवेदन पत्र पर क्लिक कर अपनी पूरी जानकारी देकर इस अभियान से जुड़ा जा सकता है। टीबी से ग्रसित मरीजों के लिए सामान्य नागरिक, गैर सरकारी संस्थान एवं जिलें के

## रितेश राय के काफिले ने बदल दी अररिया नगर परिषद चुनाव की तस्वीर



अररिया । निवर्तमान नगर परिषद अररिया के चेयरमैन सह मुख्य पार्षद पद के प्रत्याशी रितेश राय की ओर से अररिया नगर परिषद चेयरमैन पद के लिए उनके अगुआई में निकली जनसंपर्क अभियान असरदार रहा । उन्हौनें कहा कि नगर परिषद के क्षेत्र में सीमांचल के विभिन्न क्षेत्रों में मेरे कार्यकाल में सबसे ज्यादा कार्य हुआ जबकि विरोधियों द्वारा उनके विरुद्ध दो दो बार अविश्वास प्रस्ताव लाया गया ।लेकिन उन लोगों की डाल नहीं गली ।कोरोना काल के चलते भी कार्य अवरुद्ध हुआ फिर भी अररिया में सबसे ज्यादा काम हुआ ।उन्हौनें कहा कि अपने अधूरे कार्य को पूरा करने के लिये पुनः चेयरमैन पद से आप सभी के समक्ष खड़ा हूँ मेरे निशान टाइपराइटर पर बटन दबाकर मुझे मौका दें ।विकास के मामले में अररिया को सूबे में नम्बर वन स्थान पर लाना हमारी पहली प्राथमिकता रहेगी।

## अपना दल एस के जॉन प्रभारी शैलेंद्र चौधरी एडवोकेट के नेतृत्व में चौपाल का आयोजन किया गया

**शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण बिजनौर**

नगीना लोक सभा के ग्राम महावतपुर गामडी निकट सिहोरा मे साईं राम स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष सोनिया देवी के घर पर शैलेंद्र चौधरी एडवोकेट जोन प्रभारी के नेतृत्व में एक चौपाल बैठक का आयोजन किया गया। महिलाओं के उत्थान के लिए माननीया बहन अनुप्रिया पटेल जी की नीतियों और कार्यशैली को शैलेंद्र चौधरी एडवोकेट जन जन तक पहुंचा रहे हैं। महिलाओं के लिए चल रही योजनाओं के बारे में



और बहन अनुप्रिया पटेल जी की विचारों को गांव गांव जाकर पहुंचा रहे हैं। सभी वर्गों को लेकर साथ में चल रहे अपना दल (एस) की नीतियों को जनपद बिजनौर में घर-घर तक पहुंचा रहे है।इस चौपाल में उपस्थित हुई मिथलेश देवी, कुसुम देवी, रेखा देवी, निर्वेश कुमारी, मीरा, बबीता, पल्लवी,सुकेश,साधना,सूर्य प्रताप सिंह , गुड्डू सिंह,अखलेंदर सिंह एवम् कार्यकर्ता

## आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के निदेशों के क्रम में व पुलिस कमिश्नर

**गार्डेन गेलेरिया स्थित बार अनुज्ञापनो का किया गया औचक निरीक्षण, बार अनुज्ञापनो को नियमानुसार अनुज्ञापनो के संचालन के लिए दिये आवश्यक दिशा निर्देश।**

**गौतमबुद्धनगर 17 दिसम्बर, 2022**

आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के निदेशों के क्रम में व पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह एवं जिला अधिकारी सुहास



एल0वाई0 के नेतृत्व में जनपद में अवैध शराब के निष्कर्षण एवं अवैध शराब के व्यापार के विरूद्ध चलाए जा रहे प्रवर्तन अभियान के तहत जिला आबकारी अधिकारी गौतम बुद्ध नगर राकेश बहादुर सिंह ने जानकारी देते हुये बताया कि विगत दिवस जनपद के समस्त आबकारी निरीक्षकों की संयुक्त टीम बना कर गार्डेन गेलेरिया स्थित बार अनुज्ञापनो डी मोयर, द वीकेंड, विंग डिंग, क्लिंकु, बारिश, पाशो, इम्पेरफेक्टो का सघन निरीक्षण किया गया व गार्डेन गेलेरिया स्थित उक्त बार अनुज्ञापनो को नियमानुसार अनुज्ञापनो के संचालन के लिए निर्देशित किया गया। जिला आबकारी अधिकारी राकेश बहादुर सिंह ने कहा कि आगे भी जिलाधिकारी के निर्देशन में अवैध शराब की बिक्री को लेकर आगे भी जनपद में निरंतर गहन सर्च अभियान जारी रहेगा। उन्होंने अवैध शराब का कारोबार करने वालों को सचेत करते हुए कहा है कि उनके विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत सख्त से सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

## मुख्यमंत्री से उत्तराखण्ड राज्य से आए मेधावी विद्यार्थियों के दल ने भेंट की

**उ0प्र0 धार्मिक, आध्यात्मिक, पौराणिक एवं सांस्कृतिक विरासत का केन्द्र, अपनी यात्रा के दौरान विद्यार्थियों को इसकी विशिष्टता के दर्शन होंगे: मुख्यमंत्री**

**विद्यार्थियों को अपने भ्रमण को लिपिबद्ध करना चाहिए, वे जहां भी जाएं, उसके बारे में लेख तैयार करें**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से आज यहां उनके सरकारी आवास पर उत्तराखण्ड राज्य से आए मेधावी विद्यार्थियों के एक दल ने भेंट की। उत्तराखण्ड राज्य के विभिन्न विद्यालयों के 60 विद्यार्थियों एवं 16 शिक्षकों के इस दल का नेतृत्व देवप्रयाग विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री विनोद कण्डारी द्वारा किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री जी ने मुलाकात के दौरान सभी मेधावी विद्यार्थियों और शिक्षकों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश और उत्तराखण्ड का अटूट रिश्ता है। उन्होंने विद्यार्थियों को उत्तर प्रदेश व उत्तराखण्ड की भौगोलिक विविधता की जानकारी भी दी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश धार्मिक, आध्यात्मिक, पौराणिक एवं सांस्कृतिक विरासत का केन्द्र है। अपनी शैक्षणिक यात्रा के दौरान विद्यार्थियों को इसकी विशिष्टता के दर्शन होंगे। विद्यार्थियों को अपने भ्रमण को लिपिबद्ध करना चाहिए। वे जहां भी जाएं, उसके बारे में लेख तैयार करें।

मुख्यमंत्री जी ने विद्यार्थियों को लखनऊ में प्राणि उद्यान एवं विधान भवन देखने तथा मेट्रो रेल सेवा का अनुभव प्राप्त करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि लखनऊ मेट्रो रेल आधुनिक परिवहन का महत्वपूर्ण साधन है। इससे उन सभी को परिचित होना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को अयोध्या भ्रमण के दौरान श्रीराम जन्मभूमि मंदिर, हनुमान गढ़ी और सरयू नदी के दर्शन करने के लिए कहा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित किया जाए कि विद्यार्थियों के भ्रमण कार्यक्रम में किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने दल में सम्मिलित सभी सदस्यों को ह्यएक जनपद एक उत्पाद योजनाह्न के उत्पाद उपहार स्वरूप भेंट किए।

# कानपुर देहात का बलवंत हत्याकांड : एस ओ जी प्रभारी को जेल के बाद अन्य की तलाश भी तेज

## व्यापारी पुलिस कस्टडी मौत मामले में इंस्पेक्टर,एस ओ , चौकी प्रभारी और डॉक्टर समेत पांच के खिलाफ दर्ज हत्या का मुकदमा

## प्रयागराज व दिल्ली में भी शरण लिए हो सकते आरोपी पुलिस वाले

सुनील बाजपेई

कानपुरकयहां देहात के शिवली थाना क्षेत्र के बहुचर्चित व्यापारी बलवंत सिंह की पुलिसकस्टडी में मौत मामले में हत्या का मुकदमा दर्ज होने के आधार पर एसओजी प्रभारी को गिरफ्तारी के बाद अन्य आरोपी अन्य पुलिस वालों की भी तलाश तेज कर दी गई। यह सभी मामले में हत्या का मुकदमा दर्ज होने के बाद से फरार चल रहे हैं। जिसके लिए ए एस पी की अगुवाई में उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगातार संभावित ठिकानों

पर छापे मार रही है।

इन नामजद पांचों फरार पुलिसकर्मियों के मोबाइल फोन भी बंद हैं। और वह कानपुर के साथ ही प्रयागराज व दिल्ली में भी शरण लिए हो सकते हैं।

फिलहाल एएसपी घनश्याम चौरसिया के नेतृत्व में नामजद आरोपितों में शिवली कोतवाल रहे राजेश सिंह, एसओजी, दारोगा शिवप्रकाश सिंह, दारोगा ज्ञान प्रकाश पांडेय और कांस्टेबल महेश की तलाश में पुलिस की छह टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। वहीं इसी मामले में संदिग्ध



भूमिका के लिए जिला अस्पताल के एक अज्ञात डाक्टर को भी नामजद किया गया है। इनमें से अबतक एसओजी प्रभारी प्रशांत गौतम को गिरफ्तार कर लिया गया है। जबकि अन्य की तलाश में छापे मारे जा रहे हैं। मामले में अब तक 11 पुलिसवालों को निलंबित किया जा चुका है।

अवगत कराते चलें कि बीते सोमवार की रात व्यापारी बलवंत सिंह की पुलिस कस्टडी में मौत हो गई थी। उनकी पोस्ट मार्टम रिपोर्ट में 1 दर्जन से अधिक चोटें भी पाई गई थी जिस पर उनके परिजनों ने पुलिस कर्मियों पर पीट-पीटकर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस के खिलाफ जमकर बवाल भी किया था, जिसके बाद ही मामले में मृतक के चाचा अंगद सिंह ने एसओजी प्रभारी के अलावा शिवली कोतवाल राजेश कुमार सिंह, एसओ रनियां शिवप्रकाश सिंह, मैथा चौकी प्रभारी ज्ञान प्रकाश पाडेय, एसओजी टीम के महेश गुप्ता ,जिला अस्पताल के एक डॉक्टर तथा अन्य पुलिसकर्मियों पर मुकदमा दर्ज कराया है।

# भरे बाजार से अपहरण करने वाले चार अपहरणकताओं को पुलिस ने दबोचा अपहृत युवक सकुशल बरामद

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो

बालाघाट।( 18 दिसंबर ) दिन दहाड़े हुए अपहरण कांड से कोतवाली पुलिस सकते में आ गयी थी।आनन फानन में पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस टीम गठित कर अधिकारियों ने खोजबीन शुरू कर दिया।चारो तरफ हुई नाके बंदी से अपहृत युवक सहित चार अपहरणकताओं को पुलिस ने धर दबोचा।पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि 15 दिसंबर को रामपायली पुलिस थानांतर्गत ग्राम थानेगांव निवासी प्रवीण नगपुरे अपनी पत्नी के साथ बाइक का किस्त जमा करने हेतु बालाघाट के सरस्वतीनगर स्थित शोरूम आया हुआ था कि अचानक चार चक्का वाहन में आये चार युवकों ने प्रवीण नगपुरे को पकड़कर हाथ पैर बांधकर अपने वाहन में बैठाकर फरार हो गए,जिसकी जानकारी 100 डायल के माध्यम से पुलिस को हुई।घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने अपहत युवक की पत्नी से पूछताछ किया तो उन्होंने बताया कि अपहरण



कताओं में दो को वह पहचानती है जिसकी पहचान बड्डा उर्फ दुर्गा शंकर साहू निवासी नेवरगांव लालबर्रा व शिव राज नायडू के रूप में हुई साथ ही दो अन्य की पहचान नही हो पाई।इतनी जानकारी मिलते ही पुलिस ने अपने मुखबिरी तंत्र को काम पर लगाकर सीसीटीवी फुटेज खंगालने में लग गयी।पुलिस के विश्वस्त सूत्रों ने बताया कि अपहरणकताओं को लबादा लालबर्रा में देखा गया है।पुलिस ने घेराबंदी कर लालबर्रा से अपहत युवक सहित चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया,साथ ही दो नग मोबाइल व एक चार चक्का वाहन को भी जप्तकर लिया गया।चारो आरोपियों में बड्डा उर्फ दुर्गा शंकर साहू,शिवराज नायडू,दीपेश अगाशे और प्रकाश मदनकर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।वही सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार यह पूरा मामला रुपये के लेनदेन का है जिसे प्रवीण नगपुरे ने आरोपियों से लिया था और वापस करने में आनाकानी कर रहा था।अब सच्चाई क्या है यह तो पुलिस के खुलासा के बाद ही सामने आएगा।

# "बात हे अभिमान के छत्तीसगढ़िया स्वाभिमान के"

## छत्तीसगढ़ गौरव दिवस किसान भूमिहीन मजदूर महिला अउ युवा मन ला समर्पित- डॉ.प्रेमचंद जायसी

समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख

मस्तूरी। 17 दिसंबर 2018 में छत्तीसगढ़िया सरकार माननीय भूपेश बघेल जी के नेतृत्व में तीन कैबिनेट मंत्रीयों के साथ शपथ लिया एवं 2 घंटे के अंदर में कैबिनेट की मीटिंग बुलाकर, छत्तीसगढ़ की तकदीर किसानों का कर्ज माफ कर इतिहास रच दियाऔर कैबिनेट में यह फैसला भी लिया गया की 10 दिवस के अंदर किसानों का धान25 सौ रुपए प्रति क्विंटल के दर से लेने का निर्णय लिया, शनिवार को भूपेश बघेल की सरकार का कार्यकाल4 वर्ष पूरा हुआ, इस अवसर में छत्तीसगढ़ गौरव दिवस पूरे छत्तीसगढ़ में मनाया जा रहा है, यहां मस्तूरी विधानसभा के अंतर्गत ग्राम वेद परसदा के आदर्श गौठान एवं टिकारी धान खरीदी केंद्र में प्रशासनिक रूप से छत्तीसगढ़ गौरव दिवस का आयोजन किया गया, भारी संख्या में लोग छत्तीसगढ़ शासन के विभिन्न योजनाओं के बारे में अतिथियों के द्वारा अवगत कराया गया जिसमें कर्ज माफी,2640 में धान खरीदी,मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना के तहत बड़े बीमारी में 2000000 रुपए तक मुफ्त इलाज,सिंचाई कर माफी,बिहान योजना से जुड़े हुए



महिला समूह के ढाई लाख रुपए तक के कर्ज माफी, ग्रामीण बच्चों के लिए स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल की स्थापना के साथ छत्तीसगढ़ के चार चिन्हारी नरवा गरवा घुरवा बारी के बारे में अवगत कराया, मुख्य रूप से पूर्व विधायक दिलीप लहरिया सभापति जिला पंचायत राजेश्वर भार्गव अनुसूचित जाति प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार अंचल जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष नितेश सिंह ठाकुर जनपद पंचायत सभापति दामोदर कांत ने अपना विचार रखे। अपने उद्बोधन में डॉ प्रेमचंद जायसी प्रदेश उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने कहा की "बात हे अभिमान के छत्तीसगढ़िया स्वाभिमान के" छत्तीसगढ़ सरकार का 4 वर्ष पूरा होने के अवसर में छत्तीसगढ़ गौरव दिवस किसान, भूमिहीन मजदूर, महिला एवं युवा को समर्पित है कार्यक्रम में युवा कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष सुनील पटेल विधानसभा उपाध्यक्ष देवेंद्र कृष्णन अमृत राठौर उदय भार्गव राजू तिवारी पुत्तन दुबे सुभाष टंडन निखिल जायसवाल ऋतुराज भार्गव सुकृता बादल खुटे विक्रम तिवारी परमेश्वर रात्रे अलग-अलग कार्यक्रमों में दोनों क्षेत्रों के किसान एवं महिला समूह एवं युवा साथी उपस्थित रहे।

# नगर निकाय के चुनाव को देखते हुए एसपी राम अर्ज के नेतृत्व में किया फ्लैग मार्च

नगीना नगर निकाय के चुनाव को लेकर लोकप्रिय एसपी देहात राम अर्ज व थाना प्रभारी प्रिंस शर्मा ने भारी पुलिस फोर्स के साथ नगर में पैदल मार्च किया किया देर शाम एसपी देहात राम अर्ज सिंह थाना प्रभारी ने नगर में पैदल मार्च किया उन्होंने पुलिस फोर्स के उन्होंने कहा है कि मतदान केंद्र पर पानी बिजली की व्यवस्था ठीक-ठाक होनी चाहिए वही केंद्रों पर खास कर साफ सफाई का ध्यान रखा जाए किसी भी तरह की कोई परेशानी कोई दिक्कत ना हो नगर निकाय चुनाव में कोई भी गड़बड़ी ना करें गड़बड़ी करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं



जाएगा नगर की जनता नगर निकाय के चुनाव कराने में पुलिस का सहयोग करें और पुलिस भी जनता का सहयोग करें अपराधिक किस्म के लोगों को चिन्हित कर उनके खिलाफ पुलिस कार्रवाई करने का काम करें नगर निकाय के चुनाव शांति पूर्वक कराने में जनता पुलिस प्रशासन सहयोग करें इस मौके एसपी ग्रामीण राम अर्ज थाना प्रभारी प्रिंस शर्मा व उप निरीक्षक वेद प्रकाश शर्मा उप निरीक्षक कुलदीप राणा चित्तौड़गढ़ चौकी इंचार्ज संजय त्यागी लाल सराय चौकी इंचार्ज अशोक कुमार सहित भारी पुलिस फोर्स मौजूद रहा

# दयालवाला मे चला संदिग्ध वाहनों का चेकिंग अभियान

दैनिक समाज जागरण- जसवीर सिंह

थाना मंडावर क्षेत्र के दयालवाला मे आज शाम को मैन मार्किट के बीचो-बीच चलाया वाहन चेकिंग अभियान आपको बताते चले की सम्पूर्ण जनपद मे संदिग्ध वाहनों की चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है, उसी अभियान मे दयालवाला मे भी हल्का इंचार्ज नरेश कुमार अपनी पूरी टीम के साथ मैन मार्किट मे सड़क किनारे खडे होकर वाहन रोककर चेकिंग करने लगे और बिना हेलमेट वाले दो पहिया वाहन चालकों के स्वामियों को हिदायत दी की गाड़ी चलाते समय हेलमेट का प्रयोग अवश्य करे, और चार पहिया वाहन चालक भी सीट बेल्ट लगाकर ही गाड़ी चलाये, और गाड़ी मे गैर कानूनी सामान रखकर ना चले नहीं तो उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाएगी, लेकिन सूत्रों से पता चला है कि मार्किट मे चेकिंग के दौरान लोगो को सामान लाने ले जाने मे बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता है, की अगर घर से सामान लेने दयालवाला आये तो क्या गाड़ी के कागज हेलमेट लेकर आना पड़ेगा, मार्किट वाले दुकानदारों का भी यही कहना है, की पुलिस को अगर वाहन चेकिंग करनी है तो मार्किट दयालवाला से बाहर ही करे जिससे की दुकानदारों पर भी इसका प्रभाव ना पड़े नहीं तो होता क्या है, मार्किट के सामने चेकिंग होने के डर से ग्राहक नहीं आते जिससे सभी दुकानदारों का भारी नुकसान होता हैं

# कटंगी के लाल प्रशांत भाऊ को भारत गौरव सम्मान देकर किया गया सम्मानित

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो

बालाघाट।( 18 दिसंबर )कटंगी क्षेत्र में अपने सादगी एवं सामाजिक कार्यो में बढ़चढ़कर हिस्सा लेने वाले समाज सेवी इंजी.प्रशांत भाऊ को विश्व मानवाधिकार दिवस पर इनके सराहनीय कार्यो को लेकर भारत गौरव सम्मान देकर सम्मानित किया गया।इसमें नामी फिल्मी हस्तियों सहित इंजी.प्रशांत भाऊ को सम्मानित करना निश्चित ही पूरे जिले व कटंगी के लिए गौरव की बात है। विर्दभ महाराष्ट्र के नागपुर महानगर के सुरेश भट्ट सभागृह में विगत दिनों विश्व मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष्य पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया उक्त कार्यक्रम में विभिन्न विषयों पर जहां परिचर्चा आयोजित गई वहीं विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाली विभूतियों को सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि फिल्म अभिनेता गगन मलिक, कटंगी विधानसभा क्षेत्र के युवा नेता समाजसेवी इंजि प्रशांत भाऊ,एन के कादर,मंहत एकनाथ महाराज,नैना चौहान,फैजान ताज आयुषि लांडे डॉ रश्मि तिरपुड़े,प्रजक्ता शिंदे, आरती खण्डेलवाल, अर्चना राठौर,सैयद तलफ, ज्योति आम्पे, डाक्टर हेमंत हिरोले आदि जानी मानी हस्तियों के



अलावा गणमान्य नागरिकों ने शिरकत किया। कटंगी विधानसभा क्षेत्र के युवा नेता समाजसेवी इंजि प्रशांत भाऊ के द्वारा निरंतर कई वर्षों से स्वास्थ्य,शिक्षा,समाज के उत्थान विकास के लिए निस्वार्थ भावना के साथ तनमन घन के साथ कार्य करें है उनकी बढ़ती लोकप्रियता और समाज की विचारधारा से जुड़के जो कार्य किया जा रहा है आयोजन समिति ने इंजि प्रशांत भाऊ के कार्यों की सराहना करते उन्हें विश्व मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष्य पर भारत गौरव सम्मान प्रदान कर सम्मानित किया इंजि प्रशांत भाऊ को सम्मानित किये जाने पर उनके शुभचिंतकों मित्रो हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं बघाई दी। भारत गौरव से नवाजे गये इंजि प्रशांत भाऊ आयोजन समिति द्वारा जो स्नेह व सम्मान प्रदान किया गया उसके लिए आभार व्यक्त किया है। विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सफल बनाने में राजिक खान भ्रष्टाचार का सामना, जेबीटी सुरेन्द्र गजभिए, मोहन वाकोड़े आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# कलेक्टर ने किया जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का निरीक्षण

## अनुपस्थिति मिले कर्मचारियों के ऊपर कार्यवाही के निर्देश

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो

बालाघाट।( 18 दिसंबर )कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा ने जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं को देखा।इस दौरान उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण कर उनके दस्तावेज एवं रिकॉर्ड की जांच की। कलेक्टर डॉक्टर मिश्रा द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय एवं जिला शिक्षा केंद्र कार्यालय के निरीक्षण के लिए दो अलग-अलग टीम बनाई गई थी । इन टीमों के द्वारा शिक्षकों के लंबित भुगतान, सामान्य भविष्य निधि आहरण, लंबित पेंशन प्रकरण, पुस्तक वितरण आदि की जांच की गई है। कलेक्टर डॉ मिश्रा ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में सभी बीआरसी एवं खंड शिक्षा अधिकारियों की बैठक लेकर शिक्षा संबंधी योजनाओं की समीक्षा की गई और उन्हें आवश्यक निर्देश दिए गए । बैठक में कहा गया कि सभी स्कूलों



में बच्चों एवं शिक्षकों की एम शिक्षा मित्र मोबाइल ऐप से हाजरी अनिवार्य रुप से लगाना है । स्कूलों में 6 वर्ष से अधिक की आयु के दिव्यांग बच्चों के पेंशन प्रकरण बनाने के निर्देश दिए गए । बैठक में पाया गया कि बालाघाट एवं वारासिवनी विकासखंड में शिक्षकों के पेंशन प्रकरण अनावश्यक रूप से लंबित हैं। जिसके कारण बालाघाट के बीआरसी एवं वारासिवनी के खंड शिक्षा अधिकारी व संबंधित लिपिक की 2 वेतन रोकने रोकने के निर्देश दिए गए । सभी बीआरसी को निर्देशित किया गया कि वह अपने क्षेत्र के स्कूलों का सतत निरीक्षण करें और स्कूलों में शिक्षकों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करें । स्कूलों में बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित की जाए और परीक्षा परिणाम अच्छा बनाने के लिए पढ़ाई पर विशेष ध्यान दिया जाए।

# मॉडल गौठान वेद परसदा में मनाया गया गौरव दिवस।

समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख

मस्तुरी। छत्तीसगढ़ शासन के 4 वर्ष पूर्ण होने पर जनपद स्तरीय गौरव दिवस मनाने का आयोजन का रूपरेखा तैयार किया गया है जिसमें मस्तूरी जनपद क्षेत्र के 4 ग्राम पंचायत वेद परसदा, बनियाडीह, बेलटूकरी और सोन ग्राम पंचायत में अलग-अलग दिनांकों में गौरव दिवस मनाया जाएगा जिसमें मस्तूरी क्षेत्र के सभी अधिकारी कर्मचारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित होकर छत्तीसगढ़ शासन की योजनाओं को ग्रामीणों को अवगत कराते हुए योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को कैसे मिले यह सब बताते हुए गौरव दिवस को मनाया जाएगा। इसी तारतम्य में वेद परसदा के मॉडल गौठान में शनिवार को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा जनता को संबोधित भाषण को सुनते हुए गौरव



दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिसमें मुख्य रुप से पूर्व विधायक दिलीप लहरिया, प्रदेश कांग्रेश उपाध्यक्ष प्रेमचंद्र जायसी, आ.जा विभाग के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार अंचल, जिला पंचायत सभापती राजेश्वर भार्गव,जनपद उपाध्यक्ष नितेश सिंह ठाकुर, सभापति दामोदर कांत, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सुनील पटेल उपाध्यक्ष देवेंद्र कृष्णन सहित ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधि व ग्रामीण उपस्थित रहे। गौरव दिवस कार्यक्रम में मस्तूरी एसडीएम महेश शर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुमार लहरें, तहसीलदार अभिषेक राठौर, कार्यक्रम अधिकारी रुचि विश्वकर्मा सहित मस्तूरी ब्लॉक के सभी विभागों के प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# बीआरसी पुरैनी पर टी एल एम आधारित तीन दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ

दैनिक समाज जागरण विकास शर्मा

नगीनाः बीआरसी पुरैनी पर टी एल एम आधारित तीन दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ जिसमें परिषदीय विद्यालय के बच्चों को रोचक तरीके से पढ़ाने के लिए टीएलएम निर्माण की प्रक्रिया के बारे में मास्टर ट्रेनर्स ने शिक्षकों को टिप्स दिए और प्रयोगात्मक रूप से टीएलएम. निर्माण की प्रक्रिया को प्रदर्शित किया। बीआरसी पुरैनी पर शनिवार को टी एल एम प्रशिक्षण प्रशिक्षण प्रभारी विनोद शर्मा के निर्देशन में संपन्न हो गया जिसमें परिषदीय विद्यालय के बच्चों को शिक्षण में रोचक तरीके से पढ़ाने के लिए शिक्षण सहायक सामग्री के निर्माण और अनुप्रयोग के बारे में मास्टर ट्रेनर केडी आर्य सिराजुद्दीन, हिमांशु राजपूत, उमेश राजपूत, ओंकार सिंह राणा ने शिक्षकों को टी एल एम निर्माण



लोगोग्राफी,स्टोरी बोर्ड, पपेट व अभिनय मुखोटे बनाने के बारे में प्रयोगात्मक रूप से टिप्स दिए और शिक्षक अजय शर्मा द्वारा बनाए गए इलेक्ट्रॉनिक टीएलएम की सभी ने सराहना की। आठ आठ ग्रुपो के माध्यम से बने विभिन्न टीएलएम निर्माण प्रशिक्षण में निशाकर, संजीव गुप्ता, मनीष राणा, सबीहा शहनाज, समीना फखर, हिना परवीन, नरगिस परवीन, सलीम जावेद, अमित कौशिक, गोल्डी गौतम समेत दो सौ से अधिक शिक्षकों शिक्षिकाओं ने तीन दिवसीय प्रशिक्षण में बढ़चढ़कर भाग लिया।

# चुनाव के मद्देनजर शाहनवाज खलील ने बुजुर्गों और नौजवान साथियों से मुलाकात की

दैनिक समाज जागरण विकास शर्मा

नगीना शाहनवाज खलील ने कहा मेरे वालिद साबिक चैयरमैन मरहूम शेख खलीलुर्रहमान साहब के इंतकाल के बाद नगर पालिका परिषद नगीना का ये पहला चुनाव होने जा रहा है. वालिद के जाने के बाद कई मुश्किलें देखी हैं. लेकिन अल्लाह के बाद आप लोग हैं जो हर मुश्किल वक़्त में मेरे साथ खड़े हैं. आज नगीना के मौहल्ला लुहारी सराय काजी सराय तार वाला बाग,अकबराबाद चोक,काजी सराय द्वित्तीय में अपने बुजुर्गों और नौजवान साथियों से मुलाकात की. जहाँ भी जाता हूँ बुजुर्ग मेरे वालिद के किस्से मुझे सुनाने लगते हैं, दुआएँ देते हैं, सलाह मशविरा देते हैं. इतनी दुआएँ मिलती हैं कि गदगद



होकर घर आता हूँ. दुनिया की कोई शह बाप की जगह तो नहीं ले सकती लेकिन इतनी बुजुर्गों का साया और उनकी दुआएँ हर मुश्किल से आसानी से बाहर निकाल लेती हैं. इंशाल्लाह अपने वालिद की तरह ही आपके सुख दुःख और परेशानियों में हमेशा आपके साथ पहले की तरह खड़ा रहूँगा. आपके प्यार और मौहब्बत का कर्जदार था, हूँ और रहूँगा.

# खाद्य सुरक्षा की टीम ने बैहर, मंडई, पल्हेरा में की विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण

## पल्हेरा की नूतन किराना दुकान को किया गया सील

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो

बालाघाट।( 18 दिसंबर )जिले वासियों को साफ सुथरा खाद्य सामग्री मिले



इसके लिए खाद्य विभाग के अधिकारियों के द्वारा निरंतर जांच अभियान चलाया जा रहा है जिसमे नियम विरुद्ध पाए गए प्रतिष्ठानों के ऊपर कार्यवाही की गई।वही बिरसा के पल्हेरा की नूतन किराना दुकान का लाइसेंस अवसान होने पर कार्यवाही करते हुए दुकान को सील कर दिया गया।जानकारी अनुसार शनिवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारी योगेश डोंगरे एवं वाजिद मोहिब ने खाद्य सामग्री में मिलावट के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए बैहर तहसील के ग्राम मंडई में आधा दर्जन खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण एवं नमूना लेकर कार्यवाही किया।काबुली चना, डेयरी व्हाइटनर का नमूना जांच के लिए लिया गया।वहीं तहसील बिरसा के ग्राम पल्हेरा स्थित नूतन किराना दुकान का लाइसेंस एक्सपायर्ड पाए जाने पर मौके पर दुकान सील की गई एवं खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम के अंतर्गत न्यायालयीन कार्यवाही की जा रही है।

# पटौदी के पत्रकारों को मिला राष्ट्रीय मीडिया रत्न अवार्ड

पटौदी/सुरेश कोहली : वर्किंग जर्नलिस्ट ऑफ इंडिया द्वारा दिल्ली में



आयोजित हुए पत्रकार सम्मेलन में देश के कोने कोने से पहुंचे पत्रकारों को डब्लूजेआई द्वारा मीडिया रत्न अवार्ड 2022 से सम्मानित किया गया है। गौरतलब है की जिला गुरुग्राम के पटौदी से शिवचरण व नरेंद्र कुमार सहगल को ये सम्मान दिया गया है। अपने सम्मान में उन्होंने कहा की इस सम्मान का सारा श्रेय वरिष्ठ पत्रकार सुरेश कोहली को जाता है।वे पत्रकारिता में राष्ट्रीय सम्मान पाकर बहुत ही खुश है। जैसे ही क्षेत्र के लोगों को उनके सम्मान के बारे में पता चला तो उन्हें फोन के माध्यम से भी बधाइयां मिल रही है।

# नजीबाबाद के ग्लोबल एकेडमी में संपन्न हुआ ताइक्वांडो इंटर हाउस कंपटीशन

शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण बिजनौर

नजीबाबाद के ग्लोबल एकेडमी में आज 17 दिसंबर को इंटर हाउस ताइक्वांडो चैंपियनशिप का आयोजन हुआ जिसमें मुख्य अतिथि ग्लोबल



एकेडमी के डायरेक्टर सुनील चंदोला रहे आज लगभग ग्लोबल एकेडमी के 100 बच्चों ने परफॉर्मेंस कर अपने अपने ग्रुप में मेडल जीते जिसमें मुफरेया खान ने गोल्ड मेडल वह अलीशा ने सिल्वर मेडल व भूमि नरवाल ने ब्रांच मेडल पर कब्जा किया बच्चों का परफॉर्मेंस देखकर पेरेंट्स भी खुश हुए वे सभी ने बच्चों का हौसला अफजाई किया लगभग 100 बच्चों ने ताइक्वांडो इंटर हाउस कंपटीशन में भाग लिया वह लगभग 12 कैटेगरी में ताइक्वांडो कंपटीशन संपन्न हुआ जिसमें हर कैटेगरी में 3 बच्चों को मेडल दिया गया गोल्ड सिल्वर ब्राउंस मेडल दिए गए कंपटीशन मैं नेशनल रेफरी नसीम अहमद निशांत वीरेंद्र विक्रम व नगमा आदि शामिल रहे

# एसडीएम की अध्यक्षता में लगा समाधान दिवस

दैनिक समाज जागरण विकास शर्मा

नगीना। नगीना में समाधान दिवस का आयोजन हुआ। समाधान दिवस में



कुल 19 शिकायतें आई जिसमें से किसी का भी मौके पर निस्तारण नहीं हुआ। उप जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि शासन की मंशा अनुसार समाधान दिवस में आने वाली प्रत्येक शिकायत एवं प्रार्थना पत्रों का पूर्ण रूप से समाधान किया जाएगा एवं सभी शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्वक तथा निर्धारित समय में ही किया जाएगा। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह, तहसीलदार नगीना अवनीश कुमार, सीओ नगीना एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# भाजपाइयों ने की विवादित बयान की निंदा

दैनिक समाज जागरण विकास शर्मा

नगीना। पाकिस्तान के विदेश मंत्री द्वारा भारत के प्रधानमंत्री के ऊपर की गई



आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में नगीना मझलेटा बाजार बड़ा मंदिर नगीना पर भाजपा कार्यकताओं द्वारा सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया। सड़क पर एकत्रित होकर कार्यकताओं ने पाकिस्तान मुदार्बाद, बिलावल भुट्टो मुदार्बाद के नारे लगाए एवं भारी संख्या में नगीना से भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता मुख्य प्रदर्शन स्थल नुमाइश ग्राउंड बिजनौर के लिए रवाना हुए। प्रदर्शनकारियों में मुख्यतः पूर्व विधायक सतीश गौतम, लवि मित्तल, युवा नेता रोहित रवि, नवनीत मित्तल, अतुल अंदाज, मनी वर्मा, विक्की शर्मा, शुभम मित्तल, अमित गुप्ता, अमन सिंह, गोलू कुमार आदि उपस्थित रहे।

# बिजनौर पहुंच कर भाजपा कार्यकर्ता वसीम कुरैशी के साथ हजारों मुस्लिम समुदाय के लोगों ने लगाए पाकिस्तान मुदार्बाद के नारे

शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण

बिजनौर में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पाकिस्तानी विदेश मन्त्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने पीएम नरेंद्र मोदी के खिलाफ दिए विवादित बयान को लेकर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष सुभाष वाल्मीकि के नेतृत्व में जिले भर के भाजपा कार्यकताओं ने पाकिस्तान के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। वही नजीबाबाद से भाजपा कार्यकर्ता वसीम कुरैशी के साथ पहुँचे सैकड़ों के संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग बिजनोर पहुँचे और पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपना विरोध करने के लिए सड़कों पर उतरे। भाजपा कार्यकर्ता वसीम कुरैशी व मुस्लिम समाज के लोगो ने लगाए पाकिस्तान मुदार्बाद के नारे। भाजपा कार्यकताओं ने बिजनौर नुमाइश मैदान से कलक्ट्रेट तक निकाला पैदल मार्च।

## एकमा, दिघवारा व सोनपुर सहित छह नगर पंचायतों में मतदान आज, सभी तैयारियां पूरी

एमएन सिंह मुन्ना/अरविंद कुमार, दैनिक समाज जागरण

छपरा (सारण)। सारण जिले में पहले चरण में सोनपुर नगर पंचायत, दिघवारा नगर पंचायत, मढ़ौरा नगर पंचायत, रिविलगंज नगर पंचायत, एकमा बाजार नगर पंचायत व परसा बाजार नगर पंचायत यानी छह नगर निकायों में रविवार को मतदान होने हैं। निकाय चुनाव को लेकर विभिन्न प्रखंडों में बने डिस्पैच सेंटरों से शनिवार की शाम में ईवीएम व मतदान सामग्री उपलब्ध करा कर मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया गया। जिसमें शामिल पोलिंग पार्टियां शाम तक अपने बूथों पर पहुंच गईं।




## जनता दरबार में तीन जमीनी विवादों के हुए निष्पादन

**दैनिक समाज जागरण** गड़खा (सारण)। शनिवार को गड़खा थाने में जनता दरबार आयोजित किया गया। जिसमें अंचल अधिकारी के समक्ष 10 जमीनी विवादों से संबंधित मामले आए। सुनी। जिनमें से तीन विवादों का मौके पर निपटारा कर दिया गया। इस अवसर पर थानाध्यक्ष सहित ग्राम रक्षा दल के पदाधिकारी भी मौजूद थे।



## बुढ़ापा के सहारा त छीन गईल, बाकी अब कईसे कटी आगे के जिंदगी...!

धर्मेन्द्र पाण्डेय, दैनिक समाज जागरण

मशरक (सारण)। मशरक के बहरौली गाँव के मृतक नरेश साह के घर दो तीन दिन से चुल्हा नहीं जला है। घर पर अकेली मृतक की माँ जिउत कुंवर तीन बच्चों के साथ है, जो फफक कर रोते हुए आने जाने वालो से कह रही है कि हमर त बुढापा के सहारा छीन गईल आगे के जिंदगी कईसे कटी। पति की पहले ही मौत हो गयी। बुढ़ापे का सहारा दो पुत्रों में एक की मौत हो गयी। जबकि दूसरा पुत्र कुँआरे राजेश साह का ईलाज मढौरा के एक निजी क्लिनिक में चल रहा है,जो जिंदगी और मौत से जुझ रहा है। परिजनों ने बताया कि छपरा सदर अस्पताल से बेहतर उपचार के लिए निजी क्लिनिक में भर्ती कराया गया है।जहाँ कर्ज लेकर ईलाज कराया जा रहा है।मृतक की पत्नी लालसा देवी और पिता को मुखाग्नि देकर पहुंचा 7 वर्षीय पुत्र अस्पताल में दुसरे भाई की जिंदगी बचाने में लगे हुए हैं।



## मशरक में जहरीली शराब से अब तक 34 लोगों की मौत

**दैनिक समाज जागरण** मशरक/सारण (धर्मेन्द्र पाण्डेय)। मशरक में जहरीले शराब से अबतक 34 लोगों ने अपनी जान गवाई है। जिसमें आधी संख्या आदर्श पंचायत कहे जाने वाले मशरक के बहरौली पंचायत के बहरौली गाँव कि है। इस गाँव से अबतक कुल 15 लोग की मौत हो चुकी है। जबकि दुरगौली पंचायत में 3, गंगौली पंचायत में 9, मशरक नगर पंचायत में 6, बंगरा पंचायत में 1 कई मौत हो चुकी है। जबकि दर्जनों लोग सरकारी और निजी अस्पतालों में जिंदगी और मौत से जुझ रहे हैं ।घटना के बाद गाँव का परिदृश्य ही बदल गया है । हर तरफ मातम पसरा हुआ है । किसी के बुढ़ापे का सहारा छीन गया तो किसी के सर से पिता का साया । जहरीली शराब कहा से आयी यह अब भी सवाल बना हुआ है। जहरीले शराब से विधवा हुई महिलाएं अपने भाग्य को कोसते हुए उन लोगों को भी बददुआ दे रही है जिनके कारण उनका मांग सुनी हो गई ।अब बेसहारा गरीब पीड़ित परिवार अपनी जिविका के लिए सरकारी मुआवजे की उम्मीद लगाए बैठी है। जो बिटिया की शादी और बच्चों की परवरिश के लिए मददगार हो । दरवाजे पर हर आने जाने वाले जन प्रतिनिधि से सरकारी मुआवजा दिलवाने की गुहार लगायी जा रही है।

## सारण जिले में अब तक जहरीली शराब से हुई 73 मौतें

### थाने के पास सबसे ज्यादा शराब बिकी, सप्लायर खुद शराब पीकर मरा

**दैनिक समाज जागरण** मशरक (सारण)। मशरक और अलग बगल के प्रखण्ड के अलग अलग गांवों में जहरीली शराब से अब तक 100 लोगों की मौतें हो चुकी हैं। ये सरकारी आंकड़ा नहीं है। सरकारी आंकड़ा 73 के करीब हैं। वहीं दर्जनों मरीजों का इलाज चल रहा है, जिनकी हालत गंभीर है। वही शुक्रवार तक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक से लगभग एक दर्जन मरीजों को रेफर किया गया है। यानी मौतें और बढ़ सकती हैं। जिस मशरक इलाके में घटना हुई है, वहां के थानेदार रितेश मिश्रा और चौकीदार को सस्पेंड किया गया है। जांच के लिए एसआईटी बनाई गई है। जहरीली शराब प्रकरण में प्राथमिकी दर्ज की गई है। जिसमें 2 की गिरफ्तारी भी हुई है। उत्पाद विभाग की टीम लगातार छापेमारी कर रही है। वही शराब बेचने वाला कुणाल सिंह व कुणाल का मददगार मधु सिंह और मुकेश कुमार की मौत उसी जहरीली शराब से हो गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में शुक्रवार को डुमरसन से जहरीली शराब पीकर इलाज कराने पहुंचे शख्स की आंखों की रोशनी गायब हो गई थी। वहीं उसने स्वीकारा किया कि शराब गांव के ही एक शख्स ने बेची। वहीं कन्या मध्य विद्यालय मशरक के पास सड़क किनारे शराब पीकर गिरे शख्स को लोजपा नगर पंचायत अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह और कुंदन कुमार सिंह ने इलाज के लिए एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में पहुंचाया जहां से सभी को सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया। वहीं जहरीली शराब पीकर मृत हुएं परिजनों से मिलने को नेताओं का आना जाना लगा हुआ है।

## मीरगंज व्यापार मंडल सहयोग समिति के चुनाव की नामांकन प्रक्रिया पूरी

**दैनिक समाज जागरण** गोपालगंज (सारण)। मीरगंज व्यापार मंडल सहयोग समिति के चुनाव को लेकर नामांकन की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। अध्यक्ष व सदस्य पद के लिए कुल आठ अभ्यर्थियों ने बीडीओ सह आरओ के समक्ष नामांकन दाखिल किया। बीडीओ सह आरओ मनोज कुमार पड़ित ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए एक मात्र संतोष यादव ने नामांकन किया है। निर्धारित अवधि तक महज एक ही नामांकन अध्यक्ष पद के लिए दाखिल किया गया है। सदस्य पद के लिए उमाशंकर प्रसाद, प्रभुनाथ यादव, सुनील राय शर्मा,दीनानाथ पांडेय,सुमन यादव रीता देवी तथा जुठन राम ने नामांकन किया है। गुरुवार को सभी नामांकन पत्रों की जांच की गई।जिसमें सभी नामांकन पत्र सही पाए गए हैं। इसके बाद अध्यक्ष सहित सभी सात सदस्यों का निर्विरोध निर्वाचन तय माना जा रहा है। हालांकि अभी इसकी अधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।

## कटेया में नगर निकाय चुनाव की सभी प्रशासनिक तैयारी पूरी, मतदान आज

**दैनिक समाज जागरण** गोपालगंज। नगर पंचायत कटेया में नगरपालिका चुनाव के लिए सारी प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। नगर पंचायत के निवार्ची पदाधिकारी सह भूमि सुधार उप समाहर्ता शार्दुल हसन खां लगातार प्रखंड मुख्यालय में कैंप कर रहे हैं। रविवार को चुनाव में कुल 15066 मतदाता अपने मतों का प्रयोग करेंगे। नगर में चेयरमैन पद के लिए कुल 10 उम्मीदवार मैदान में हैं, जबकि उप चेयरमैन के लिए सात उम्मीदवार हैं। नगर पंचायत के 13 वार्डों के लिए 7911 पुरुष मतदाता एवं 7154 महिला मतदाता मतदान करेंगे। मतदान के लिए पूरे नगर को कुल 4 सेक्टरों में विभक्त किया गया है , जिसके लिए 3 क्लस्टर बनाए गए हैं। चुनाव कर्मी प्रखंड मुख्यालय स्थित बीआरसी से सामग्री प्राप्त कर अपने- अपने मतदान केंद्रों की तरफ रवाना हो गए ।

## नगर पंचायत एकमा बाजार में 29507 मतदाता आज करेंगे अपने मताधिकार का प्रयोग

प्रो. अजीत कुमार सिंह/संजीत कुमार/अरविंद कुमार, दैनिक समाज जागरण

छपरा/एकमा (सारण)। नगर निकाय चुनाव के प्रथम चरण में रविवार को नगर पंचायत एकमा बाजार के मुख्य पार्षद, उप मुख्य पार्षद और वार्ड पार्षद हेतु कुल 39 बूथों पर सुबह 7:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक मतदान होगा। इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस चुनाव में 29507 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मतदान को शांतिपूर्ण और सकुशल संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी राजेश मीणा के द्वारा शनिवार की शाम मतदान कार्य में तैनात मतदान अधिकारियों के साथ ऑनलाइन वर्चुअल जूम मीटिंग कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। एकमा प्रखंड मुख्यालय स्थित खेल मैदान से ईवीएम सहित अन्य चुनाव सामग्रियों के साथ जोनल सेक्टर व सेक्टर मजिस्ट्रेट सहित पीसीसीपी पार्टी को मतदान केंद्रों के लिए देर शाम तक निवार्ची पदाधिकारी सह सदर अनुमंडल पदाधिकारी अरुण कुमार सिंह, सहायक निवार्ची पदाधिकारी सह बीडीओ डॉ सत्येंद्र पाराशर, सीओ कुमारी सुषमा, नगर पंचायत के ईओ अनिरुद्ध कुमार, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रागिनी कुमारी, प्रखंड श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी बेदी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी रामाधार चौधरी आदि के द्वारा मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया गया।

वहीं शनिवार की शाम तक अपने-अपने निर्धारित मतदान केंद्रों पर मतदान कराने के लिए पोलिंग पार्टियां पहुंच गईं।



इस अवसर पर एकमा थानाध्यक्ष देव कुमार तिवारी, शिक्षक संजय भारती कुमार रश्मि रंजन, उपेंद्र कुमार सिंह, वीरेंद्र प्रसाद, अमरेंद्र कुमार, सुधीर श्रीवास्तव, गजेन्द्र कुमार, निर्भय कुमार आदि अन्य लोग मौजूद रहे।

**हंसराजपुर मध्य विद्यालय में बना है पिंक व मॉडल बूथः**

रविवार को नगर पंचायत एकमा बाजार में होने वाले मतदान को लेकर महिला और आदर्श बूथ भी बनाया गया है। नगर पंचायत के वार्ड नंबर 11 में स्थित मध्य विद्यालय हंसराजपुर के बूथ संख्या 11/1 को पिंक बूथ और मतदान केंद्र संख्या 11/2 को मॉडल भूत बनाया गया है। इसकी जानकारी देते हुए एआरओ सह बीडीओ डॉ सत्येंद्र पाराशर ने बताया कि हंसराजपुर मध्य विद्यालय में स्थित दो बूथों को विशेष रूप से सजाया संवारा गया है। जहां मतदाताओं के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। उधर एकमा थाना अध्यक्ष देव कुमार तिवारी के नेतृत्व में नगर पंचायत बाजार के विभिन्न वार्डों में फ्लैग मार्च निकालकर भयमुक्त, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान के लिए अपील की गई।

**एकमा में मुख्य पार्षद के 12 व उप मुख्य पार्षद पद के 6 प्रत्याशी मैदान में:**

नगर पंचायत एकमा बाजार में रविवार को होने वाले चुनाव के लिए मुख्य पार्षद के लिए पांच महिलाएं व सात पुरुष सहित कुल 12 और उप मुख्य पार्षद के छह पुरुष प्रत्याशी अपने भाग्य आजमाने के लिए चुनावी समर में हैं। वहीं विभिन्न वार्डों में वार्ड पार्षद के 63 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। जिसमें वार्ड संख्या 6 और 7 में वार्ड पार्षद का निर्विरोध निर्वाचन हो चुका है। जिसके लिए कुल 29507 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसके लिए शनिवार को रात भर प्रत्याशी और उनके समर्थक जागकर मतदाताओं के दरवाजे पर दस्तक देकर अपने पक्ष में गोलबंद करने हेतु प्रयास करते रहे।

## 'जो पिएगा वो मरेगा' वाले बयान पर सुशील मोदी का तीखा प्रहार, कहा – जो पलटी मारेगा वो राज करेगा

दैनिक समाज जागरण, धर्मेन्द्र पाण्डेय/अर्जुन सिंह,

छपरा/मशरक (सारण)। मशरक और छपरा में जहरीली शराब के कारण अबतक 70 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। इस घटना को लेकर बिहार में विपक्ष में बैठी पार्टी भाजपा लगातार सीएम नीतीश कुमार पर हमलावर है। भाजपा द्वारा छपरा कांड में मृतक के परिजनों को मुयाबजा दिलवाने की मांग कर रहे हैं। इसके साथ ही इस मामले में खुद सीएम के बयान ' जो पिएगा जो मरेगा ' को लेकर भी तरह- तरह बातें कही जा रही है। इसी कड़ी में अब बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और भाजपा के राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी ने नीतीश पर तीखा तंज कसा है। भाजपा के राज्यसभा सांसद ने कहा कि, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कह रहे हैं कि 'जो पिएगा वो मरेगा' तो उनसे पूछना हैं कि क्या जो जो पलटी मारेगा वो राज करेगा। इसके आलावा उन्होंने एक



ट्वीट को शेयर भी किया है जिसमें कहा गया है कि, पहले मौत पर हँसो, फिर कहो शोक नहीं मनाऊंगा और परिवारों के नुकसान की भरपाई नहीं करूँगा। सुशील कुमार मोदी ने कहा कि, बिहार के मुख्यमंत्री को यह सोचना चाहिए कि, वो कौन थे जो नकली शराब लेकर आए ? क्या इसकी जिम्मेदारी मुख्यमंत्री की नहीं ? मुआवजा क्यों नहीं देंगे। कम से कम इतना तो समझना चाहिए की छपरा के लोग गरीब लोग हैं, इसलिए कम से कम थोड़ी संवेदना तो दिखाएं। इन गरीबों को थोड़ी मदद मिल जाएगी तो उनका क्या चला जाएगा। सुमो ने कहा कि,आप शराब बनाने वाले को एक करोड़ रुपया दे रहे हैं और मरने वालों को मुआवजा नहीं दे रहे हैं। उन्होंने मशरक के अलग अलग गांवों में जाकर पीड़ित परिवार से मुलाकात की और परिजनों को सांत्वना दिया।वही उन्होंने पार्टी स्तर पर भी मुवाअजा देने का भरोसा दिया। मौके पर भाजपा सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, तरैया भाजपा विधायक जनक सिंह, छपरा विधायक डॉ सीएन गुप्ता समेत अन्य भाजपा नेता मौजूद रहे।

## शराब कांड के पीड़ित परिवारों से मिलने पहुंचे चिराग पासवान, मृतक के बच्चें को गोद में लेकर हुए भावुक

दैनिक समाज जागरण

मशरक/सारण (धर्मेन्द्र पाण्डेय)। मशरक में जहरीली शराब से हुई मौत को लेकर सियासी खींचतान लगातार जारी है। इसी कड़ी में आज यानी शनिवार को एलजेपी के अध्यक्ष चिराग पासवान मशरक पहुंचे और पीड़ित परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान एक महिला उन्हें पकड़कर फुट-फूटकर रोने लगी। उसने अपने को दर्द बयां किया। जिसे सुनकर चिराग भावुक हो गए। वहीं, मशरक पहुंचकर चिराग ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर बड़ा हमला बोला।चिराग ने कहा था कि मशरक में लोगों की शराब से मौत नहीं बल्कि उनकी हत्या हुई है। वहीं, उन्होंने सीएम से



इस्तीफे की भी मांग की। मौत के लिए उन्होंने नीतीश कुमार को दोषी ठहराया है। उन्होंने कहा कि राज्य में शराबबंदी कानून फेल है। मुख्यमंत्री के बयान से स्पष्ट है कि शराबबंदी कानून ही इन्हें गद्दी से उतारेगा। गौरतलब है कि छपरा में जहरीली शराब से मौत का आंकड़ा तेजी से बढ़ रहा हैं। जहरीली शराब पीने से अब तक 73 लोगों की जान जा चुकी है। जबकि अब भी दर्जनों लोग जीवन और मौत से जूझ रहे हैं। मंगलवार से शुरू हुआ मौत का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। मृतकों के परिजनों में चीख पुकार मची हुई है। एक साथ इतने लोगों की मौत को लेकर बिहार का सियासी पारा चरम पर पहुंच चुका है।

## पौधा लगाओ, पर्यावरण बचाओ अभियान में शामिल होंगे इंडेन ग्राहक

### इंडेन ग्राहकों को पौधा लगाने व उसका संरक्षण करने को क्षेत्रीय प्रबंधक ने किया प्रेरित

दैनिक समाज जागरण

मांझा (गोपालगंज)। पौधा लगाओ पर्यावरण बचाओ अभियान को अब और गति मिलेगी। पौधा लगाने से बढ़कर परोपकार का कार्य अन्य कोई नहीं है। सभी सामाजिक कार्यों में स्वयं का हित निहित मिलता है। लेकिन पौधा लगाने में सबका हित शामिल होता है। ऐसे में सबको पौधा लगाना चाहिए। एक पौधा सौ पुत्रों के समान माना गया है। ऐसे में प्रदूषण मुक्त भारत बनाने को लेकर सरकार ने एलपीजी गैस की शुरूआत किया। उसी के तर्ज पर एक कनेक्शन एक पौधा का शुभारम्भ किया जा रहा है। आप सभी इस अभियान से जुड़कर प्रदूषण मुक्त भारत बनाने का प्रयास करें। उक्त बातें स्थानीय प्रखंड के राष्ट्रीय राजमार्ग 27 के किनारे स्थित कोइनी पश्चिम टोला में नव निर्मित आनंद इंडेन ग्रामीण वितरक रसोई गैस एजेंसी का उद्घाटन इंडियन आयल कार्पोरेशन लिमिटेड के क्षेत्रीय प्रबंधक रजत कुमार सिंह ने पर्यावरणविद् डॉ सत्य प्रकाश के साथ पौधा लगाते हुए कहा। इन्होंने एजेंसी के प्रथम ग्राहक को कनेक्शन से सम्बन्धित सामग्री के साथ साथ पौधा देकर सम्मानित किया। एजेंसी के उद्घाटन में पहुंचे ग्राहकों को क्षेत्रीय प्रबन्धक श्री सिंह द्वारा एक कनेक्शन एक पौधा योजना का मूर्त रूप देते हुए कहा कि इस क्षेत्र में प्रदूषण मुक्त वातावरण तभी कायम हो सकेगा जब हम पौधा लगाएंगे। इस बाबत क्षेत्रीय प्रबन्धक ने वितरक नन्द जी प्रसाद को विशेष रूप से सभी प्रकार के कनेक्शन पर एक पौधा



उपहार स्वरूप देने का निर्देश दिया। पर्यावरणविद् डॉ सत्य प्रकाश ने ग्राहकों को पौधा लगाने के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि जीवन में सभी शुभ कार्यों की शुरूआत आप सभी पौधा लगाकर करें। इसके कई बहुआयामी फायदे आपको मिलेंगे। पौधा जीवन साथी है जो जीवन भर हमारा साथ निभाता है और इस दुनिया को अलविदा करते समय भी साथ जाता है। पर्यावरणविद् डॉ प्रकाश ने सबको पौधा लगाने के लिए प्रेरित भी किया। वहीं वितरक नन्द प्रसाद ने कहा कि रसोई गैस एजेंसी खुलने से इस क्षेत्र के लोगों को काफी लाभ मिलेगा। अब लोगों को रसोई गैस सिलेंडर प्राप्त करने के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। इस एजेंसी के माध्यम से लोगों को मिलने वाली सभी सुविधाएँ उपलब्ध रहेगी। मौके पर अनीता देवी, उचकागांव इण्डेन के संचालक प्रेमनाथ चंचल,नुरेन अंसारी, अशरफ अली, लक्ष्मण प्रसाद, प्रदीप कुमार, विजय, रंजय कुमार, सोमेश्वर तिवारी आदि ने भी इस अवसर पर पौधरोपण में भाग लिया।

## रामायण का एक-एक प्रसंग जीवन को बहुत प्रेरणा देता है: मधुकर जी महाराज

दैनिक समाज जागरण

तरैया (सारण)। प्रखंड के भटगाई हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित सात दिवसीय श्रीराम कथा सह हनुमन जयंती महायज्ञ के छठे दिन वाराणसी से आए प्रसिद्ध कथा वाचक पूज्य श्री मधुकर जी महाराज ने भगवान श्री राम के वनवास की कथा सुनाई। केवट प्रसंग में उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम को अपने भक्तों के आगे स्वयं विष्णु भगवान राम भी विवश हो जाते हैं। हों भी क्यों न जब भक्त पूरी श्रद्धा और भक्ति भाव से अपना सर्वत्र प्रभु के चरणों में अर्पित कर दें तो ऐसे भक्त की बात को भला कौन टाल सकता है। रामायण का एक-एक प्रसंग है, जो जीवन को बहुत प्रेरणा देता है। वह कौन था जिसने भगवान श्रीराम को एक पैर पर खड़ा रहने के लिए मजबूर कर दिया, बाद में देवों ने की पुष्प वर्षा भगवान राम की विनम्रता और सहजता का जितनी व्याख्या की जाए कम है। वे हर एक रूप में पूर्ण दिखाई देते हैं। पुत्र, भाई, राजा, सखा, पति और शिष्य कौन सा ऐसा स्वरूप है। जिसमें भगवान पूर्णता का अहसास नहीं कराते हैं। भगवान राम सभी रूपों में अनुकरणीय नजर आते हैं। भगवान राम जिनका अगले दिन राज्याभिषेक होना है और माता कैकयी उन्हें वनगमन का आदेश देती हैं। वे इसका चित मात्र भी दुख व्यक्त नहीं करते हैं और माता के आदेश का खुशी खुशी पालन करते हुए वनगमन के लिए प्रस्थान कर जाते हैं। यहां पर भगवान राम एक ऐसा उदाहरण प्रस्तुत करते हैं, जो व्यक्ति की महानता को प्रदर्शित करता है। भगवान राम माता सीता और लक्ष्मण के साथ वनगमन के लिए जब प्रस्थान करते हैं तो उनकी भेंट केवट से होती है। केवट का संबंध भोईवंश से था और मल्लाह का काम किया करता था। रामायण में केवट का वर्णन प्रमुखता से किया गया है। केवट ने प्रभु श्रीराम को वनवास के दौरान माता सीता और लक्ष्मण के साथ अपने नाव में बिठा कर गंगा पार करवाया था। रामायण के



अयोध्याकाण्ड में इस प्रसंग का बहुत खूबसूरत ढंग से वर्णन किया गया है। गंगा को पार करने के लिए प्रभु श्रीराम केवट को पुकारते हुए कहते हैं कि निषाद राज तनिक नाव को किनारे लाएं, पार जाना है। इस बात को रामायण की इस चौपाई के माध्यम से समझाया गया है। मागी नाव न केवटु आना। कहइ तुम्हार मरमु मैं जाना॥ चरन कमल रज कहुं सबु कहई। मानुष करनि मूरि कछु अहई।।

मौके पर महाराजगज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, वरिष्ठ नेता शैलेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व विधायक मुद्रिका प्रसाद राय, बीडीओं कृष्ण कुमार सिंह, सीओं अंकु गुप्ता, थानाध्यक्ष महमद शोएब आलम, प्रशिक्षु दरोगा प्रवेश कुमार, सरपंच संघ के प्रदेश महासचिव सुनील कुमार तिवारी, अभिषेक कुमार सिंह उर्फ गुड्डु, अरविंद कुमार, उपाध्याय युवा नेता रंजीत सजीव चौबे, डॉ दिलीप सिह, कुमार संजीव रंजन, सरपंच नितेश सिह, आचार्य चंदन ओझा, हिमाशु मिश्रा, राकेश त्रिपाठी, सुकेश त्रिवेदी समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## जिनका दोष नहीं उनके प्रति संवेदना जरुरी: शैलेंद्र प्रताप

दैनिक समाज जागरण

तरैया (सारण)। सारण में जहरीली शराब से हो रही मौत की संख्या लगातार बढ़ रही है। कई परिवार इस घटना में पीड़ित हुए हैं। सारण विकास मंच के संयोजक व वरिष्ठ नेता शैलेंद्र प्रताप सिंह लगातार पीड़ित परिवारों से मिलकर उनकी मदद का प्रयास कर रहे हैं। शैलेंद्र प्रताप सिंह ने अटौली, महुली, डोईला, छपियां में पीड़ित परिजनों से मुलाकात कर उनका ढांढस बंधाया। इस दौरान शैलेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि ऐसी घटना भयावह है। इतने लोगों की मौत की बात सोच कर ही मन सिहर जाता है। क्योंकि जितने लोगों की मौत हो चुकी है, उनका परिवार बेसहारा हुआ है। जबकि इन परिजनों का तो रत्ती भर दोष नहीं था। आगें उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवारों के



लिए हम हर संभव मदद का प्रयास कर रहे हैं। लेकिन इसमें सरकारी मदद की भी जरुरत है। बिना सरकारी मदद के इन बेसहारा परिवारों को सहारा मिलना संभव नहीं है। राज्य की जनता की पूरी जिम्मेदारी सरकार को लेनी चाहिए। कानूनी प्रावधानों से अलग इस विषय में सोचने की जरूरत है। क्योंकि दर्जनों बेसहारा परिवार की उम्मीद अब सरकार से ही है। उन्होंने कहा कि हमलोग माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और माननीय उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव से इस मामले में आत्मीय दृष्टिकोण अपनाते हुए सहयोग का अनुरोध करते हैं। साथ ही सारण विकास मंच जितना संभव हो सकेगा पीड़ित परिवारों की मदद के लिए खड़ा रहेगा।

## जहरीली शराब से मौत के बाद शराब के विरुद्ध पुलिस का छापेमारी अभियान तेज

दैनिक समाज जागरण

तरैया (सारण)। जिले के कई प्रखंडों में जहरीली शराब से हो रही मौत के बाद सारण पुलिस हड़कम्प में है। जिसको लेकर पुलिस अवैध शराब के कारोबारियों के खिलाफ पूरे जिले में विशेष अभियान चला रही है और शराब कारोबारियों को गिरफ्तार कर रही है। वहीं छापेमारी के दौरान शराब निर्माण के लिए रखे गए सामग्री को भी पुलिस नष्ट कर रही है। तरैया पुलिस ने चैनपुर खराटी गांव में पुलिस ने छापेमारी कर शराब निर्माण के लिए रखे गए डेढ़ किवंटल यूरिया खाद, 10 किलो कोयला और दस लीटर चुलाई शराब बरामद किया है। मामले की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष मोहम्मद शोएब आलम ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर चैनपुर खराटी गांव में अनीता देवी और महेश मांझी के यहां छापेमारी की गई तो दोनो के घर पांच-पांच लीटर देसी चुलाई शराब बरामद किया गया, साथ ही शराब निर्माण के लिए रखे गए तीन पॉकेट उजला यूरिया खाद एवं 10 किलो कोयला भी बरामद किया गया है। पुलिस मामले में शराब विक्रेता अनीता देवी एवं महेश मांझी की पत्नी को आरोपित करते हुए प्राथमिकी दर्ज पर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। वहीं पुलिस ने विगत दिनों तरैया के नारायणपुर और बेलहरी गांव में छापेमारी कर 45 लीटर देसी शराब बरामद किया था। साथी ही मौके से दो धंधेबाजों को भी गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार धंधेबाज नारायणपुर गांव निवासी रामायण मांझी एवं बेलहरी गांव निवासी चंदेश्वर मांझी है। जिन्हें छपरा जेल भेज दिया गया।

## विवादित जमीनी का कमिश्नर द्वारा स्थलीय मुआयना के दौरान मारपीट

दैनिक समाज जागरण

तरैया (सारण)। थाना क्षेत्र के पोखरेड़ा गांव में विवादित जमीन पर कोर्ट द्वारा बहाल कमिश्नर के स्थल मुआयना के दौरान मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में पोखरेड़ा बगही निवासी धर्मनाथ राय ने तरैया थाने में एक प्राथमिकी दर्ज कराया है। जिसमें कहा गया है कि छपरा न्यायालय में हकीयत वाद संख्या-86/2022 में स्थल निरीक्षण को लेकर आवेदन दिया गया था। जिसके आलोक में न्यायालय द्वारा बहाल अधिवक्ता आयुक्त के स्थल मुआयना किया जा रहा था। उसी दौरान प्रतिवादी जीतेन्द्र राय गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर हत्या करने का प्रयास किया। वहां से जान बचा कर किसी तरह से थाने जा रहा था। तबतक राजू राय व कंचन राय मेरे घर पर जाकर चापाकल व बिजली मोटर तोड़ फोड़ करते हुए महिलाओं के साथ छेड़खानी करने का प्रयास किये। जिससे लगभग 50 हजार रुपये की संपति की क्षति हुई है। पुलिस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच में जुट गई है।

## 23 दिसंबर से होगी स्नातक पार्ट टू की प्रैक्टिकल परीक्षा

**दैनिक समाज जागरण** गोपालगंज/छपरा। जयप्रकाश विश्वविद्यालय छपरा के तहत स्नातक पार्ट टू सत्र 2019-22 और स्नातक पार्ट टू स्पेशल परीक्षा 2021 की प्रैक्टिकल परीक्षा 23 दिसंबर से 30 दिसंबर तक होगी। जिसमें आनर्स विषयों की प्रैक्टिकल परीक्षा 23 दिसंबर से 27 दिसंबर तक होगी। जबकि सब्सिडियरी व सामान्य विषयों की प्रैक्टिकल परीक्षा 28 दिसंबर से 30 दिसंबर तक आयोजित होगी। इस संबंध में जेपी विवि के परीक्षा नियंत्रक ने केन्द्राधीक्षकों को पत्र जारी किया है। जिसमें कहा है कि परीक्षा केन्द्र का निर्धारण कर सूची केन्द्राधीक्षकों को भेज दी गयी है। केन्द्राधीक्षक अपने-अपने परीक्षा केन्द्र पर आंतरिक परीक्षक को अपने महाविद्यालय से और वाह्य परीक्षक को निकटतम अंगीभूत या सम्बद्ध महाविद्यालयों से बनाकर प्रैक्टिकल परीक्षा संपन्न कराएं। परीक्षार्थी अपने परीक्षा कार्यक्रम की जानकारी संबंधित परीक्षा केन्द्र पर जाकर प्राप्त करेंगे। जिसकी सूचना केन्द्राधीक्षक अपने परीक्षा केन्द्र पर छात्रों को सूचित करते हुए सूचनापट्ट पर लगाएंगे।

## साइकिल सवार को बाइक सवार ने ठोकर मारी

**दैनिक समाज जागरण** तरैया (सारण)। थाना क्षेत्र के आकुचक गांव में पूर्व के दुश्मनी को लेकर साइकिल सवार एक व्यक्ति को बाइक से ठोकर मारकर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया गया है। जख्मी व्यक्ति को रेफरल अस्पताल तरैया में प्राथमिक उपचार के बाद उसे छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। इस संबंध में पीड़ित व्यक्ति आकुचक गांव निवासी अमरेंद्र राम ने ने तरैया थाने में एक प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमें गांव के ही मनीष कुमार सहनी और विवेक कुमार सहनी को नामजद अभियुक्त बनाया है। पीड़ित व्यक्ति का कहना है कि वह अनुसूचित जाति का बेहद ही कमजोर व्यक्ति है और मजदूरी करके अपना घर परिवार चलाता है। सरेया गांव से मजदूरी कर शाम में वह अपने घर लौट रहा था कि उसी दौरान टीकमपुर मंदिर के समीप दोनों आरोपियों ने उसके साइकिल में अपने बाइक से ठोकर मार दिया और उसे गिरा दिया। जब वह जमीन पर गिर गया तो आरोपीगन उसे जाति सूचक शब्द का प्रयोग करते हुए जान मारने की नीयत से गर्दन दबाने लगे। मारपीट के दौरान आरोपियों ने देसी कट्टा निकालकर कट्टा के बट से उसके सिर पर मार कर उसे बुरी तरह से जख्मी कर दिया। मारपीट के दौरान आरोपियों ने उसके पॉकेट से पांच सौ रुपये निकाल लिए। जख्मी अवस्था में उसका रेफरल अस्पताल तरैया में उसका किया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे सीटी स्कैन के लिए छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। इधर पुलिस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर छानबीन में जुट गई है।

## शराबबंदी कानून लागू होने के बावजूद जहरीली शराब पीने से मौत का तांडव जारी: रामदयाल शर्मा

ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण

छपरा (सारण)। भाजपा जिलाध्यक्ष रामदयाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदर्शन एवम बिहार के मुख्य मंत्री नीतीश कुमार का पुतला दहन किया गया।

भाजपा जिलाध्यक्ष रामदयाल शर्मा ने कहा कि बिहार में शराबबंदी कानून लागू होने के बावजूद शराब पीने से मौत की घटनाओं का सिलसिला बदस्तूर जारी है। हर बार स्थान और पीड़ित परिवार के चेहरे बदल जाते हैं। इस बार छपरा में जहरीली शराब पीने से लगातार 3 दिन से मौत का तांडव जारी है, अब तक सैकड़ो लोगों की मौत हो चुकी है। कुछ माह पूर्व भी छपरा में शराब पीने से आठ लोगों की मौत हुई थी। हर बार प्रशासन की ओर से जांच का आदेश दिया जाता है, लेकिन नतीजा सिर्फ कागजों में ही दबकर रह जाती है। शराबबंदी कानून की धज्जियां उड़ रही है हर बार घटना के बाद कुछ गिरफ्तारी होती है लेकिन समस्या की जड़ पर चोट नहीं किया जाता है इसका जिम्मेदार शासन या प्रशासन ?

श्री शर्मा ने कहा कि बिहार में जहरीली शराब से करीब 50 से अधिक लोगों की मौत के बाद भी नीतीश कुमार सरकार शराबबंदी की अपनी नीति को लेकर जिस तरह अडिग नजर आ रही है, उससे यही स्पष्ट होता है कि वह यह बुनियादी बात समझने को तैयार नहीं की दुनिया में कहीं भी शराबबंदी सफल नहीं हुई। इस पर हैरानी नहीं की यह बिहार में भी नाकाम है। भले ही पुलिस-प्रशासन शराब की अवैध बिक्री रोकने के लिए पूरा जोर लगाए रहता हो, लेकिन सच यही है कि वह कहीं अधिक आसानी से उपलब्ध है। शराब की अवैध बिक्री के धंधे ने एक उद्योग का रूप ले लिया है और वह मांग पर वांछित स्थान पर पहुंचाई जा रही है। इससे न तो शासन अनभिज्ञ हो सकता है और न ही प्रशासन।

श्री शर्मा ने कहा कि शराबबंदी की नाकामी का पता अवैध तरीके से शराब बिक्री के आरोप में गिरफ्तार किए जाने वाले लोगों की संख्या से भी पता चलता है और शराब पीने वालों की पकड़-धकड़ से भी। इसमें संदेह नहीं कि छपरा जिले में जहरीली शराब से हुई मौत के लिए शराब की अवैध बिक्री में लिप्त तत्व ही जिम्मेदार हैं। इस घटना ने यह भी स्पष्ट कर दिया की बिहार में शराब चोरी-छिपे बिक भी रही है और उसे अवैध तरीके से बनाया भी जा रहा है। बिहार में जहरीली शराब से मौत का यह पहला मामला नहीं। इसके पहले भी इस तरह की घटनाएं हो चुकी है। छपरा में जहरीली शराब से हुई मौत पर यह कह कर पल्ला नहीं झाड़ा जा सकता कि जो शराब पिएगा, वह तो मरेगा ही।

प्रदर्शन तथा पुतला दहन में भाजपा जिलाध्यक्ष रामदयाल शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, सिवान जिला प्रभारी और रणजीत कुमार सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हरिनारायण सिंह, महामंत्री शांतनु कुमार, जिला मंत्री सत्यानंद सिंह, सुपन राय, गयात्री देवी, प्रवक्ता विवेक कुमार सिंह, मंडल प्रभारी श्याम बिहारी अग्रवाल, किसान मोर्चा अध्यक्ष बबलू मिश्रा, उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह, ददन सिंह, बलवंत सिंह, मनोज पांडे, महिला मोर्चा अध्यक्ष अनू सिंह, अनिल सिंह, धर्मेंद्र सिंह चौहान, गामा सिंह, मदन सिंह, हेम नारायण सिंह, शैलेन्द्र कुमार सिंह डिक, अनूप यादव, अजय साह, भारत माझी, गणेश गोकुल, अंकुर श्रीवास्तव, विक्की श्रीवास्तव, आदित्य सिंह आदि उपस्थित हुए।

## लक्ष्य के अनुरूप करे प्रदर्शन, योजनाओं के क्रियान्वयन में लाएं तेजी उपायुक्त

### लंबित आवेदनों का त्वरित करें निष्पादन: उपायुक्त.

### छात्रवृति योजना, सावित्री देवी फुले किशोरी समृद्धि योजना एवं मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत फसल योजना की प्रगति में तेजी लाने का दिया निर्देश.

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट**
**पंकज भगत**

पाकुड़ जिला समन्वय समिति की बैठक की कार्यवाही का उपायुक्त ने विभागवार अनुपालन की समीक्षा बैठक की बैठक में सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री फसल राहत योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, प्री मैट्रिक झ्र पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजना, छात्र झ्र छात्राओं को जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने हेतु, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना,पंचायती राज विभाग के तहत 15 वें. वित्त आयोग के तहत संचालित योजना, आपूर्ति विभाग, सहकारिता विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, उर्जा विभाग, शिक्षा विभाग, गव्य एवं पशुपालन विभाग आदि से संबंधित योजनाओं की प्रगति की क्रमवार समीक्षा की। उपायुक्त ने योजनाओं के प्रगति पर तेजी लाने को संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारी को निर्देश दिया। वहीं, प्रगति में अन्य विभागों से संबंधित समस्याओं को लेकर भी संबंधित विभाग के पदाधिकारी से समीक्षा करते हुए समस्या के निदान को लेकर अविलंब कार्रवाई करने एवं दिसंबर माह में सभी योजनाओं की प्रगति लक्ष्य अनुरूप शत प्रतिशत करने को कहा। उपायुक्त ने पिछले दिनों दो चरणों में आयोजित आपकी सरकार, आपकी योजना आपके द्वार कार्यक्रम के तहत प्राप्त विभागवार



आवेदनों के निष्पादन एवं लंबित आवेदन की समीक्षा की। उपायुक्त ने सभी विभागों को योजनाओं से संबंधित आवेदनों का निष्पादन त्वरित करने को कहा। कहा कि इसकी प्रतिदिन प्रगति की समीक्षा करें। उन्होंने निष्पादन लंबित होने के कारणों के संबंध में भी बीडीओ/सीओ एवं विभाग के पदाधिकारियों से पूछा और जरूरी दिशा निर्देश दिया। उपायुक्त ने समन्वय बनाते हुए आवेदनों के निष्पादन में तेजी लाने को कहा। मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना का लक्ष्य के अनुरूप प्रखंड स्तरीय समिति से अनुशंसा कर जिला को समर्पित करने को कहा। वहीं, जिला पशुपालन पदाधिकारी को जिला स्तरीय समिति की बैठक बुधवार को रखने का निर्देश दिया। वहीं, कक्षा 09 से 12 एवं प्राथमिक विद्यालय के छात्र झ्र छात्राओं को जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने के लक्ष्य को पूरा करने को कहा। जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक को योजनाबद्ध कार्य करने का दिशा निर्देश दिया। मौके पर उप विकास आयुक्त मो० शाहिद अख्तर, सिविल सर्जन डॉ मंटू कुमार टेकरीवाल, अपर समाहर्ता मती मंजू रानी स्वांसी, अनुमंडल पदाधिकारी हरिवंश पंडित व सभी संबंधित विभाग के पदाधिकारी एवं बीडीओ, सीओ समेत अन्य उपस्थित थे।

## धनबाद पब्लिक स्कूल विद्यार्थियों के सर्वांगीन विकास में अग्रसर , प्रो0 अरविन्द कुमार मिश्रा, (सिम्फर निदेशक)

(आर एन चौरसिया)

धनबाद, धनबाद पब्लिक स्कूल मुख्य शाखा के 33 वें वार्षिक समारोह के दूसरे दिन शनिवार को मुख्य अतिथि सिंफर के निदेशक प्रो, अरविंद कुमार मिश्रा ने कहा कि प्राकृतिक छटा के बीच अवस्थित डीपीएस विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास कर रहा है। यह विद्यालय विद्यार्थियों को हर विधाओं में पारंगत बना रहा है। ढांगी पहाड़ी की तलहटी अवस्थित यह विद्यालय सभी को अपनी ओर आकर्षित करता है। विशिष्ट अतिथि एसएनएमएमसीएच के हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ, डीपी भूषण ने कहा कि हर वर्ष यहां के विद्यार्थी मेडिकल और इंजीनियरिंग परीक्षा में चयनित हो रहे हैं और कई सरकारी बड़े पदों में भी यहां के विद्यार्थियों का सेलेक्शन हुआ है। शिक्षा विकास ट्रस्ट के अध्यक्ष कैलाश प्रसाद अग्रवाल ने कहा कि सभी के सहयोग से ही विद्यालय शिखर तक पहुंचा है। अध्यक्ष शंभूनाथ अग्रवाल ने कहा कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना ही विद्यालय का लक्ष्य है । सचिव सीए अनिल मुकीम ने कहा कि संस्थापक स्वर्गीय डॉ, पीएन गुटगुटिया के सपनों को साकार करता हुआ यह विद्यालय नित्य प्रगति पथ



पर अग्रसर है। छात्राओं , बालिकाओं समेत दैनिक विद्यार्थियों को उच्च स्तरीय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना प्रबंध समिति का उद्देश्य है। प्राचार्य शारदा महाजन ने कहा कि शिक्षा के अलावा खेलकूद में भी यहां के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन किया है । इस अवसर पर वर्गों में प्रथम स्थान लाने वाले एवं विभिन्न स्पधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मान प्रदान किया गया। मौके पर शिक्षा विकास ट्रस्ट के सचिव ,अनिल डालमिया, डीपीएस हीरक ब्रांच के अध्यक्ष रामप्रसाद कटेसारिया, विवेकानंद विद्यालय झरिया के अध्यक्ष ओमप्रकाश कासट, डीपीएस के कोषाध्यक्ष किशन अग्रवाल, उर्मिला गुटगुटिया, इंद्रमोहन मेनन, एमपी बंसल, राजेंद्र बंसल, पदम गुटगुटिया, फादर एलेक्स, शैलेश अग्रवाल, गगन दुदानी, समेत दर्जनों गणमान्य लोग मौजूद थे। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने दुर्गा स्तुति, रामायण, नेपाली नृत्य, पर्यावरण गीत , ऐलो दुर्गा मां, बाल मजदूरी, दिल है छोटा सा, सूरज ढलता जाए , मुझे जीने दो आदि रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत की ।

## धनबाद में दो दिवसीय 'हिन्दू राष्ट्र अधिवेशन' का शुभारम्भ

### हिन्दू समाज को स्वयं का अस्तित्व टिकाये रखने के लिए हिन्दू राष्ट्र के आंदोलन को प्रखर बनाना आवश्यक

(आर एन चौरसिया)

धनबाद , भारत को संवैधानिक पद्धति से 'हिन्दू राष्ट्र' बनाने की योजना निर्धारित करने के लिए आज हीरापुर धनबाद, स्थित अग्रसेन भवन में हिंदू जनजागृति समिति द्वारा आयोजित 'दो दिवसीय हिन्दू राष्ट्र अधिवेशन' प्रारंभ हुआ। अधिवेशन का उद्घाटन पूजनीय संत, स्वामी प्रज्ञात्मानंद जी महाराज, स्वामी श्री वृंदावन दास जी, डॉक्टर नील माधव दास, डॉक्टर कौशिक मौलिक एवं हिन्दू जनजागृति समिति के राष्ट्रीय प्रवक्ता , रमेश शिंदे के करकमलों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।तत्पश्चात पूजनीय संतों का सम्मान किया गया । उद्घाटन के समय नाम प्रेम प्रभु जी की वंदनीय उपस्थिति थी।

भारत अनादि काल से हिंदू राष्ट्र था ,परंतु धर्मनिरपेक्ष व्यवस्था के दुष्चक्र में फंसने के कारण यहां के हिंदुओं का दमन हो रहा है । इस स्थिति में परिवर्तन लाने हेतु पुनः हिंदू राष्ट्र की स्थापना करना अनिवार्य हो गया है। गत दस वर्षों से हिंदू जनजागृति समिति द्वारा प्रतिवर्ष गोवा में अखिल भारतीय हिंदू राष्ट्र अधिवेशन तथा विभिन्न राज्यों में प्रांतीय हिंदू राष्ट्र अधिवेशन के आयोजन किए जाने के फलस्वरूप पूरे देश में हिंदू राष्ट्र की चर्चा प्रारंभ हुई । समिति द्वारा हिंदू राष्ट्र का कार्य सामने रखकर विविध क्षेत्रों में बहुआयामी कार्य भी प्रारंभ किए गए हैं ' हिंदू राष्ट्र स्थापना के कार्य को गति और बल देने के उदेश्य से इस वर्ष भी १७ व १८ दिसंबर '२२ की अवधि में यह प्रांतीय




अधिवेशन आयोजित किया गया है समिति के प्रवक्ता , रमेश शिंदे ने अपने वक्तव्य में परिलक्षित किया कि अनुच्छेद 370 के हटने के उपरांत भी कश्मीर में हिंदुओं की हत्याएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं ' आज भी कश्मीर से हिन्दू पलायन कर रहे हैं ' कश्मीर के उपरांत अब उत्तर प्रदेश दिल्ली, मध्य प्रदेश, गुजरात आदि राज्यों के हिन्दुओं के घरों पर 'घर बिकाऊ है। ऐसा लिखा हुआ दिखाई दे रहा है ' ऐसी स्थिति में हिन्दू समाज को स्वयं का अस्तित्व टिकाए रखने के लिए हिन्दू राष्ट्र के आंदोलन को प्रखर बनाना अत्यावश्यक हो गया है ' अधिवेशन के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए रमेश शिंदे ने कहा कि, आज वायु, ध्वनि आदि प्रदूषण की बात हो रही है, परन्तु राष्ट्र एवं धर्म विरोधी वैचारिक प्रदूषण की ओर हम कब ध्यान देंगे ? हिन्दू राष्ट्र की स्थापना, धर्म का अधर्म के विरुद्ध युद्ध है । हिन्दुओं को यह ध्यान में लेना चाहिए। सरकार किसी भी विचारधारा की हो, परन्तु देश की राज्यव्यवस्था देश के बहुसंख्यक अर्थात हिन्दू समाज के लिए प्रधानता से अनुकूल होनी चाहिए । इसलिए हमें हिन्दू राष्ट्र स्थापना करनी होगी।

इस अधिवेशन में झारखंड, पश्चिम बंगाल, बिहार एवं ओडिशा के राज्य से ५० से ज्यादा हिन्दूत्वनिष्ट संगठनों के १०० से अधिक पदाधिकारी, मंदिर विश्वस्त, अधिवक्ता व विचारक सहभागी हुए हैं ' सभी ने एकजुट होकर 'ज्ञानव्यापी क्षेत्र की मुक्ति के लिए चल रहे कानूनी संघर्ष का समर्थन करने तथा भारत को संवैधानिक पद्धति से हिन्दू राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया।

## अपना दल एस के जॉन प्रभारी शैलेंद्र चौधरी एड-वोकेट के नेतृत्व में चौपाल का आयोजन किया गया

**शमीम अहमद सिद्दीकी**
**दैनिक समाज जागरण**

बिजनौर नगीना लोक सभा के ग्राम महावतपुर गामडी निकट सिहोरा मे साईं राम स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष सोनिया देवी के घर पर शैलेंद्र चौधरी एड-वोकेट जोन प्रभारी के नेतृत्व में एक चौपाल बैठक का आयोजन किया गया। महिलाओं के उत्थान के लिए माननीया बहन अनुप्रिया पटेल जी की नीतियों और कार्यशैली को शैलेंद्र चौधरी एडवोकेट जन जन तक पहुंचा रहे हैं। महिलाओं के लिए चल रही योजनाओं के बारे में और बहन



अनुप्रिया पटेल जी की विचारों को गांव गांव जाकर पहुंचा रहे हैं। सभी वर्गों को लेकर साथ में चल रहे अपना दल (एस) की नीतियों को जनपद बिजनौर में घर-घर तक पहुंचा रहे है।इस चौपाल में उपस्थित हुई मिथलेश देवी, कुसुम देवी, रेखा देवी, निर्वेश कुमारी, मीरा, बबीता, पल्लवी, सुकेश, साधना, सूर्य प्रताप सिंह , गुड्डू सिंह, अखलेंदर सिंह एवम कार्यकर्ता

## ई-रिक्शा बने पाकुड़ शहर के लिए मुसीबत, लग रहा घंटो जाम.

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट**
**पंकज भगत**

पाकुड़ शहर में बढ़ती ई-रिक्शों की संख्या अव्यवस्था फैला रही है। अवैध रूप से संचालित हो रहे अवैध ई-रिक्शों की संख्या दिनों दिन बढ़ रही है। शहर के किसी भी हिस्से में ई-रिक्शों की काफी संख्या नजर आ जाएगी। इनकी बढ़ती संख्या जाम के हालात पैदा कर रही है। प्रशासन की अंदेखी नगरवासियों को और राहगीरों के लिए परेशानी का सबब है। जबकि प्रशासन इस और कोई ध्यान नहीं दे रहा है यदि ऐसे ही हालात रहे तो शहर ई-रिक्शों से भर जाएगा। जहां पैदल निकलना भी मुश्किल होगा। नगर वासियों में प्रशासन की इस उदासीनता से रोष है। इन ई-रिक्शों के संचालन के लिए मानक तय होने चाहिए। जिससे शहर की व्यवस्था बनी रहे शनिवार को शहर में जगह-जगह जाम के हालात नजर आए। मुख्य चौराहों पर भी यही हालात रहे। गांधी चौक पर दोपहर के समय कई बार जाम के हालात बने और सुधरे। इस जाम के जिम्मेदार वह ई-रिक्शा थे जो चौराहे पर चारों दिशाओं को जाने के लिए खड़े थे। साथ ही कुछ चल भी रहे



थे। जबकि चौराहे पर यातायात पुलिस तैनात नहीं थी । बार बार जाम के हालत होने के बाद भी यातायात पुलिस कहीं नजर नहीं आई यही हाल रेलवे फाटक तजिया चौक वृंदावन मार्केट हॉट पाड़ा कोर्ट परिसर के सामने जबकि नगर वासियों और राहगीरों को इन ई रिक्शों से परेशानी का सामना करना पड़ा। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूल से घर लौटने वाले बच्चों को होती है।

जगह-जगह स्कूल वाहन जाम में फंसे दिखाई देते हैं। नगरवासियों का कहना है कि इन ई-रिक्शों का मानक तय होना चाहिए। संबंधित क्षेत्र के लिए नगर पालिका को भी अपनी परमिशन देनी चाहिए। लेकिन इस सब से पहले सहायक संभागीय विभाग में रजिस्ट्रर होना अनिवाय है। रजिस्टर हो भी रहे हैं तो कुछ ऐसे ही चल रहे हैं लेकिन सहायक संभागीय विभाग की मेहरबानी इस कदर है कि अवैध ई-रिक्शों के संचालन पर कोई कार्रवाई नहीं हैं। जबकि नगर में प्रतिदिन एक दर्जन ई-रिक्शों की खरीदारी हो रही है। जो बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित हो रहे हैं। यदि यही हाल रहा तो नगर ई-रिक्शों से भर जाएगा।

## धनबाद में कोयला सचिव से अग्नि प्रभावित लोगों ने की सुरक्षित जगह पर बसाने की मांग

( आर एन चौरसिया)

धनबाद, धनबाद दौरे के दूसरे दिन शनिवार 17 दिसंबर की दोपहर लगभग 12 बजे कोयला सचिव अमृत लाल मीणा ने अग्निप्रभावित क्षेत्र पहुंचे।

उन्होंने लिलोरिपथरा व बालुगद्दा का दौरा किया व भू-धसान व जहरीली गैस के साये में रहने वाले लोगों से मुलाकात की। कोयला सचिव ने झरिया मास्टर प्लान के तहत पुनर्वास योजना से संबंधित परेशानियों की जानकारी ली।

कोयला सचिव ने स्थानीय लोगों से जाना कि आखिर क्या वजह है, जो अंदर से खोखली हो चुकी जमीन व भूमिगत आग के मुहाने से हटकर सुरक्षित जगहों पर यहां के लोग जाना नहीं चाहते हैं, इसपर स्थानीय लोगों ने कहा कि सरकार जिस जगह उन्हें बसाया जा रहा है, वहां सुविधाओं की कमी है। सरकार अगर 2014 का कट ऑफ डेट लागू करती है ,तो सभी इस जगह को छोड़ देंगे।जमीन के बदले एकमुश्त पैसों की मांग भी स्थानीयों लोगों ने कोयला सचिव के समक्ष रखी। सचिव ने विचार विमर्श करने की बात कही। उन्होंने कहा कि सर्वे रिपोर्ट के अनुसार कुल 27 जगहों पर आग लगी है। कोयला



निकाल लेने के बाद भूमिगत आग पर काबू पाया जा सकता है, क्योंकि जमीन के अंदर जैसे ही ऑक्सीजन और एयर मिलती है, तुरंत ही आग पकड़ लेती है। बीसीसीएल योजनाबद्ध तरीके से आग पर काबू पाने का प्रयास कर रहा है।

कोयला सचिव के कार्यक्रम को देखते हुए बीसीसीएल के अधिकारियों ने आनन फानन अग्निप्रभावित व भूधंसान वाले क्षेत्रों की फेंसिंग कराई सुबह से ही बीसीसीएल अधिकारी कर्मचारियों के साथ इस काम में मुस्तैदी से जुटे रहे। बालुगद्दा के लोगों ने कहा कि महीने मे एक आध बार कई पशु भूमिगत आग की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस जाते है। कई बार तो बच्चे भी इसकी चपेट में आ जाते है, परंतु बीसीसीएल अधिकारी कभी गंभीर नहीं दिखते।कोयला सचिव के आने से इन खतरनाक इलाकों की फेंसिंग कराने का मतलब सोचने लायक है। दौरे में कोयला सचिव अमृत लाल मीणा के साथ कोल इंडिया चैयरमेन प्रमोद अग्रवाल, आनंद जी प्रसाद, एम के सिंह, धनबाद उपायुक्त संदीप कुमार, सिंदरी डीएसपी अभिषेक कुमार, झरिया अंचल अधिकारी प्रमेश कुशवाहा, दिलीप भगत, केके सिंह, सपन मंडल समेत बीसीसीएल के कई अधिकारी मौजूद थे।

## बीमा पेंशनर्स संघ हजारीबाग मंडल का 9वाँ सम्मेलन एल आई सी धनबाद शाखा 1 में सम्पन्न ।

(आर एन चौरसिया)

धनबाद, बीमा पेंशनर्स संघ हजारीबाग मंडल का 9वाँ सम्मेलन एल आई सी धनबाद शाखा 1 परिसर में सम्पन्न हुआ। सभा की अध्यक्षता , सुदीप कुमार चटर्जी ने की। इस सभा में बीमा पेंशनर्स संघ की कार्यकारिणी समिति द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के माध्यम भारत सरकार से पेंशन में सुधार तथा फैमिली पेंशन में सुधार की मांग की गई। विभिन्न वक्ताओं ने भारतीय जीवन बीमा निगम की स्थिति, हमारे समाज की स्थिति तथा भारत सरकार की जनविरोधी आर्थिक नीतियों पर चर्चा में हिस्सा लिया। संघ के महासचिव , नरेश प्रसाद श्रीवास्तव ने बताया कि फैमिली पेंशन को 30 प्रतिशत करने की अनुशंसा एल आई सी बोर्ड था ।जिप्सा ने 3 वर्ष पूर्व भारत सरकार को भेज दिया है। परंतु भारत सरकार ने अभी तक इसकी अधिसूचना नहीं जारी की है। यह बहुत दुःखद है। सम्मेलन ने प्रस्ताव पारित कर भारत सरकार से फैमिली पेंशन की अधिसूचना अविलंब जारी



करने की मांग की। आज के सम्मेलन में धनबाद, बोकारो, गिरिडीह, हजारीबाग, चिरकुंडा , बेरमो तथा सिंदरी के लगभग एक सौ लोगों ने हिस्सा लिया। आज के सम्मेलन में सुदीप कुमार चटर्जी, जियाउर रहमान, अभय नारायण सिंह, एस के राम, मनोज मिश्रा,अमरेंद्र आनंद, हेमंत मिश्रा सहित अनेक साथियों ने परिचर्चा में हिस्सा लिया। सम्मेलन ने अगली अवधि के लिए साथी सुदीप कुमार चटर्जी, नरेश प्रसाद श्रीवास्तव एवम चंद्रशेखर प्रसाद को क्रमशः अध्यक्ष, महासचिव एवम कोषाध्यक्ष नियुक्त किया। सम्मेलन को सफल बनाने में साथी रवि प्रसाद मिश्रा, अलगू प्रसाद, सिद्धेश्वर मोदी, कृष्णा कुमार, सुभम राज, रिशु गुप्ता, राहुल प्रसाद,सुरेश कुमार, राजेन्द्र राम, तुलसी महतो, चंदन मोइत्रा, राजीव साधु सहित अनेक साथियों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## भाजयुमो ने रणधीर वर्मा चौक पर पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो का पुतला फूंका

धनबाद, शनिवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा धनबाद महानगर द्वारा रणधीर वर्मा चौक पर पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो के द्वारा भारत के प्रधानमंत्री , नरेंद्र मोदी ऊपर की गयी अभद्र टिप्पणी के विरोध में पाकिस्तान का और बिलावल भुट्टो का पूतला दहन किया गया।

उक्त कार्यक्रम भाजयुमो के जिलाध्यक्ष अमलेश सिंह के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित धनबाद के सांसद पशुपति नाथ सिंह ने कहा कि पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो के द्वारा भारत देश के सचिव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कसाई बुलाया जाना और निंदनीय अपराध की श्रेणी में देखा जाना चाहिए। एक ओर जहां भारत जी 20 जैसे महत्वपूर्ण सम्मेलनों की अध्यक्षता कर रहा है ,वहीं पाकिस्तान अपनी ओछी मानसिकता का प्रदर्शन करते हुए उल जलूल बयानबाजी करके अपने मानसिक दिवालियापन को प्रदर्शित कर रहा है।पाकिस्तान को चाहिए कि जल्द से जल्द बयान जारी करके वैश्विक मंच पर भारत से माफी मांगे। भाजपा जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह ने कहा कि भाजपा भारत देश के स्वाभिमान हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऊपर कोई भी अभद्र टिप्पणी कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे।पाकिस्तान को यह भूलना नहीं चाहिए की युद्ध के भूमि में हमारे सामने टिक नहीं पाते हैं ।शायद यही वजह है कि वह मौखिक बयानबाजी करके अपने मन की भड़ास को बाहर निकालती है। पाकिस्तान को



चाहिए कि जिस प्रकार उसके विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने प्रधानमंत्री मोदी के ऊपर अभद्र टिप्पणी की उसी प्रकार सामने आकर क्षमा याचना करें।कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे भाजयुमो के जिला अध्यक्ष अमलेश सिंह ने कहा कि आज भारतीय जनता युवा मोर्चा का एक एक सिपाही आक्रोशित है। उसका कारण है पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो के द्वारा भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऊपर किए जाने वाले अभद्र टिप्पणियां, भारतीय जनता युवा मोर्चा पाकिस्तान और पाकिस्तान के विदेश मंत्री का पुतला दहन कर इस बात पर कड़ा प्रतिरोध जताती है। पाकिस्तान अगर आर्थिक रूप से कमजोर पड़ रहा है अगर उसकी कमर टूट रही है तो उसे चाहिए कि वह उस दिशा में काम करें ना ही हमारा देश जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व में प्रकाश की गति से आगे बढ़ रहा है। उससे द्वेष रखकर माथा पटकने से पाकिस्तान को कुछ नहीं मिलने वाला। पाकिस्तान अपने इस दुस्साहस के लिए भारत के प्रधानमंत्री से, भारत की 130 करोड़ जनता से करबद्ध होकर माफी मांगे।कार्यक्रम में मुख्य रूप से नितिन भट्ट, संजय झा, तमाल राय, मानस प्रसुन, मिल्टन पार्थ सारथी, चन्द्र शेखर मुन्ना, मुकेश पांडे,जयंत सिंह चौधरी,अवधेश साव, रवि मिश्र, नितिन शर्मा,सोनू रवानी, नित्यानन्द मण्डल,निर्मल प्रधान, मौसम सिंह, शिवेन्द्र सिंह, पिंटू सिंह जिला परिषद सदस्य, आनंद खंडेलवाल, रामजी मिश्रा, जीत सोनी, तरुण शर्मा, मिथिलेश राम, उमेश सिंह, उमेश सिंह, सचीन पासवान, अरुण सिंह, रवि मिश्रा, उपेन्द्र कुमार,सूरज चौहान,दिलीप सिंह,सचिन सिंह सगर रवानी,राहुल, सोनी,यश झा, बेबी यादव सहित युवा मोर्चा के अनेक सदस्य मौजूद थे।

## संवेदक संघ ने शनिवार को भी बहिष्कार जारी रखा।

( आर एन चौरसिया )

धनबाद, आज पुनः संवेदक संघ ने बहिष्कार जारी रखा । साथ ही विशेष बोर्ड की बैठक में संवेदको की एक बात छोड़कर सारी बातों को मान लिया



गया। अध्यक्ष द्वारा यह आश्वस्त क्या कि आप जिला परिषद का एक अभिन्न अंग है ।आपका सम्मान और साथ मिलने से जिला परिषद की उन्नति में नई गति आएगी। वहीं कुछ समर्थकों ने आक्रोश जताया था कि कल निविदा बिक्री करने के समय खत्म होने के बाद भी निविदा बेचा गया है मनमानी ढंग से । जोकि सरासर गलत है, और आज नहीं होना चाहिए।

इसीलिए हमारे आंखों के सामने इसे बंद कराया जाए। आज एक ग्रुप में सिंगल पेपर बिका और सभी संवेदको ने मिलकर के अपनी आंखों के सामने इसे बंद करवाने का काम किया। वही संघ के अध्यक्ष अकाश रवानी ने सभी संवेदको से अपील की कि निविदा संख्या 3 में जिला परिषद के निबंधित सभी संवेदक भाग लेंगे और इसे सफल बनाएंगे।कार्यक्रम में मुख्य रूप से निताई चंद्र गोराई, निर्मल उपाध्याय, पप्पू चौरसिया ,राजेश सिंह, शंकर भगत, नागेंद्र सिंह ,सपन मंडल ,शंकर सिंह, नौशाद खान ,कुणाल गुप्ता ,फिरोज अंसारी, राज नारायण पाठक, संदीप मंडल, कृष्णा महतो, समीर रवानी ,रशाद खान, आशीष पासवान, उपेंद्र यादव,सहित सैकड़ों संवेदक मौजूद थे।

## अपर समाहर्ता ने दिया अभियान चलाकर लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश

### आउटसोर्सिंग कंपनियों के पास स्थित वे - ब्रिज की जांच करने का निर्देश

(आर एन चौरसिया)

धनबाद, अपर समाहर्ता , नंदकिशोर गुप्ता ने आज राजस्व संग्रहण को लेकर समाहरणालय के सभागार में विभिन्न विभागों के साथ बैठक की।



विभिन्न विभागों की समीक्षा करने के बाद उन्होंने सभी विभागों से अभियान चलाकर लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश दिया।

अपर समाहर्ता ने माप तौल विभाग को आउटसोर्सिंग कंपनियों के पास स्थित वे - ब्रिज ,वजन कांटा की जांच करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा आउटसोर्सिंग कंपनियों से कोयला निकलने के बाद वजन में भारी अनियमितता देखने को मिलती है। उन्होंने नाप तौल विभाग को आउटसोर्सिंग कंपनियों के पास स्थित कम से कम 10 वे - ब्रिज की जांच कर अपना प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया।

बैठक में वाणिज्य कर, उत्पाद, निबंधन, राष्ट्रीय बचत, मत्स्य, नाप तौल, विद्युत, परिवहन, नीलाम पत्र, पेयजल, नगर निगम, कृषि सहित अन्य विभागों की समीक्षा की गई।

बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी, राजेश कुमार सिंह सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी मौजूद थे।

## रविंद्र वर्मा के आवासीय कार्यालय परिसर में जरूरतमंदों को 180 कंबल का किया वितरण

(आर एन चौरसिया) धनबाद, झारखंड प्रदेश कांग्रेस के महासचिव रविंदर वर्मा के आवासीय कार्यालय के परिसर में रविंदर वर्मा, धनबाद जिला 20 सूत्री के सदस्य से धनबाद जिला के वरिष्ठ कांग्रेस नेता जोगिंदर सिंह जोगी



एवं कुशवाहा महासभा के जिलाध्यक्ष लालबाबू कुशवाहा के द्वारा जरूरतमंद महिलाओं एवं बच्चों को 180 कम्बलों का वितरण किया गया। कंबल पाकर महिलाओं ने कहा किस बढ़ती ठंड में इसकी बहुत जरूरत थी ।उन्होंने झारखंड सरकार और रविंदर वर्मा को धन्यवाद दिया।कंबल वितरण कार्यक्रम में रविंद्र वर्मा ने कहा झारखंड सरकार द्वारा गरीबों को ठंड से बचाने के लिए उपलब्ध कराए गए कंबल का वितरण किया गया है ।इसके लिए हमारी टीम ने जरूरतमंदों को चिन्हित कर प्रथम चरण का कंबल बांटा है अभी और भी जरूरतमंद लोगों की सूची तैयार कर कंबल का वितरण किया जाएगा । ताकि वे लोग ठंड से ना ठीठूरे। कंबल वितरण कार्यक्रम में धनबाद नगर कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष, संदीप कुमार कुकू, अमर प्रसाद, भास्कर झा सहित सैकड़ों कंबल लाभार्थी मौजूद थे।

## बी एन एम यू के समाज शास्त्र विभाग में सात दिवसीय वर्कशॉप की तैयारी तेज

### विभिन्न विश्वविद्यालयों के विद्वानों को बनाया गया है सदस्य

### 23 से 29 दिसंबर तक सात दिनों तक चलेगा वर्कशॉप

मधेपुरा ।बीएनएमयू के समाजशास्त्र विभाग में न्यू ट्रेंड्स इन रिसर्च मेथोडोलॉजी पर सात दिवसीय वर्कशॉप के आयोजन के लिए तैयारी तेज कर दी गई है। वर्कशॉप को लेकर शिक्षकों की एक बैठक एचओडी डॉ कुलदीप यादव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में न्यू ट्रेंड्स इन रिसर्च मेथोडोलॉजी पर सात दिवसीय वर्कशॉप के आयोजन को लेकर विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया। आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ कुलदीप यादव ने बताया कि इसके लिए कुलपति डॉ आरकेपी रमण को संरक्षक, डॉ सदय कुमार को आयोजन सचिव और डॉ विवेक प्रकाश सिंह को संयुक्त सचिव बनाया गया है। डॉ यादव ने बताया कि वर्कशॉप आयोजन के लिए सीएम साइंस डिग्री कॉलेज मधेपुरा के वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ संजय कुमार उर्फ संजय परमार को मीडिया इंचार्ज बनाया गया है। जबकि आगेनाईजिंग कमेटी में डॉ चंद्रमणि, राजकुमार, डॉ सुजा जाहिद अनवर, मनीष कुमार, शिल्पी शुभम, नमिता कुमारी, उपासना कुमारी, कृष्ण देव यादव, सूरज कुमार, धीरेंद्र कुमार, शुभम कुमार, बृजेश कुमार सिंह, विकास कुमार, पूनम कुमारी, प्रज्ञा गौतम, पूजा कुमारी, रूमा कुमारी को बनाया गया है। जबकि एडवाइजरी कमिटी में पटना यूनिवर्सिटी के पूर्व वाइस चांसलर डॉ जेपी सिंह, पाटलिपुत्र यूनिवर्सिटी के पूर्व प्रति कुलपति डॉ आरके मल्लिक, डीएसडब्ल्यू राजकुमार सिंह, डीन डॉ उषा सिन्हा, डॉ नवीन कुमार, डॉ अशोक कुमार, विश्वनाथ झा, प्रभात कुमार सिंह, रश्मि, आरके राणा, डॉ मिहिर कुमार ठाकुर, डॉ सीपी सिंह और आइक्यूएसी के डायरेक्टर डॉ नरेश कुमार को मेंबर बनाया गया है। उन्होंने बताया कि वर्कशॉप को लेकर प्रतिभागियों में उत्साह का माहौल है। प्रतिभागी पंजीयन करा रहे हैं ।वर्कशॉप में रिसर्च पर सैद्धांतिक और न्यू ट्रेंड्स लिटलेचर का रिव्यू,एंटी प्लैग्रिज्म, केस एनालिसिस, रिसर्च डिजाइन, रिसर्च पेपर का प्रकाशन सहित अन्य जानकारी दी जाएगी। वर्कशॉप में रिपोर्ट तैयार करने की विभिन्न विधि, शोध संकलन और निष्कर्ष प्रस्तुत करनाऔर ऐसे सभी कार्यों के लिए डिजिटल टेक्नोलॉजी का बेहतर उपयोगकी जानकारी देने राष्ट्रीय स्तर के विद्वान अपनी बात रखेंगे।

